माघ शुक्ल पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 20 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 3, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 16

माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज 15

राजनीति छोड़ यूपी से सीखिए, सभी राज्य लें संकल्प

- प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश और योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा कर सभी राज्यों और राजनीतिक दलों को दिया संदेश
- बोले, आपने जितना कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी@4.0

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में शामिल हुए और रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं की शुरुआत की। चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी। प्रधानमंत्री ने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश की प्रशंसा की और अन्य राज्यों को सीखने का संदेश दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दलों से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और उत्तर प्रदेश से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब उत्तर प्रदेश की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने स्वयं को उत्तर प्रदेश का सांसद बताकर यहां से जुड़ी हर उपलब्धि पर गर्व जताया। कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि उद्योग जगत के साथियों के लिए उत्तर प्रदेश में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी सोचा नहीं होगा जितनी तेजी से उत्तर प्रदेश अपने संकल्पों को पूरा कर रहा है। मोदी ने इस बात को इंगित किया कि चुनाव सिर पर होने के बावजूद निवेशक पूरे विश्वास के साथ सरकार की नीतियों, योजनाओं, प्रस्तावों के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सात साल पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि उप्र. में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीना झपटी यही खबरें आती रहती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि उत्तर प्रदेश को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है। ये उद्योग इस राज्य की तस्वीर बदलने वाले हैं। मोदी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में बीते सात साल में रेड टेप कल्चर को खत्म करके रेड कार्पेट कल्चर का माहौल बना है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित विभिन्न उद्योग समूहों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी की शुरुआत की और स्टालों को देखा इस दौरान उनके साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह समेत औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी और राज्यपाल आनंदी बेन।

रक्षामंत्री ने की मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तारीफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है, जो राज्य को विकास के पथ पर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि किसी भी विचार, घटना या मुद्दे को अलग तरीके से देखने का प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आश्वस्त हूं कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ेगा और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश को वैश्विक पटल पर आगे ले जाएंगे।

- रिमोट का बटन दबाकर किया 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदर्शनी देखी

प्रदर्शनी में एक स्टॉल का अवलोकन करते प्रधानमंत्री।

प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन की खास बातें

- जब भी पर्यटन को निकलें, कुल बजट के 20 प्रतिशत से लोकल वस्तु अवश्य खरीदें
- उत्तर प्रदेश में ना केवल क्राइम कम हुआ बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ
- चुनाव नजदीक होने पर लोग नए निवेश से बचते हैं किंतु उत्तर प्रदेश ने सोच तोड़ दी
- तब की सरकारों की सोच थी कि नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ, तरसा के रखो
- मोदी की गारंटी के साथ ही पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न देने की गारंटी मान रही
- पुरानी सोच को हमने बदला, जीवन आसान होगा तो निवेश-कारोबार भी आसान होगा
- जबतक हर लाभार्थी को उसका हक नहीं मिलता, हमारी सरकार शांत नहीं बैठने वाली
- यही वो समाजिक न्याय है, जिसका सपना जेपी नारायण और लोहिया जी ने देखा था
- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मुफ्त बिजली मिलेगी, अतिरिक्त कमाई भी होगी
- देश-दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर पहुंचना चाहिए भारत में उत्पादित खाद्य पदार्थ

योगी ने श्रीगणेश की मूर्ति भेंट कर किया स्वागत

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री का आभार जताते हुए आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। योगी ने यहां अपने संबोधन में यूपी की व्याख्या 'अनलिमिटेड पोटेंशियल' शब्दावली से की।

जब योगी की नम आंखें बनीं चर्चा का विषय

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगभग 15 मिनट के स्वागत के भाषण के बीच अचानक उनकी नम होतीं आंखे देखकर सभी चौंक गए। प्रधानमंत्री ने भी इस पर गौर किया। पहले ऐसा लगा कि योगी की आंखों में कुछ चला गया है और उन्हें अपनी पलकें तेजी से झपकाते हुए लगभग बंद कर लेनी पड़ रहीं हैं। हालांकि योगी ने न तो अपना संबोधन रोका और न ही वह शब्दों से डगमगाए। इसी बीच उन्होंने अपना भगवा रंग का रुमाल निकाल कर आंखें पोंछ लीं। योगी के इस संकल्प-शक्ति की चर्चा रही, सभी ने प्रशंसा की।

कांग्रेस के लोग परिवार को ही भारत रत्न देते रहे

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कुछ ही दिन पहले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया है। दुर्भाग्य से ये बात कांग्रेस और उसके सहयोगियों को समझ में नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं। दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। ये लोग केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे हैं।

एक नजर

ईडी के छठे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को आबकारी नीति मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी के छठे समन को अवैध बताते हुए कहा कि एजेंसी को केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। ईडी ने छठी बार समन भेजा है।

चंदा कोचर व उनके पति की गिरफ्तारी अनुचित

मुंबई। बम्बई उच्च न्यायालय ने ऋण धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं सीईओ चंदा कोचर तथा उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को 'सत्ता का दुरुपयोग' करार देते हुए कहा कि कोचर दंपती की गिरफ्तारी 'बिना सोचे समझे' और कानून का उचित पालन किए बिना की गई थी।

रिश्वत लेते हुए ईपीएफओ अधिकारी गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने सोमवार को सॉफ्टवेयर कंपनी से दो लाख रुपये रिश्वत लेते हुए ईपीएफओ के अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। तमिलनाडु के तिरुनेवेली में ईपीएफओ अधिकारी पी. काबिलन ने एक कंपनी को केंद्र की योजना में मिली तीन करोड़ रुपये में से 15 लाख रुपये रिश्वत मांगी थी।

एमएसपी की कानूनी गारंटी पर अड़े किसान

हरियाणा-पंजाब की शंभू सीमा पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान।

चंडीगढ़, एजेंसी

- केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद लेंगे निर्णय

सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दलहन, मक्का और कपास खरीदने के केंद्र के प्रस्ताव पर किसान चर्चा करने के बाद ही कोई निर्णय लेंगे, लेकिन उन्होंने तय किया है कि वे फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की अपनी मांग से भी पीछे नहीं हटेंगे। एमएसपी पर किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति के बीच रविवार को बैठक हुई थी जिसके बाद केंद्र की ओर से किसान नेताओं को एमएसपी पर दालों व कपास की खरीद के लिए प्रस्ताव दिए गए थे।

'दिल्ली चलो' अभियान को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर डटे हुए हैं। शंभू सीमा पर संवाददाताओं से किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि केंद्र की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर किसान चर्चा करेंगे। कहा कि किसान एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून की अपनी मांग से पीछे नहीं हटे हैं और न ही कभी पीछे हटेंगे। किसान नेताओं से बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि एनसीसीएफ और नेफेड जैसी सहकारी समितियां उन किसानों के साथ एक समझौता करेंगी जो तुअर दाल, उड़द दाल, मसूर दाल या मक्का के खेती करते हैं ताकि उनकी फसल अगले पांच वर्षों के लिए एमएसपी पर खरीदी जा सके। फसल खरीद की मात्रा की कोई सीमा नहीं होगी और इसके लिए एक पोर्टल भी तैयार किया जाएगा। गोयल ने यह भी प्रस्ताव दिया कि भारतीय कपास निगम पांच साल तक एमएसपी पर किसानों से कपास खरीदेगा।

मांग न पूरी हुई तो 21 से दिल्ली चलो मार्च

किसान नेताओं ने कहा कि वे सोमवार और मंगलवार को सरकार के प्रस्ताव को लेकर चर्चा करेंगे और उसके बाद आगे का फैसला लेंगे। पंधेर ने अन्य मांगों के समाधान की उम्मीद भी जताई थी और कहा था कि 'दिल्ली चलो' मार्च फिलहाल रुका हुआ है, लेकिन अगर सभी मुद्दे नहीं सुलझे तो 21 फरवरी को सुबह 11 बजे फिर से शुरू होगा। गोयल ने रेखांकित किया कि किसानों की अन्य मांगें नीति-आधारित हैं और गहन चर्चा के बिना समाधान संभव नहीं है।

सचिवालय कार्मिकों के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू हुई

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सोमवार को सचिवालय कार्मिकों के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारम्भ किया। यह बस सेवा नियमित रूप से सुबह कार्मिकों को सचिवालय कॉलोनी केदारपुरम से सुभाष रोड सचिवालय पहुंचायेगी और शाम को वापस केदारपुरम छोडेग़ी। मुख्य सचिव ने कहा कि इलेक्ट्रिक बस सेवा से ट्रैफिक समस्या को कम करने में भी सहायता मिलेगी। ट्रैफिक समस्या के समाधान तथा पर्यावरण पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक परिवहन को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

वन आरक्षी-सहायक लेखाकारों को दिए नियुक्ति पत्र

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जन सेवाओं को आसान बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र गढ़ी कैंट में वन विभाग की ओर से आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने चयनित 892 वन आरक्षी और 104 सहायक लेखाकारों को नियुक्ति पत्र दिए। नियुक्ति पाने वाले 104 सहायक लेखाकारों में 59 वन तथा 45 तकनीकी शिक्षा विभाग में शामिल हैं। वन विभाग के अधीन अप्रैल 2017 से अब तक समूह ग के विभिन्न 4406 पदों पर नियुक्ति की गई है, जिसमें जुलाई 2021 से अब तक 2,528 नियुक्तियां शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सभी कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब वे उत्तराखंड शासन, प्रशासन का हिस्सा बनने जा रहे हैं, अपेक्षा है कि सभी सच्ची लगन और मेहनत से कार्य करेंगे। वन व तकनीकि शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि युवाओं की तकनीकि दक्षता के लिए पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई कॉलेजों को अवस्थापना सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है। इनके माध्यम से गत वर्ष 65 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। यहां प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, वन प्रमुख (हॉफ) अनूप मलिक और सचिव तकनीकि शिक्षा रविनाथ रमन मौजूद थे।

चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वनमंत्री सुबोध उनियाल।

आदर्श चंपावत बनाना स्वप्न और संकल्प : धामी

मुख्यमंत्री धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में हिमालयन बास्केट का शुभारंभ किया। उन्होंने चंपावत से वर्चुअल जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा स्वप्न और संकल्प है कि एक आदर्श चंपावत बनाएं। इसके लिए चंपावत के जो भी उत्पाद हैं, वो सभी आदर्श होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयन बास्केट की शुरुआत वर्ष 2018 में सुमित और स्नेहा थपलियाल ने की थी। दोनों ने डेयरी, खेती और उनके पहलुओं से संबंधित विकल्पों पर विचार कर हिमालयन बास्केट की स्थापना का निर्णय लिया। वे दूध, हल्दी, पुदीना जैसे कृषि उत्पाद खरीदकर इनसे अलग-अलग उत्पाद बनाकर विदेशों में भेजते हैं।

यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का अद्भुत पल : मोदी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संभल जिले के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का एक और अद्भुत क्षण है। आज यूपी में प्रभु राम और प्रभु कृष्ण की भूमि से भक्ति भाव और आध्यात्मिकता की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है। यहां आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी दोनों ही है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री सोमवार को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी व साधु-संतों के साथ ही भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री सीधे कल्कि धाम के गर्भगृह पहुंचे। उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्माओं ने वैदिक मंत्रों के बीच पूजन कराया। प्रधानमंत्री ने पूजन के बाद कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला को स्थापित किया। शिलान्यास के बाद सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने ही 22 जनवरी को देश ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए 500 साल के इंतजार को पूरा होते देखा है। अरब की धरती पर आबू धाबी में पहले विराट मंदिर के लोकार्पण के साक्षी भी बने हैं। अब हम यहां संभल में भगवान कल्कि धाम के शिलान्यास के गवाह बन रहे हैं। मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभर कर सामने आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कालखंड में हमने विश्वनाथ धाम के वैभव को काशी की धरती पर निखरता हुआ देखा है। महाकाल के महालोक की महिमा हमने देखी है। हमने सोमनाथ का विकास देखा है, केदार घाटी का पुनर्निर्माण देखा है। हम विकास और विरासत के मंत्र को भी आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे देश के संत और आचार्य नए मंदिर बनवा रहे हैं वैसे ही मुझे ईश्वर ने राष्ट्र रुपी मंदिर के नवनिर्माण का दायित्व सौंपा है। मैं दिन रात राष्ट्र रुपी मंदिर को भव्यता देने में लगा हूं उसके गौरव का विस्तार कर रहा हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां हर युवा को आजीविका और आस्था की गारंटी भी है। यही मोदी की गारंटी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वो न आस्था दे पाए और न ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि जैसे शबरी को राम के आने का विश्वास था वैसे ही उन्हें भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन का विश्वास था। प्रधानमंत्री के साथ जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, स्वामी कैलाशानंद ब्रह्मचारी व सद्गुरु रितेश्वर जी महराज भी मंचासीन रहे।

प्रधानमंत्री को श्रीकृष्ण का चित्र भेंट करते मुख्यमंत्री साथ में आचार्य प्रमोद कृष्णम व अन्य।

कल्किधाम

- प्रधानमंत्री ने संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में किया कल्कि धाम का शिलान्यास
- मोदी के नेतृत्व में आस्था का सम्मान व आजीविका की गारंटी दोनों हैं : योगी

मैदान में 20 तो पहाड़ में 30 मिमी तक बारिश का अनुमान, पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, फरवरी में दूसरी बार बिगड़ा मौसम

बदला मौसम, हल्द्वानी में शाम को हुई हल्की बूंदाबांदी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चुका है। सोमवार की रात से ही भारी बारिश होने का भी अनुमान है। अगले दो से तीन दिनों तक मौसम इसी तरह रहेगा। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है।

हल्द्वानी में सुबह के समय धूप निकली लेकिन अपरान्ह से ही बादल छा गए। साथ ही हवाएं भी चलने लगीं। पहाड़ों में भी इसी तरह का मौसम बना हुआ है। बादल छा रहे हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मौसम में बदलाव हो चुका है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। अगले तीन से चार दिनों तक मौसम इसी तरह से बदला रहेगा। मैदानी इलाकों में मंगलवार और बुधवार तक 15 से 20 मिमी तक बारिश होने का अनुमान है। पहाड़ों में गुरुवार तक 30 मिमी तक बारिश हो सकती है। ठंड के मौसम में इतनी बारिश को भारी बारिश माना जाता है। साथ ही 2800 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के भी आसार जताए गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं भारी बर्फबारी होने का ओरेंज अलर्ट जारी किया है।। साथ ही बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में अगले तीन दिनों तक कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इधर हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री दर्ज किया गया है। शहर में शाम के समय हल्की बूंदाबांदी भी हुई।

नैनीताल में बादलों के बाद ठंडा हुआ मौसम। ● अमृत विचार

फिर से बढ़ेगी ठंड

हल्द्वानी। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन से चार दिनों तक एक बार फिर से ठंड बढ़ने के आसार हैं। पहाड़ों में बर्फबारी होने से मैदानी इलाकों में भी ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट आएगी। 22 फरवरी से एक बार फिर से तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी। मौसम साफ होने के साथ ही धूप में तपिश भी बढ़ेगी।

> पश्चिमी विक्षोभ पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। फरवरी में एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। अगले तीन दिनों तक मौसम बदला रहेगा।
>
> **-डॉ. आरके सिंह, मौसम विज्ञानी, पंतनगर विश्वविद्यालय**

शहर के लिए बनेगा ड्रेनेज प्लान

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : रामनगर में बरसात का पानी नहरों और नालों में नहीं गिरेगा। बरसात के पानी की निकासी के लिए जल्द ही सिंचाई विभाग ड्रेनेज प्लान बनाने जा रहा है। सिंचाई विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली है। साथ ही विभागीय अधिकारियों ने ड्रेनेज प्लान के सर्वे के लिए उच्चाधिकारियों को सात लाख 93 हजार रुपये का प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव पास होते ही शहर में पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज प्लान बनाया जाएगा।

बता दें कि शहर में बरसाती पानी नहीं रुकने के लिए सिंचाई विभाग रूपरेखा तैयार करने जा रहा है। इससे लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। क्योंकि हर बारिश में शहर के कई क्षेत्र तालाब का रूप ले लेते हैं। बताया जा रहा है कि इसमें पूरे रामनगर का जिन-जिन क्षेत्रों में बरसात के पानी से जलभराव होता है, उन क्षेत्रों का सर्वे का कार्य अनुमति मिलने के बाद शुरू किया जाएगा। क्योंकि बहुत बार बरसात का पानी इकट्ठा होने से भी कई प्रकार की बीमारियां जन्म लेती हैं। ऐसे में अगर ड्रेनेज प्लान का रोडमैप कारगर साबित हुआ तो शहर को बरसात के पानी के इकट्ठा होने से निजात मिलेगी। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि रामनगर शहर में बरसात के पानी की निकासी सिंचाई नहरों के माध्यम से होती है। उन्होंने बताया कि विभाग शहर की नहरों के कवरिंग का कार्य करने जा रहा है। नहरों के कवर होने के बाद बरसात के पानी की निकासी एक बड़ी समस्या बन सकती है। इसके लिए रामनगर का ड्रेनेज प्लान बनाने की तैयारी की है। शासन से बजट मिलते ही ड्रेनेज प्लान बनाया जाएगा।

सिंचाई विभाग का कार्यालय।

सार-संक्षेप

मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई

हस्ताक्षर अभियान के तहत मौजूद लोग व अधिकारी।

भीमताल : मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत विकासखंड धारी के एसडीएम कार्यालय, विकासखंड कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय धारी और समस्त विद्यालयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। तहसील धारी में तहसीलदार डॉ. ललित मोहन तिवारी, रजिस्ट्रार कानूनगो हेम चन्द्र पलड़िया, सहायक खंड विकास अधिकारी संजय गांधी, स्वीप कोऑर्डिनेटर दीपा रैकवाल, राजेश कुमार पांडे ने शपथ ली।

कृष्णापुर क्षेत्र में खुले में बह रहा सीवर

नैनीताल। नगर में लगभग हर रोज कहीं न कहीं खुले में सीवर के रिसाव से संबंधित विभाग जल संस्थान की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। वहीं एक बार फिर से तल्लीताल कृष्णापुर क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिर के ठीक सामने खुले में सीवर बह रहा है। इससे स्कूली छात्रों सहित आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद विभाग इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। सीवर की गंदगी से लोगों का जीना दूभर हो चुका है।

खुले में बह रहा सीवर।

भीमताल झील में समा रहा सीवर का गंदा पानी

भीमताल : भीमताल के डांठ क्षेत्र में एक होटल व्यवसायी द्वारा अपने होटल का जमा सीवर बरसात होते ही तालाब में बहा देने से स्थानीय जनता में काफी रोष है। पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज भट्ट ने बताया कि मामला डांठ का है। यहां के स्थानीय लोगों द्वारा मामले की जानकारी देते हुए इस सीवर की वीडियो भी बनाई गई है। इन लोगों के द्वारा अवगत कराया गया है कि संबधित होटल की सीवर लाइन बरसात होते ही चोक हो जाती है और पूरा गंदा पानी भीमताल की झील में समा रहा है। उन्होंने इस संबध में मामला उच्च अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में लाने का आश्वासन स्थानीय निवासियों को दिया है।

ई-केवाईसी को पूरा करने के लिए 10 दिवसीय अभियान

भीमताल : प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि के लिए लंबित ई-केवाईसी को पूरा करने के लिए कामन सर्विस सेंटर के सहयोग से 12 से 21 फरवरी तक 10 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए ग्राम स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें ग्राम नोडल अधिकारी और कामन सर्विस सेंटर के सहयोग से लंबित किसानों की ई-केवाईसी को पूरा किया जाएगा।

नैनीताल बैंक के बॉब में विलय को लेकर कर्मचारी लामबंद

नोएडा स्थित नैनीताल बैंक के कार्यालय में हुई टाउन हॉल बैठक

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल बैंक के कर्मचारियों ने सेक्टर 62 नोएडा स्थित नैनीताल बैंक के दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय में बैंक प्रबंधन की ओर से टाउन हॉल मीटिंग का आयोजन किया।

बैठक में अधिकारियों व कर्मचारियों ने बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) के नैनीताल बैंक में अपनी अंशधारिता को बेचने के लिए किए गए विरोध का सामाधान तलाशने पर चर्चा की। पिछले कई महीनों में हुए घटनाक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा ने नैनीताल बैंक में अपनी अंशधारिता को बेचने पर कर्मचारियों और अधिकारियों ने उग्र विरोध किया था। कार्यक्रम के दौरान सभी बैंक यूनियंस ने बॉब प्रबंधन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि आरबीआई और संसदीय कार्यकारिणी समिति की ओर से प्रस्तावित और अनुमोदित नैनीताल बैंक के बॉब में विलय संबंधी प्रस्ताव का पालन नहीं किया गया तो यूनियन हड़ताल, धरना प्रदर्शन और संसद से लेकर सड़क तक विरोध करने को लामबंद होगी। यूनियन की मांग को ध्यान में रखते हुई बॉब प्रबंधन से विनय कुमार ने 10 दिन के भीतर बॉब प्रबंधन के उच्च अधिकारियों से यूनियन की मुलाकात कराने और उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया। बैंक ऑफ बड़ौदा प्रबंधन की ओर से एमडी व सीईओ निखिल मोहन, नैनीताल बैंक और अन्य प्रबंधन के प्रतिनिधि सहित पीयूष पयाल, शैलेंद्र राजपाल, प्रवीण साह, निशा कामत, रूपल पांडे, प्रवीण रावत, राजेश पांडे, मुकेश पंत आदि उपस्थित रहे।

विलय के लिए एकजुट हुए बैंक के कर्मचारी। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा दंगाइयों पर कार्रवाई काबिले तारीफ

नैनीताल। सोशल मीडिया में जिलाधिकारी वंदना सिंह के विरुद्ध बनभूलपुरा की घटना को लेकर चलाए जा रहे अभियान की भाजपाइयों ने कड़ी आलोचना की है।

उन्होंने इसे दंगाइयों के समर्थकों की करतूत बताया। साथ ही वामपंथी विचारधारा पोषित तथाकथित वामपंथी लोगों की जिलाधिकारी के विरुद्ध जारी फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट को मनगढ़ंत और तथ्यों से परे होने के साथ ही समाज में विलुप्त होने की खीज बताया है।

वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अरविंद पडियार व उमेश भट्ट ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया में "#अरेस्ट वंदना सिंह" कैंपेन चलाया गया, इसके विरोध में आई सपोर्ट वंदना सिंह अभियान ट्रेड करने लगा तो कट्टरपंथी भाग खड़े हुए। कहा कि जिलाधिकारी ने पूरे घटनाक्रम को जिस तरह से नियंत्रित किया गया, वह अत्यंत जरूरी था।

नाबार्ड से स्वीकृत 1940 पॉलीहाउस नहीं बन सके

कैसे होंगे अन्नदाताओं के अरमान पूरे

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : नैनीताल जनपद में काश्तकारों की आर्थिक स्थिति को सुधारने और बेमौसमी सब्जी का उत्पादन करने के लिए प्रदेश सरकार ने नाबार्ड के तहत 1940 पॉलीहाउस स्वीकृत किए।

इसके साथ ही इनको बनाने वाली पूर्व में कार्य कर रही कंपनियों के नए मानक निर्धारित कर दिए। पूर्व में जहां कंपनियों के लिए मात्र कुछ सरल शर्त थी वहीं नए मानकों के अनुसार पॉलीहाउस बनाने वाली कंपनी का टर्न ओवर पांच करोड़ न्यूनतम होने के साथ-साथ कुछ और शर्तें लागू कर दीं। इसके चलते उत्तराखंड में पॉलीहाउस का कार्य कर रहीं अधिकांश कंपनी पॉलीहाउस बनाने के कार्य करने से बाहर हो गईं। बहुत से लोग तो बेरोजगार हुए ही वहीं पूर्व में कार्य कर रही कंपनी नये नियम को लेकर हाईकोर्ट चले गए और इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में नाबार्ड में इस योजना के तहत जहां 1940 पॉलीहाउस निर्मित होने थे, एक भी निर्मित नहीं हो पाया। मालूम हो कि शासन की मंशा छोटे से छोटे काश्तकार को लाभांवित करने की थी। इसके तहत 50 वर्ग मीटर से लेकर 500 मीटर तक पॉलीहाउस का निर्माण होना था। मालूम हो कि पर्वतीय क्षेत्र में जहां छोटे-छोटे खेत होते हैं और उपज भी ज्यादा नहीं हो पाती है। ऐसे में पॉलीहाउस में साग सब्जी का उत्पादन कर काश्तकार अपनी आजीविका चलाते हैं। बेमौसमी सब्जी और सलाद आदि की सब्जी पैदा कर आमदनी करते हैं। पॉलीहाउस का निर्माण नहीं होने के कारण निराश हैं।

> मामला हाईकोर्ट में लंबित है। पर विभाग ने जिला योजना से पूरे जनपद में 1800 वर्ग मीटर पॉलीहाउस का निर्माण किया है।
>
> **-आरके सिंह, मुख्य उद्यान अधिकारी**

द्वितीय सरसंघचालक की जयंती मनाई गई

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की जयंती को राष्ट्रीय साहित्य बिक्री दिवस के रूप में मनाया गया।

नगर के सभी केंद्रों में राष्ट्रीय साहित्य के बिक्री स्टॉल लगाए गए। साहित्य पुस्तकों में संघ परिचय, डॉ. हेडगेवार, वीर सावरकर की जीवनी और भारत की महान नारियां, प्रेरक बाल कथाएं, पर्यावरण प्रेमी, हिंदू दृष्टि, उत्तराखंड की महान विभूतियां: परमवीर चक्र प्राप्त विभूतियां, श्रीराम का साहित्य आदि रहा। आरएसएस के जिला प्रचार प्रमुख नवीन भट्ट ने बताया कि संघ के द्वितीय सरसंघचालक के जीवन से स्वयंसेवकों को नई दिशा मिलती है। तल्लीताल बाजार डांठ में बुक स्टॉल लगाया गया। इस दौरान नगर विस्तारक कमलेश, नगर कार्यवाह उमेश सिंह, नगर प्रचार प्रमुख चन्दन जोशी, पंकज भट्ट, दीपक मेलकानी, भावेश सिंह मौजूद रहे।

महोत्सव में उत्तराखंड संस्कृति की छटा बिखरी

संवाददाता, हल्दूचौड़

अमृत विचार : हल्दूचौड़ ऑनलाइन संस्था के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय हल्दूचौड़ महोत्सव (सीजन-5) में सुप्रसिद्ध लोक गायक जीतेन्द्र तोमग्याल और प्रहलाद मेहरा के गीतों पर लोग झूमते नजर आए।

वीर महाराणा प्रताप थारू सांस्कृतिक समिति खटीमा के बंटी राणा ग्रुप व बिन्दुखत्ता के सांस्कृतिक दलों ने उत्तराखंड की सांस्कृतिक छटा बिखेरी। प्रतियोगिता के निर्णायक- राकेश कुमार व रिया बिष्ट थे। लिटिल मास्टर्स (डांस प्रतियोगिता) में प्रथम- अवनी बिष्ट, दूसरा-श्रेया कबड़वाल, तीसरा- नमन एंड विराट थे, जबकि मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम-प्रिया तौलिया, दूसरा-प्रिया गुप्ता, तीसरा-रिया उप्रेती थे।

कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

महिला के सिर पर वार करने वाले को गिरफ्तार किया

भीमताल : खनस्यू पुलिस ने रंजिशन एक महिला के सिर पर वार करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। 16 फरवरी को किशन राम निवासी ग्राम भुमका पो. नाई थाना खनस्यू नैनीताल ने थाने में शिकायत की थी कि ललित मोहन निवासी भूमका ने पानी के पाइप लगाने व तोड़ने को लेकर रंजिश से उनकी मां के सिर पर लकड़ी की फंटी से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच करने के बाद ललित मोहन को ग्राम नाई भूमका खनस्यू से गिरफ्तार कर वार करने में प्रयुक्त की गई लकड़ी की फंटी के दो टुकड़े भी बरामद कर लिए। इस दौरान पुलिस टीम में उनि देवेन्द्र सिंह राणा, हेड कांस्टेबल दीप चन्द, महिपाल राणा, जयकिशन राणा मौजूद थे।

ठेकेदार ने शुरू नहीं किया काम, निरस्त होगा टेंडर

भीमताल : जल जीवन मिशन के तहत विभिन्न ग्राम सभाओं में हर घर तक नल व पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जबकि ग्रामसभा नगारीगांव के फरसौली व नगारीगांव में इस योजना के तहत अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। इससे ग्रामीणों में काफी रोष है। जल जीवन मिशन के तहत फरसौली व नगारीगांव में कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ। जबकि इस योजना के तहत फरसौली क्षेत्र में एक बोरिंग व पाइपलाइन बिछाने का कार्य होना है। इसकी टेंडर प्रक्रिया विभाग ने पूर्ण कर ली है। इससे ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि ग्रामसभा के तिरछाखेत में जल जीवन मिशन के कार्य चल रहे हैं। जल्द ही नगारीगांव व फरसौली में भी पाइप लाइन बिछाने का कार्य होगा। उन्होंने बताया फरसौली में रोडवेज कार्यशाला के समीप बोरिंग भी होनी है। इसका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। बोरिंग का कार्य जल्द शुरू करने के लिए वार्ता की जा रही है। वहीं जेई हर्षित आर्य ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। लेकिन ठेकेदार ने कार्य शुरू नहीं किया है। कई बार ठेकेदार को कार्य शुरू करने को कहा जा चुका है। यदि जल्द ठेकेदार कार्य प्रारंभ नहीं करता तो टेंडर निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

रामनगर : सरकार की जन लाभकारी योजनाएं हर घर, हर गांव में पहुंचाने की जिम्मेदारी भाजपा कार्यकर्ताओं की है। यह बात विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान के दौरान कही। पायते वाली रामलीला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिले इस दिशा में सभी को प्रयास करने होंगे। नगर मंडल अध्यक्ष मदन जोशी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में जिला मंत्री योगेश रजवार ने कहा कि लोक सभा चुनाव सिर पर है इससे पहले लोगों को सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी हम लोगों की है। जिला उपाध्यक्ष रुचि गिरी, कार्य संयोजक राकेश अग्रवाल, भागीरथ लाल चौधरी, पूरन नैनवाल मौजूद रहे।



एक नजर

ओवरलोड मैक्स खाई में गिरी, 10 लोग घायल

धानाचूली : जैंती जा रही मैक्स धारी तहसील के पास खाई में गिर गई। घटना ओवरलोड और तेज रफ्तार की वजह से हुई। सोमवार को मैक्स संख्या यूके 04 टीए 2025 हल्द्वानी से सवारी भर कर जैंती (अल्मोड़ा) जा रही थी। धारी तहसील मुख्यालय से महज 500 मीटर बाद नौलाखान के पास अनियंत्रित होकर 20 मीटर गहरी खाई में गिर गई। घटना में 3 यात्री गंभीर व 7 मामूली घायल हुए। वाहन में 12 लोग सवार थे। दुर्घटना में वाहन चालक जीवन चंद्र (32 वर्ष) निवासी दमुवाढूंगा, मधुलिका (38 वर्ष) निवासी हाइडिल, दीपा बोरा (36 वर्ष) निवासी देवलचौड़, नीतू उपाध्याय (40 वर्ष) निवासी हिम्मतपुर गम्भीर रूप से घायल हैं जबकि मंजू शर्मा (32 वर्ष) निवासी दमुवाढुंगा, अर्चना आर्य (37 वर्ष) निवासी कठघरिया, षष्टी दत्त जोशी (70 वर्ष) निवासी, बच्ची सिंह (62 वर्ष), सुजीत विश्वास (38 वर्ष) निवासी, बीना जोशी (35 वर्ष) निवासीगण अल्मोड़ा घायल हैं।

सोमवार को फुल रही पार्किंग, 150 से अधिक वाहन मरम्मत के लिए थे पहुंचे, 90 प्रतिशत वाहन मिस्त्रियों की दुकानें बंद, 10 प्रतिशत ही कर रहे काम

ट्रांसपोर्ट नगर में वाहनों की कतार, मिस्त्री-मजदूरों की कमी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर में स्थिति सामान्य होने लगी है, लेकिन व्यापार को पटरी पर आने में समय लग सकता है। बाजार में दुकानें तो खुली हैं लेकिन खरीदार नहीं हैं। ट्रांसपोर्ट नगर में भी वाहनों की कतार है पर मिस्त्री और मजदूरों की संख्या कम है। इस वजह से कारोबार धीमा पड़ा है।

आठ फरवरी को बनभूलपुरा में हिंसा की घटना के बाद जिला प्रशासन ने हल्द्वानी में कर्फ्यू लगा दिया था। बाजार समेत ट्रांसपोर्ट नगर में दुकानें बंद रही। कर्फ्यू में ढील मिलने के बाद अब दुकानें तो पहले की तरह खुल रही हैं, लेकिन कामकाज धीमा है। सोमवार को ट्रांसपोर्ट नगर की पार्किंग वाहनों से फुल रही। करीब 150 से अधिक वाहन मरम्मत के लिए पहुंचे थे लेकिन मिस्त्रियों की कमी के कारण वाहन दिनभर खड़े रहे।

हल्द्वानी ट्रांसपोर्ट नगर की पार्किंग में खड़े वाहन। ● अमृत विचार

व्यवसाईयों के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर में करीब 90 प्रतिशत समुदाय विशेष के लोग वेल्डर, खैरात मिस्त्री, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक, डेंटर और बॉडी लेबर का काम करते हैं। जिसमें से अधिकांश की दुकानें अब भी बंद हैं। मात्र 10 प्रतिशत ही वाहन मिस्त्री काम कर रहे हैं। वहीं ट्रांसपोर्टरों के पास माल ढोने के लिए मजदूरों की भी कमी है। इस वजह से माल को आगे भेजने में दिक्कत हो रही है।

बोले व्यवसायी

अधिकांश वाहन मिस्त्री काम पर नहीं लौटे हैं। माल ढोने के लिए लेबर भी नहीं है। इस वहज से कामकाज में दिक्कत हो रही है। उम्मीद है कि धीरे-धीरे कारोबार पटरी पर आ जाएगा। **-प्रदीप सब्बरवाल**, ट्रांसपोर्ट व्यवसाई

मिस्त्री न होने की वजह से मोटर पार्ट्स की बिक्री में काफी फर्क पड़ा है। कर्फ्यू में कामकाज पूरी तरह से ठप था। अब ढील लगने के बाद भी काम में तेजी नहीं आ पाई है। **- अमरजीत सिंह सेठी**, मोटर पार्ट्स व्यवसाई


ट्रांसपोर्ट में बाहर से माल तो पहुंच रहा है, लेकिन लेबर न होने से आगे नहीं भेज पा रहे हैं। इससे कामकाज धीमा पड़ गया है। लेबर के लौटने का इंतजार है। उसके बाद ही व्यवस्था पटरी पर आ पाएगी। **- खीमानंद शर्मा**, ट्रांसपोर्ट व्यवसाई

वाहनों की मरम्मत के लिए मिस्त्री नहीं मिल रहे हैं। जिस वजह से मोटर पार्ट्स की बिक्री भी कम हो गई है। वाहन स्वामी अन्य जगहों पर वाहनों को ठीक करा रहे हैं। **- ललित मोहन बिष्ट**, मोटर पार्ट्स व्यवसाई

छूटी हुई परीक्षाओं को कराने के निर्देश

हल्द्वानी, अमृत विचार: कर्फ्यू की वजह से चार स्कूलों में गृह परीक्षाओं से कुछ बच्चे वंचित रह गए थे। इन परीक्षाओं को मंगलवार से कराए जाने के निर्देश जारी हो गए हैं।

हल्द्वानी में उपद्रव के बाद आठ फरवरी की शाम से कर्फ्यू लगा दिया गया था। इस 11 फरवरी को बनभूलपुरा थाना क्षेत्र को छोड़कर बाकी जगहों में स्कूल खोल दिए गए थे। इस वजह से राइका बनभूलपुरा, राबाइका बनभूलपुरा, राउमावि गांधीनगर और ललित आर्य महिला इंटर कॉलेज में गृह परीक्षाओं से कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्र के बच्चे वंचित रह गए। अवरुद्ध गृह परिक्षाओं को दोबारा कराने के आदेश जारी हुए हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने कहा कि 19 फरवरी के बाद निर्धारित प्रश्न पत्रों की परीक्षा निर्धारित तिथि को करायी जाए। कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र के विद्यालयों की छूटी हुई परीक्षाओं के लिए पृथक से निर्देश जारी किए जाएंगे।

दंगाई के घर से मिले पेट्रोल बम और पीएसी से लूटे कारतूस

बनभूलपुरा दंगे के 12वें दिन पुलिस ने गिरफ्तार किए 10 और दंगाई, अब तक 68 दंगाइयों की हो चुकी है गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे में पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। दंगे के 12वें दिन पुलिस ने 10 और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो नामजद आरोपी भी हैं और दो ऐसे, जिन्होंने दंगे के दौरान पेट्रोल बम सप्लाई किया। पुलिस ने पीएसी से लूटे गए कारतूस भी एक आरोपी के पास से बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस अब तक 68 दंगाइयों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में जानकारी देते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा में भड़के दंगे के मामले में बनभूलपुरा थाना, मुखानी थाना और नगर निगम की ओर से तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। इस मामले में रविवार तक 58 उपद्रवियों की गिरफ्तारी की जा चुकी थी और सोमवार को 10 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन्हें भी सीसीटीवी व अन्य साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। पहले मुकदमे में नामजद मलिक का बगीचा वार्ड 31 बनभूलपुरा निवासी तस्लीम कुरैशी पुत्र साबिर कुरेशी और लाइन नंबर 18 वार्ड 24 कारी बाबा मदरसा के पास बनभूलपुरा निवासी वसीम सिद्दीकी उर्फ हप्पा पुत्र अनीश अहमद को भी पकड़ा गया है। इसके अलावा पीएसी जवान से एसएलआर के कारतूस लूटने वाले लाइन नंबर 14 गफ्फारी मस्जिद के पीछे पाकड़ के पेड़ के पास बनभूलपुरा निवासी मो.शुऐब पुत्र सईद अहमद को पकड़ा, जिसकी निशानदेही पर दो कारतूस भी बरामद हुए।

पुलिस टीम के साथ पकड़े गए बनभूलपुरा बलवे के आरोपी। ● अमृत विचार

एसएसपी ने बताया कि दंगे में पेट्रोल बम का इस्तेमाल करने वाले शहजाद और फैजान को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है, लेकिन अब इन दोनों को पेट्रोल बम मुहैया कराने वाला लाइन नंबर 17 शराफत अंडे वाली गली बनभूलपुरा निवासी अरबाज पुत्र हसीन अहमद भी पकड़ा गया है। इसके घर से 9 लीटर पेट्रोल बरामद हुआ है। गिरफ्त में आए अन्य आरोपियों में लाइन नंबर 16 बनभूलपुरा निवासी अनस पुत्र यासीन, लाइन नंबर 16 आजादनगर बनभूलपुरा निवासी अयान पुत्र अकील अहमद, नई बस्ती नमरा मैरिज हॉल के पास बनभूलपुरा निवासी शहराज हुसैन पुत्र अशफाक हुसैन, नई बस्ती ताज मस्जिद बनभूलपुरा निवासी मो.वसीम पुत्र अब्दुल गफ्फार, नई बस्ती बनभूलपुरा निवासी नाजिम पुत्र मो.उमर और लाइन नंबर 11 आजाद नगर निवासी मो.उजैर पुत्र मो.तुफैल हैं।

शहर के पंपों से लिया गया था बम बनाने को पेट्रोल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे में गिरफ्तारियों के साथ जांच में तेजी से आगे बढ़ रही है। दंगे की जांच के दायरे में अब शहर के कुछ पेट्रोल पंप भी आ गए हैं। इन पेट्रोल पंप में दंगे के मास्टर माइंड कहे जा रहे अब्दुल मलिक और उसके करीबियों के पेट्रोल पंप भी पुलिस की रडार पर हैं। पुलिस ने संदिग्ध पेट्रोल पंपों के सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए हैं।

बीती 8 फरवरी को हुए दंगे में दंगाइयों ने पेट्रोल बम का इस्तेमाल किया था। ये पेट्रोल बम बनभूलपुरा में ही बनाए गए, यह भी साफ हो चुका है। पेट्रोल बम का इस्तेमाल करने वाले शहजाद और फैजान को पुलिस पहले ही सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है और अब इन्हें पेट्रोल बम बना कर मुहैया कराने वाला लाइन नंबर 17 निवासी अरबाज पुत्र हसीन अहमद भी पकड़ा गया। इसके घर भारी मात्रा में पेट्रोल मिला है। सूत्रों के मुताबिक गिरफ्त में आए लोगों से हालिया पूछताछ में बताया है कि उन्होंने आस-पास के पेट्रोल पंपों से बोतलों व जरकिन में पेट्रोल एकत्र किया था। बताया जा रहा है कि पुलिस कुछ संदिग्ध पेट्रोल पंप की सीसीटीवी डीवीआर जब्त कर ली है। डीवीआर से फुटेज निकाल कर यह देखा जा रहा है कि दंगे के दिन और दंगे से कुछ दिन पहले तक किस-किस ने जेरीकेन और बोतल में पेट्रोल लिया। इन पेट्रोल पंप में कुछ मलिक के करीबियों के भी पेट्रोल पंप हैं।

जांच

- **बनभूलपुरा दंगे में इस्तेमाल हुए पेट्रोल बम, पुलिस की रडार पर मास्टरमाइंड और उसके कई करीबियों के पेट्रोल पंप**

दंगे में बड़ी संख्या में पेट्रोल बमों का इस्तेमाल किया गया। दबिश और गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने घरों से पेट्रोल बम और पेट्रोल भी बरामद भी किए हैं। उपद्रवियों के पास यह पेट्रोल कहां से आया, इसकी जांच की जा रही है। **-प्रह्लाद नारायण मीणा**, एसएसपी नैनीताल

नगर निगम ने काटी आरसी डीएम स्तर से होगी वसूली

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: नगर निगम ने पुलिस जांच के आधार पर मलिक का बगीचा के पूर्व कब्जेदार अब्दुल मलिक को 2.47 करोड़ का वसूली नोटिस भेजा था। आठ फरवरी को उपद्रव में नगर निगम के लाखों रुपये के वाहन फूंक दिए गए थे। तय सीमा समाप्त होने के बाद भी अब्दुल मलिक ने नुकसान की भरपाई नहीं की। नगर निगम ने अब अब्दुल मलिक की आरसी काट दी है जिसके बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आठ फरवरी को हुए उपद्रव का मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक निवासी लाइन नंबर आठ को बताया जा रहा है। इसी आधार पर 12 फरवरी को नगर निगम ने नुकसान की सूची बनाकर 2.47 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस अब्दुल मलिक के निवास पर भिजवा दिया। साथ ही 15 फरवरी तक नुकसान की भरपाई करने के लिए कहा। अब्दुल मलिक घटना के बाद से ही हल्द्वानी से फरार हो गया। साथ ही उसकी ओर से नोटिस का कोई जवाब भी नहीं दिया गया। इधर नगर निगम ने सोमवार को आरसी काट दी है। अब अब्दुल मलिक से वसूली की कार्रवाई जिलाधिकारी स्तर पर की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पुलिस भी अब्दुल मलिक के घर की कुर्की कर चुकी है। साथ ही अब्दुल मलिक के वांटेड लिखे पोस्टर भी शहर में कई जगह चस्पा कर दिए गए हैं। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने कहा है कि नगर निगम को हुए नुकसान की भरपाई आरोपी को करनी ही होगी।

पहले ही पहुंच गई थी मलिक पर जांच की आंच

हल्द्वानी : अब्दुल मलिक पर नगर निगम पूर्व में ही जांच की तैयारी में था। जनवरी में नगर निगम ने जब मलिक का बगीचा में रहने वाले लोगों से घरों के कागज मांगे थे तब कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया था। शुरुआती जांच में सामने आया कि जगह के कब्जेदार अब्दुल मलिक ने लोगों को 50 रुपये के स्टांप पर जमीन का सौदा किया है। सरकारी जमीन बेचने के काले धंधे से मलिक ने करोड़ों रुपये की कमाई की थी। उस दौरान नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने जांच की बात की थी। तब ही वह नगर निगम व प्रशासन के राडार पर आ गया है। प्रशासन गुपचुप

बिलासपुर में 'लावारिस' खड़ी रोडवेज की बस

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: इसे परिवहन निगम की लापरवाही कहें या अनुबंधित बस स्वामी की गैरजिम्मेदारी कि निगम की अनुबंधित बस पिछले एक सप्ताह से बिलासपुर में 'लावारिस' खड़ी है और कोई उस ओर झांकने तक नहीं गया।

लगभग एक सप्ताह पहले हल्द्वानी डिपो की दिल्ली जाने वाली अनुबंधित बस से बिलासपुर के पास एक बाइक सवार को टक्कर लग गई जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने घटना स्थल से चालक व परिचालक को हिरासत व बस को भी अपने कब्जे में ले लिया था।

अनुबंध के नियमों के अनुसार, परिचालक इसके लिये जिम्मेदार नहीं हैं लेकिन इस केस में परिचालक को भी हिरासत में लिया गया और डिपो के अधिकारियों की संवेदनहीनता के कारण उसे पूरी रात हवालात में बितानी पड़ी। अगले दिन डिपो के एक परिचालक ने मानवता दिखाते हुए उसकी जमानत करवाई। पीड़ित कर्मचारी का कहना है कि डिपो के अधिकारियों से उसे कोई मदद नहीं मिली जबकि परिचालक की सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होती है। परिचालकों का कहना है कि जब निगम के अधिकारी ही उनका सहयोग नहीं करेंगे तो वे अनुबंधित बसों में कैसे ड्यूटी करेंगे। उन्होंने निगम के अधिकारियों के प्रति अपनी नाराजगी भी जताई।

इधर, निगम के अधिकारियों ने बताया कि अनुबंधित बसों के लिये नियम है कि यदि किसी दुर्घटना या अन्य कारण से चालक को हिरासत में लिया जाता है तो जमानत के लिये संबंधित बस स्वामी जिम्मेदार होता है।

बदहाली

- **बस से बाइक सवार को टक्कर लगने से हुई थी मौत, परिचालक को भी बितानी पड़ी जेल में रात**
- **अधिकारियों व बस स्वामी की लापरवाही से नहीं हुई बस की जमानत**

सुरक्षा कारणों से परिचालक को पुलिस ले गई थी। बाद में उसे जमानत पर छोड़ दिया। चालक और बस को छुड़ाने के लिये अनुबंधित बस स्वामी जिम्मेदार होता है। बस स्वामी ने चालक की जमानत तो करवा दी लेकिन बस की जमानत नहीं की गई है। **- सुरेंद्र सिंह बिष्ट**, एआरएम, हल्द्वानी डिपो

पिलखुआ मामले में चार दिन मिली थी जमानत

लगभग दो सप्ताह पहले पिलखुआ के पास भी एक अनुबंधित बस दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, जिसमें चालक और बस को हिरासत में लिया गया, जिसके चार दिनों बाद स्वामी ने चालक और बस को जमानत पर छुड़वा लिया था लेकिन बिलासपुर वाले केस में दस दिन बाद भी बस की जमानत नहीं की गई है, जिससे परिवहन निगम को आर्थिक नुकसान होने के साथ उसकी छवि भी खराब हो रही है।

भाई के हत्यारे का साथ नहीं दे सकता जावेद : मतीन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने कहा कि दंगे में शामिल हर किसी पर कड़ी कार्रवाई हो, लेकिन उनका भाई जावेद उस अब्दुल मलिक का साथ नहीं देगा, जिसने उनके ही भाई अब्दुल रऊफ की हत्या की हो।

सिद्दीकी ने घटना को शर्मनाक बताया और दंगे की सीबीआई या हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच की मांग की। साथ ही सरकार से भी घायल, मृतकों के परिवारों व दंगा पीड़ित पत्रकारों को मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा, जावेद सिद्दीक़ी ने बार-बार लोगों से शांति बनाने की अपील की, लेकिन भीड़ इतनी उग्र हो चुकी थी कि किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी। इस दंगे की वजह से बेटे की 15 फरवरी की शादी और 17 फरवरी के रिसेप्शन को भी रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा, हम अब्दुल मलिक के मददगार कभी हो ही नहीं सकते क्यों कि वह उसका भाई व भतीजा मेरे छोटे भाई अब्दुल रऊफ सिद्दीकी का हत्यारा है। उसका मुकदमा अब भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में चल रहा है। उन्होंने इसकी फिर से बारीकी से जांच करने की मांग की है।

बिल वसूली में विभाग के छूट रहे पसीने

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: विद्युत विभाग बिल जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटने की चेतावनी देता व अमूमन लोग डर से भुगतान कर देते, लेकिन बनभूलपुरा क्षेत्र में विभाग की यह हेकड़ी भी काम नहीं आ रही है। शहरी क्षेत्र में विभाग को बकाया बिलों की सबसे ज्यादा करीब 2.50 करोड़ रुपये की वसूली बनभूलपुरा से करनी है।

हालिया दंगे से दागदार हुआ बनभूलपुरा के हालात सामान्य होने लगे तो प्रशासन से रायशुमारी के बाद विद्युत विभाग ने भी सोमवार से यहां बकाया बिलों की वसूली का अभियान तेज कर दिया। लाउड स्पीकर से मुनादी की गई व लाइन नंबर-7 व गौजाजाली में कैंप लगाए गए। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद भी बिल जमा न करने पर लोगों के कनेक्शन काटे जाएंगे।

मंडलायुक्त ने पूर्व में मारा था छापा

नवंबर, 2022 में कुमाऊं मंडलायुक्त ने तिनकोनिया स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया था। विभाग के अधिकारियों ने उन्हें जानकारी दी कि डिवीजन में 7 बिजली घर हैं, जिसमें से 13 बीघा बनभुलपूरा बिजली घर से सबसे ज्यादा बिजली चोरी होती है। तब आयुक्त ने विजिलेंस को नियमित चेकिंग कर विद्युत चोरी करने वालों लोगों पर एफआईआर दर्ज कर वसूली करने के निर्देश दिए थे।

बोले अधिकारी

बनभूलपुरा क्षेत्र में दो स्थानों पर कैंप लगाए गए हैं, जिन लोगों ने अब तक पुराना बकाया नहीं चुकाया है, वे कैंप में जाकर भुगतान कर सकते हैं। **- मनीष जोशी**, एसडीओ, विद्युत विभाग

अधिकारियों के मुताबिक, बनभूलपुरा में 10-12 हजार उपभोक्ता हैं, जिन पर विभाग का 2.50 करोड़ रुपये बकाया है, जिसमें से कइयों को 50 हजार से 1 लाख रुपये तक तक का भुगतान करना है।

अधिकारियों की मानें तो बीते सालों में बनभूलपुरा क्षेत्र में बकाया की राशि सबसे ज्यादा व वसूली दर बेहद कम रही है। पिछले साल भी क्षेत्र में करोड़ों रुपये की बकाया राशि में से विभाग बहुत कम वसूली कर पाया था। इधर, कनेक्शन काटने के बाद विभाग बकाएदारों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराता है लेकिन इसके बाद भी वसूली दर में वृद्धि नहीं हो पाई। अधिकारी बताते हैं कि शहर में बनभुलपूरा स्थित 13 बीघा बिजली घर से सबसे ज्यादा विद्युत चोरी होती है व लाख कोशिशों के बाद भी इस पर लगाम नहीं लग पा रही।

मानवता

बवाल और उसके बाद लगे कर्फ्यू में सुरक्षित रखी बाइक, बाइक स्वामी ने बाइक सुरक्षित होने की उम्मीद ही खो दी थी

अंजान की बाइक को 12 दिन तक संभाले रहे इस्लाम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मलिक का बगीचा में आठ फरवरी की शाम हुए बवाल के दौरान कई वाहन फूंक दिए गए थे। इसी बीच अमृत विचार संवाददाता की बाइक भी मौके के पास ही खड़ी थी। बवाल के दौरान हुई आगजनी में बाइक स्वामी को लगा उसकी बाइक भी फूंक दी गई है लेकिन 12 दिन बाद उसे पता चला कि एक अंजान शख्स ने उसकी बाइक को इतने दिनों तक संभाल कर रखा है।

अमृत विचार के एक संवाददाता आठ फरवरी को अपनी बाइक से कवरेज करने मलिक का बगीचा गए थे। वहां पास ही में अपनी बाइक को खड़ा कर दिया और जल्दबाजी में एक दुकानदार से बोल दिया कि अभी आ रहा हूं बाइक देखना। कवरेज के दौरान ही मलिक का बगीचा में हिंसा और आगजनी हो गई।

मोहम्मद इस्लाम।

संवाददाता ने कई बाइकों जलता हुए देखा। जलती हुई बाइकों को देखकर उसे लगा कि उसकी बाइक भी जला दी गई है। तुरंत ही क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया। इधर जिस दुकान के पास बाइक खड़ी थी उस दुकान स्वामी का नाम मो. इस्लाम है। शाम के बाद रात को हो गई बाइक लेने कोई नहीं आया। उन्हें लगा कि शायद भगदड़ में चले गए हैं कल बाइक लेने आ जाएंगे। नौ फरवरी को बंदिशों के साथ कर्फ्यू लगा दिया गया। इस्लाम ने देखा कि कोई बाइक को गिरा गया है उन्होंने बाइक को संभाल कर फिर से खड़ा किया।

10 से 18 फरवरी हो गई लेकिन बाइक लेने कोई नहीं आया। इधर बाइक स्वामी समझता रहा कि उसकी बाइक भी उपद्रवियों ने फूंक दी है। इधर इस्लाम हर दिन बाइक की हिफाजत करते रहे। उन्हें लगता था कि जिसकी है वो लेने जरूर आएगा।

फूंकी हुई बाइकों में नहीं दिखी अपनी बाइक

अमृत विचार के संवाददाता ने 19 फरवरी को एक कागजी कार्रवाई के लिए अग्निशमन केंद्र में जली हुई बाइकों के ढेर में अपनी बाइक ढूंढने की कोशिश की। जब बहुत ढूंढने पर भी अपनी बाइक का कोई निशान नहीं मिला तो लगा कि एक बार फिर से उस जगह पर जाकर देखना चाहिए। शायद वहां कोई निशान मिले। संवाददाता फिर से उसी जगह पर पहुंचा तो उसी दुकान के बाहर अपनी बाइक की नंबर प्लेट दिख गई। उसे यकीन ही नहीं हुआ कि जिस बाइक को वह जला हुआ मान बैठा था वह वहीं खड़ी है।

इस्लाम ने बताया - मैं देखता रहा तुम्हारी बाइक

इस्लाम ने बाइक स्वामी को बताया कि मैं आपको को देखता रहा। दो बार नीचे गिर गई तो उसे उठाकर रख देता था। रात दिन यहीं खड़ी रही। एक बार तो लगा कि इसे लेने के लिए कोई आएगा या नहीं लेकिन आज आप आ गए। बाइक सवार ने धन्यवाद जताते हुए बाइक को स्टॉर्ट कर लिया। इधर इस्लाम ने महज एक बाइक की रखवाली नहीं कि बल्कि उस विश्वास की रखवाली कि जिसकी बुनियाद पर ये देश बना है। कितनी आग लगे लेकिन बुनियाद अभी भी सलामत है।

26 वाहनों के गौला खनन पंजीयन होंगे निरस्त

हल्द्वानी, अमृत विचार : गौला नदी में खनन से जुड़े 26 वाहनों के पंजीयन निरस्त किए जाएंगे। वन विकास निगम ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

डीएम वंदना की अध्यक्षता में हुई जिला खनन समिति की बैठक में तय हुआ था कि बनभूलपुरा बलवे मे जो भी उपद्रवी चिन्हित किए गए हैं। यदि उनके वाहन गौला नदी में खनन के लिए पंजीकृत हैं तो उनका पंजीयन निरस्त किया जाएगा। इसके बाद प्रशासन ने वन विकास निगम को 44 वाहनों की सूची सौंपी थी। वन निगम ने इस सूची का सत्यापन किया। इसके बाद 26 वाहनों का पंजीयन निरस्त करने का फैसला किया है। डीएलएम धीरेश बिष्ट ने बताया कि उपद्रवियों के गौला नदी में पंजीकृत 26 वाहनों का पंजीयन निरस्त किया जाएगा। इंद्रा नगर गेट भी आज से खोल दिया जाएगा।

सार-संक्षेप

विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित हुईं हल्द्वानी की इन्द्रा तिवारी

हल्द्वानी : दुनिया के सबसे बड़े कवि सम्मेलन में प्रतिभाग कर हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रवक्ता इन्द्रा तिवारी 'इन्दु' ने विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। हावर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड ने यह सम्मान बुलंदी संस्था को रुद्रपुर में आयोजित कवि सम्मेलन में संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय कवि बादल बाजपुरी एवं संरक्षक पंकज प्रकाश को प्रदान किया। इस अवसर पर इन्द्रा की तीसरी किताब 'भक्ति के रंग प्रभु के संग' का भी विमोचन किया गया।

अधिशासी अभियंता कार्यालय में प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

पेंशन की मांग पर कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

हल्द्वानी : लोक निर्माण विभाग के वर्कचार्ज कर्मचारियों ने पेंशन की मांग के लिए तिकोनिया स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय में सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि पूर्व में वर्कचार्ज कर्मचारियों को सर्विस से जोड़ते हुए पेंशन की सुविधा दी गई लेकिन शेष बचे कर्मचारियों को इससे वंचित किया जा रहा है। कहा कि इस संबंध में उच्च न्यायालय ने भी वर्कचार्ज कर्मचारियों को पेंशन सुविधा के पक्ष में अपनी फैसला सुनाया था। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाएंगी, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान चालक संघ भी शामिल रहा। इस अवसर पर बालकृष्ण, वीसी लोहनी, हिमांशु पांडे आदि रहे।

जेएन कौल शिक्षण संस्थान में कार्यशाला में मौजूद छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

सामाजिक न्याय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू

भीमताल : एसओएस जेएन कौल शिक्षण संस्थान में विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू हुई। मुख्य अतिथि कैलाश जोशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वैश्विक स्तर और भारत के स्तर पर घटित होने वाली सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं आर्थिक घटनाओं से अवगत कराया। बताया कि संविधान के रचे जाने के बाद भी जो असमानता आज के समाज में व्याप्त है। लोक नियोजन के विषय में भी असमानता देखने को मिलती है तथा सरकार का असमानता के प्रति दृष्टिकोण भी सकारात्मक नहीं है। इस दौरान डॉ. गीता आर्या, डॉ. मंजू नेगी, पूजा आर्या, राजेन्द्र सिंह खाती, बीना नेगी चौधरी, नेत्र प्रसाद गौतम, शीतल सिंह मौर्या, सतीश चन्द्र, मनोज जोशी, हेमा मेहरा, गणेश चन्द्र, राम कृष्ण आर्या आदि मौजूद रहे।

विवाह समारोह में पुष्प के पौधे बांटते योगेश सांगुड़ी।

विवाह समारोह में पुष्प के पौधे बांटे

भीमताल : नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सुरेश चंद्र सांगुड़ी के पुत्र योगेश सांगुड़ी का पर्यावरण के प्रति विशेष लगाव है। इसी के चलते उन्होंने अपने विवाह के दौरान उपस्थित हर व्यक्ति को पुष्प के पौधे वितरित किए। योगेश सांगुड़ी भाजपा के पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी के भतीजे हैं। इस संदर्भ में पूर्व जिला मंत्री बताते हैं कि उनका परिवार लंबे समय से पर्यावरण को बचाने के लिए कार्य करते आया है।

युकांइयों ने निकाला मशाल जुलूस

रामनगर। युवाओं के साथ हो रहे अत्याचारों के खिलाफ नैनीताल युवक कांग्रेस द्वारा देर रात नगर में मशाल जुलूस निकाल कर सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। युवक कांग्रेस कार्यकर्ता भगत सिंह चौक भवानीगंज से शहीद पार्क लखनपुर तक मशाल रैली लेकर आगे बढ़े। उनकी मांग थी कि अग्निवीर योजना वापस लिया जाए, अंकित भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच हो, बढ़ती हुई बेरोजगारी पर लगाम लगाई जाए। यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी व रामनगर विधानसभा अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में निकली मशाल रैली में 100 से अधिक युवाओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर वह प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान ने भी युवाओं को एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। इस दौरान अमित पाल सिंह रावत, सलमान सलमानी, समीर हाशमी आदि मौजूद थे।

बंदूकों के साए में स्कूल पहुंच रहे ढेला के छात्र-छात्राएं

बाघ के हमले में महिला की मौत के बाद बरती जा रही सतर्कता, पढ़ने आने वाले 80 से अधिक बच्चों की भी पूर्ण सुरक्षा की मांग उठ रही

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेज ढेला के पटरानी निवासी बच्चों को बंदूकधारी वनकर्मियों की सुरक्षा में स्कूल लाया गया। दो दिन पहले ढेला में जंगल लकड़ी बीनने गई महिला कलादेवी को बाघ ने मार दिया। तब से ही ढेला ग्रामवासियों के साथ पटरानी से ढेला इंटर कॉलेज पढ़ने आने वाले 80 से अधिक बच्चों को भी पूर्ण सुरक्षा देने की मांग उठ रही है। महिला को मारने की घटना उसी जंगल में हुई है जहां से पटरानी के बच्चे ढेला आते-जाते हैं।

ढेला इंटर कॉलेज के शिक्षक नवेंदु मठपाल ने बताया कि वह लगातार ढेला रेंजर अजय ध्यानी के संपर्क में हैं ताकि बच्चों को पूर्ण सुरक्षा में पटरानी से ढेला ले जाया जाए। उन्होंने बच्चों को लाने-ले जाने के लिए वाहन लगाए जाने की मांग की। सोमवार को बच्चों को लाने वालों में कार्बेट टाइगर रिजर्व के गोधन सिंह, वन आरक्षी तेजपाल रावत कुबेर बंगारी शामिल रहे।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा में तैनात वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

ढेला में बाघ पकड़ने के लिए वन कर्मी अलर्ट

रामनगर : कार्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला क्षेत्र में महिलाओं को मौत के घाट उतारने वाले बाघ को पकड़ने के लिए महकमा पूरी तरह से जुट चुका है। ढेला के वन क्षेत्राधिकारी अजय ध्यानी ने बताया कि बाघ को रेस्क्यू करने के लिए दो पशु चिकित्सक कैंप कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त शस्त्रों से लैस 14 वन कर्मियों की टीम बाघ की तलाश में लगी हुई है। रेंजर ध्यानी ने कहा है कि पिंजरे भी लगाए गए हैं। जल्द ही बाघ को रेस्क्यू कर लिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि जब तक बाघ को रेस्क्यू नहीं किया जाता तब तक वह जंगल में न जाएं। वनकर्मी पूरी मेहनत से अपने काम मे जुटे हैं इस समय उनका सहयोग किए जाने की जरूरत है।

रामनगर में लगाया गया पिंजरा।

बाघ के खौफ के बीच जी रहे ढेला के लोग

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : एक बार फिर ढेला क्षेत्र में बाघ ने एक और महिला कलावती को मौत के घाट उतार दिया है। इस घटना से ढेला गांव के लोग भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। बाघ को न पकड़ने पर कार्बेट टाइगर रिजर्व के खिलाफ लोगों में गुस्सा है। डिग्री कॉलेज की छात्रा प्रतिनिधि प्राची बंगारी ने कहा कि कल बाघ के हमले में ढेला में मेरी बुआ मारी गईं हैं।

गांव की सीमा से बाघ उनको खींच ले गया। हालत बहुत खराब होते जा रहे हैं। अगर तत्काल बाघ को पकड़ा या मारा नहीं गया तो हम आंदोलन करते हुए, झिरना, ढेला सब बंद कर देंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी कार्बेट प्रशासन की होगी। राइंका ढेला के शिक्षक नवेंदु मठपाल कहते हैं कि हमारे स्कूल में बच्चे पटरानी से भी आते हैं। ये आदमखोर बाघ इसी जंगल में सक्रिय है।

प्रशासन से हमारी मांग है कि बच्चों को गाड़ी से लाने, घर छोड़ने की व्यवस्था तत्काल करें। अन्यथा बच्चों के साथ भी हादसा हो सकता है। ग्रहणी ममता बंगारी कहती हैं

कि अपनी आवश्यकता लायक लकड़ी, चारा लेने जंगल न जाएं तो क्या करें।

या तो हमें वन विभाग घर पर लकड़ी और चारा पहुंचाए। इस बाघ को तत्काल पकड़ा जाना चाहिए। कलावती दीदी के मारे जाने से हम भयभीत हैं। ढेला निवासी मुकेश पंत कहते हैं कि वन्य जीव जरूरी हैं, जैव विविधता में इनकी अनोखी भागीदारी है। पर मानव का जीवन भी अनमोल है।

ढेला निवासी दीपक पंत कहते हैं कि हमारे तो चारों ओर कार्बेट का जंगल है। कोई बताए- कैसे काम चलाएं। एक हफ्ता भी नहीं हुआ जिस जगह पर महिला को मारा है उसी की नजदीक रात को बाघ घर में घुस गया था। उस समय अगर टाइगर रिजर्व ने उसको पकड़ लिया होता तो हम आज इस दुर्घटना से बच जाते।

आदमखोर बाघ से निजात दिलाने की मांग उठाई

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : सरकार द्वारा भीमताल के विकास भवन में आयोजित किसान बंधु मीटिंग में रामनगर से पहुंचे किसानों ने क्षेत्र में ग्रामीणों के लिए आतंक का पर्याय बने बाघ से ग्रामीणों की सुरक्षा के मुद्दे को उठाया।

शिष्ट मंडल ने इसके अतिरिक्त मीटिंग में पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों को कीटाणु नाशक दवाओं की गुणवत्ता, गन्ने का समय पर भुगतान, बिजली की सुचारु आपूर्ति, ग्रामीण संपर्क मार्गों एवं सिंचाई गूलों की मरम्मत, आदमखोर बाघ को मारने और आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को बचाने के संदर्भ में मांग पत्र दिया। मीटिंग में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह रौतेला, ब्लॉक अध्यक्ष नवजोत सिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में जीपी ध्यानी, हरप्रीत धालीवाल, दर्शन सिंह, निर्मल सिंह, हिमाचल मोमी, पूरन भट्ट, नैतिक करगेती, सीडीओ अशोक कुमार पांडे, मुख्य कृषि अधिकारी बीके यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीसी जोशी, ऋतु कुकरेती मौजूद रहे।

विकास भवन में आयोजित बैठक में समस्याएं रखते किसान। ● अमृत विचार

बिंदुखत्ता में प्रदर्शन करते प्रगतिशील महिला एकता केंद्र के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सीएम के खिलाफ प्रदर्शन

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: काररोड बिन्दुखत्ता में प्रगतिशील महिला एकता केंद्र व इंकलाबी मजदूर केंद्र के कार्यकर्ताओं ने रामनगर में महिला को बाघ द्वारा मारने की घटना के विरोध में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया।

काररोड बिंदुखत्ता में आयोजित बैठक में प्रगतिशील महिला एकता केंद्र और इंकलाबी मजदूर केंद्र के कार्यकर्ताओं ने कहा कि रामनगर के ढेला गांव में गत दिवस आदमखोर बाघ द्वारा एक महिला को जान से मार दिया। इससे पूर्व भी आदमखोर बाघ पांच लोगों की जान ले चुका है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने मामले की सुध नहीं ली। बैठक में वक्ताओं ने पीड़ित परिवारों को 25 लाख रुपये मुआवजा एवं आदमखोर बाघों को गोली मारने की आदेश जारी करने की मांग की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। पुतला दहन करने वालों में पुष्पा देवी, बाबू कुमार, विमला देवी, शीला, इंद्रा, कमला, अनीता, मुन्नी देवी बेबी आदि थे।

अमृतपुर-जमरानी मार्ग का होगा निर्माण

भीमताल, अमृत विचार : भीमताल के अंतर्गत अमृतपुर-जमरानी मोटर मार्ग का 18 करोड़ से जीर्णोद्धार किया जाएगा। केंद्र व राज्य से हरी झंडी मिलने के बाद सिंचाई विभाग ने इसकी निविदाएं आमंत्रित की हैं।

विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा कि अमृतपुर से डहरा-अमिया-आना-जमरानी मोटर मार्ग पर लंबे समय से डामरीकरण नहीं होने ग्रामीण परेशान हो रहे थे। बारिश में मलबा आने व कीचड़ से यातायात प्रभावित होता तो सड़क दुर्घटना का भी खतरा बना रहता था। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए अमृतपुर से डहरा-अमिया-जमरानी मोटर मार्ग को लोनिवि से सिंचाई विभाग की जमरानी डिवीजन को हस्तांतरित करवाया। फिर सिंचाई विभाग ने जमरानी बांध बहुद्देश्यीय परियोजना में 18 करोड़ की डीपीआर तैयार की। इसमें मोटर मार्ग का डामरीकरण, पुल निर्माण का प्रस्ताव था।

खाद्य सचिव से मिले राशन विक्रेता

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सस्ता गल्ला विक्रेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को देहरादून में खाद्य सचिव एल फैनेई से मिला। उन्होंने सचिव को छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए शीघ्र सभी मांगों के निस्तारण की मांग उठाई।

ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष रेवाधर बृजवासी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने खाद्य सचिव से मुलाकात की। उन्होंने सचिव को सौंपे मांग पत्र में प्रदेश के सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को मानदेय देने, कोरोना काल में वितरित किए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के राशन का लाभांश और भाड़े की धनराशि का भुगतान करने, पर्वतीय जिलों के विक्रेताओं का वर्ष 2018 से लंबित एनएफएसए, पीएमजीकेएवाई, एमडीएम सहित विभिन्न मदों के लाभांश और भाड़े का भुगतान करने, विक्रेताओं को ईएसआई और पीएफ योजनाओं में शामिल करने, राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत राशन कार्ड धारकों को 10 किलो गेहूं व 10 किलो चावल देने तथा लाभांश राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के बराबर 180 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की। सचिव ने सभी मांगों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरीश पंत, प्रदेश महामंत्री संजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष रूद्रप्रयाग अंशुल जगवाण, प्रदेश सचिव विनय पाल सिंह रावत, कुन्दन शर्मा, नैनीताल से कृष्ण कुमार मौजूद रहे।

देहरादून में खाद्य सचिव को मांगपत्र सौंपते सस्ता गल्ला विक्रेता। ● अमृत विचार

सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाया होमस्टे

गरमपानी : अवैध अतिक्रमण पर शिकंजा कसने का अभियान पहाड़ तक पहुंच गया है। अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर मल्ला निगलाट क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कब्जा कर दो होम स्टे व रेस्टोरेंट निर्माण किए जाने का खुलासा हुआ है। राजस्व उपनिरीक्षक शकील अहमद के अनुसार जांच में सरकारी भूमि पर दो होम स्टे व रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। तीनों अतिक्रमणकारियों के चालान काटे गए हैं।

सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करने को अभियान पहाड़ में भी तेजी पकड़ गया है। प्रशासन की टीम ने सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ शिकंजा कस दिया है। सुप्रसिद्ध कैंची क्षेत्र में उत्तरवाहिनी शिप्रा नदी क्षेत्र के बहाव क्षेत्र में नियमों को ताक पर रख बगैर नक्शा पास कराए निर्माण कार्य किए जाने का मामला सामने आने के बाद अब मल्ला निगलाट क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया है।

मवेशियों को आवारा छोड़ दे रहे पशुपालक

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक के घिरोली व हरचनौली गांव में आवारा छोड़ दिए जा रहे गौवंशीय पशु मुसीबत का सबब बन गए हैं। आसपास के गांव से छोड़े जा रहे मवेशी खेती बाड़ी चौपट कर दे रहे हैं। स्थानीय नवीन चंद्र आर्या ने पशुओं को आवारा छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है। गांव में पहले ही काश्तकार चौपट होती खेती से परेशान है। किसान हाड़तोड़ मेहनत कर थोड़ी बहुत उत्पादन कर भी रहे हैं तो वह भी अब गौवंशीय पशु चौपट कर दे रहे हैं। कोसी नदी से सटे गैरखाल गांव में समीपवर्ती गांव से छोड़े जा रहे मवेशियों से कई एकड़ कृषि भूमि बंजर हो चुकी है। काश्तकारों ने अब खेती-बाड़ी करना ही छोड़ दिया है। अब घिरोली व हरचनौली गांव में भी आसपास के गांव से गौवंशीय पशु छोड़ दिए जा रहे हैं। मवेशी सीधे खेतों की ओर रुख कर रहे हैं तथा खेतों को रौंद उपज को बर्बाद कर दे रहे हैं। कई बार पशुपालकों से मवेशियों को आवारा न छोड़ने के लिए कहा भी जा चुका है बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही।

आयोजन दर्शकों के दिलो में अपनी अलग छाप छोड़ गए कलाकार

छल-कपट की गाथा दिखा गया क्लेश नाटक

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: भारत रंग महोत्सव के बैनर तले चल रही नाटक श्रृंखला के चौथे दिन नेपाली नाटक क्लेश दर्शकों के दिलो में अपनी अलग छाप छोड़ गया। आज के दौर में छल, प्रपंच षड्यंत्र की गाथा कहता नाटक नाटक का मुख्य स्रोत रामायण है। क्लेश नाटक के जरिये फिर से रामायण की कहानी को नए रूप देखने का दृष्टिकोण पैदा करता दिखाई दिया।

नाटक में रामायण के प्रमुख पत्रों को आज की पंचायत व्यवस्था के दौरान नेपाली समाज के बीच फिर से चित्रित करने का प्रयास करने में नाटक पूरी तरह सफल रहा है। विजया कार्की के निर्देशन व प्रतिक्ष्या कट्टेल द्वारा लिखित नाटक क्लेश का कथानक एक ग्राम पंचायत के इर्दगिर्द घूमता नजर आया जहां ग्राम प्रधान आम ग्रामीण के भाग्य का खुद ही फैसला करता है। क्लेश में दर्शाया गया है कि प्रधान की निरंकुशता से बचने के लिए रूद्र परिवार व साथियों के साथ नए स्थान को पलायन कर जाते है। नाटक का कथानक ग्राम पंचायत का है जहाँ ग्राम प्रधान आम ग्रामीणों के भाग्य का फ़ैसला करते है ।ग्राम प्रधान की क्रूरता और अनियंत्रित फ़ैसले से बचने के लिए- रुद्र, उसका परिवार और साथी ग्रामीण एक पूरी तरह से नये स्थान में चले जाते हैं। रुद्र , भले ही इस पूरी बस्ती को एक निष्पक्ष कालोनी में ले जा रहा था जहां सुख और स्मृद्धि सफलतापूर्वक स्थापित की गई है उसके मन में उस भयानक भाग्य के प्रति नाराज़गी पैदा हो रही थी जो उसके परिवार को ग्राम प्रधान के हाँथो भुगतना पड़ा था । इसलिए वो लगातार ग्राम प्रधान के घर परिवार पर नज़र रखता है ताकि वो गुप्त रूप से बदला ले सके। नाटक में दर्शाया गया कि कैसे रुद्र एक दिन मुखिया की नवविवाहित दुल्हन में ये मौक़ा मिलता है,जो उन सभी अपराधों और दुष्कर्मों से अनजान है। क्रोध और प्रतिशोध की भावना से अंधा होकर,रुद्र भोली-भाली दुल्हन का अपरहण कर लेता है और उसे अत्यधिक भ्रष्टता की ओर ले जाता है।

मंच पर क्लेश नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

साहब! मेरी जमीन पर गलत तरीके से लिया पीएम आवास योजना का लाभ

जमीन के कब्जेदार ने अपने भाई की पत्नी को बताया आरोपी, पुलिस को दी तहरीर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: दमुवाढूंगा में सरकारी जमीन पर पीएम आवास योजना के तहत बने मकान का खुलासा होने के बाद अब एक नया मोड़ आया है। चौफला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस में तहरीर दी है कि जमीन पर उसका कब्जा है लेकिन उसके भाई की पत्नी ने गलत तरीके से पीएम आवास योजना के तहत ऋण लेकर मकान बना लिया है।

उल्लेखनीय है कि दमुवाढूंगा के वार्ड नंबर 37 में बरसाती नाले के पास एक भवन बना हुआ था। भवन की दीवार पर लिखा था कि यह भवन पीएम आवास योजना के तहत बना है। लाभार्थी का नाम गंगा देवी था।

दमुवाढूंगा में नाले की भूमि पर बना पक्का मकान। ● अमृत विचार

अमृत विचार समाचार पत्र ने मामला प्रकाशित किया तो दीवार पर पेंट करके पीएम आवास योजना की सूचना को रंग दिया गया। अब भास्कर राम निवासी मल्ला चौफला ने पुलिस में तहरीर दी है कि उसने यह जमीन स्थानीय निवासी खरीदी थी। जमीन नजूल भूमि है। उसके छोटे भाई की पत्नी गंगा देवी ने गलत तरीके से पीएम आवास योजना के तहत भवन बना लिया है। प्रार्थी ने अपने भाई और उसकी पत्नी पर कार्रवाई की मांग की है।

अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम में हंगामा

हल्द्वानी, अमृत विचार : दमुवाढूंगा में अवैध प्लाटिंग होने पर स्थानीय लोगों ने नगर निगम में नारेबाजी की और जमकर हंगामा काटा। लोगों का कहना था कि अवैध तरीके से दमुवाढूंगा में जमीनों का विक्रय स्थानीय भू-माफियाओं की शह पर हो रही है। दमुवाढूंगा निवासी मनोज नाथ गोस्वामी ने कहा कि दमुवाढूंगा में अवैध तरीके से सरकारी जमीनों को बेचा जा रहा है और साथ ही पीएम आवास योजना के तहत उन जमीनों पर भवन भी बनाए जा रहे हैं। जो नियमों के खिलाफ है। मांग की गयी कि मामले की जांच की जाए और आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई हो।

कार सवारों ने स्कूटी में मारी टक्कर, मारपीट की

हल्द्वानी : कार सवार लोगों ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी और फिर उनके साथ मारपीट की। ठंडी सड़क स्थित गुरुतेग बहादुर गली निवासी मनिंदर और कंवलजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा, सोमवार को वह स्कूटी से जा रहे थे।

नवाबी रोड स्थित शिव मंदिर के पास एक कार ने स्कूटी में टक्कर मारी और कार सवारों ने उनके साथ मारपीट की। स्कूटी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले भी उन्होंने भोटिया पड़ाव चौकी में तहरीर देकर आरोपियों से जान का खतरा जताया था। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

किसानों की फसलों को यूं ही बर्बाद नहीं होने देंगे : शर्मा

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : चकलुवा क्षेत्र में निर्माणाधीन एथेनॉल प्लांट का विरोध अब बढ़ता ही जा रहा है। लोगों ने एथेनॉल फैक्ट्री मानकों की जांच करने की मांग करते हुए छठे दिन धरना जारी रखा। कांग्रेस प्रदेश महासचिव महेश शर्मा ने अपना समर्थन दिया। शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की फसलों को बर्बाद नहीं होने देंगे। बीते बुधवार से गांव बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले तहसील में ग्रामीणों ने सोमवार को भी धरना दिया। ग्रामीणों के समर्थन में कांग्रेस प्रदेश महासचिव महेश शर्मा व ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल भी धरने पर बैठे। ब्लॉक प्रमुख कन्याल ने कहा कि हमारा क्षेत्र पर्यटन क्षेत्र है। सरकार को पर्यटन हब बनाना चाहिए न कि एथेनॉल प्लांट खुलवाकर क्षेत्र को दूषित करना चाहिए। क्षेपंस संगठन के जिलाध्यक्ष गंगा सामंत, रवि दिगारी, मोहन खोलिया, गितेश जलाल, त्रिभुवन कन्याल, नरेन्द्र खन्नी, भानू पडलिया, पंकज नेगी, कमल जंतवाल, गुड्डू चौहान, गिरीश पडलिया, लाल सिंह जंतवाल, अनिल वालिया, कुबेर जलाल, इन्द्र अटवाल, जनार्दन जोशी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दीपचंद्र सती, विक्रम सामंत आदि उपस्थित रहे।

तहसील में धरने पर बैठे ग्रामीणों को संबोधित करते कांग्रेस प्रदेश महासचिव महेश शर्मा

सार संक्षेप

बालिका गायत्री ने बांसुरी वादन से भाव विभोर किया

रामनगर : बालिका गायत्री ने रंगमंच पर बांसुरी की ऐसी तान छेड़ी कि लोग भावविभोर हो गए। बीते दिवस प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के रंग मंच पर 12 वर्षीय कक्षा छह की छात्रा गायत्री रिखाड़ी ने बांसुरी में जैसे ही इन दिनों प्रचलित गीत गुलाबी शरारा की धुन छेड़ी तो हर कोई उसकी संगीत के प्रति साधना का कायल हो गया। गायत्री बताती है कि उसने चार साल पहले अपने पिता विनीत रिखाड़ी से ही घर में रहकर यह प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अभी वह भातखंडे विद्यालय लखनऊ के अंतर्गत स्वर साधना विद्यालय हल्द्वानी से संगीत सीख रही है। गायत्री बताती है कि उसने रामनगर, हल्द्वानी और इंटरनेशनल योग दिवस पर अपनी प्रस्तुति दी है। इससे पहले ढिकुली स्थित रिसोर्ट में नेत्र चिकित्सकों के एक बड़े इवेंट में भी प्रतिभाग कर चुकी है। गायत्री के पिता भी बांसुरी वादन के मंझे हुए कलाकार हैं।

लेक ब्रिज चुंगी की खुली तकनीकी निविदा

नैनीताल : लेक ब्रिज चुंगी व डीएसए फ्लैट्स पार्किंग ठेके को लेकर सोमवार को तकनीकी निविदा खोली गई। इसमें दस्तावेज पूरे नहीं होने के कारण एक आवेदन रद्द कर दिया गया। डीएसए मैदान के लिए कोई आवेदन नहीं मिला। इसके लिए दोबारा टेंडर आमंत्रित किया जाएगा। बता दें कि नगर पालिका की ओर से फरवरी के पहले सप्ताह में लेकब्रिज चुंगी व डीएसए फ्लैट्स पार्किंग ठेके को लेकर निविदा आमंत्रित की थी। इसमें लेक ब्रिज चुंगी के लिए 2.15 करोड़ व डीएसए पार्किंग के लिए 1.40 करोड़ न्यूनतम धरोहर राशि निर्धारित की गई थी। सोमवार को पालिका प्रशासक एसडीएम केएन गोस्वामी, मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा समेत टेंडर कमेटी के समक्ष टेक्निकल बिट खोली गई। लेकब्रिज चुंगी के लिए तीन लोग उमेश चंद्र मिश्रा, प्रदीप सिंह बोरा, नवीन अग्रवाल ने आवेदन किया था। जांच में दस्तावेज पूरे नहीं होने पर प्रदीप सिंह बोरा का आवेदन रद्द कर दिया गया, जबकि अन्य दो आवेदकों के दस्तावेज पूरे मिले। एसडीएम ने बताया कि 23 फरवरी को टेंडर खोले जाएंगे। डीएसए पार्किंग के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। इसके लिए दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र न बनने से भड़के जनप्रतिनिधि

एसडीएम को ज्ञापन देते ग्राम प्रधान संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

रामनगर : जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र न मिलने से जनप्रतिनिधि भड़क उठे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में एलान कर दिया है कि यदि 15 दिन में समस्या का समाधान नहीं किया गया तो रामनगर ब्लॉक कार्यालय में वह तालाबंदी करने को बाध्य होंगे। ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष मिथिलेश डंगवाल के नेतृत्व में एसडीएम राहुल शाह के माध्यम से डीएम को भेजे ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पिछले कई महीनों से लोग जन्म मृत्य प्रमाण पत्र के लिए दर-दर भटक रहे हैं। नए नए नियम लगाकर आवेदनों को निरस्त किया जा रहा है। यदि इस समस्या का 15 दिन के अंदर समाधान नहीं किया गया तो वह ब्लॉक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करने के साथ ही कार्यालय में तालाबंदी करने को बाध्य होंगे। इस दौरान ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, महेश भारद्वाज, प्रधान नवीन चंद्र सती, मीना आर्या, राहुल डंगवाल, विपिन कुमार, अनिल कुमार, ललित मोहन, विमला देवी, प्रेमा देवी, धीरेंद्र सिंह, भुवनेश्वरी आर्या, राहुल कांडपाल आदि मौजूद रहे।

अब अल्ट्रासाउंट के लिए भी घर लेने आएगी 'खुशियों की सवारी'

राजकीय महिला अस्पताल में लगे हैं तीन वाहन, गर्भवतियों को मिल सकेगी सुविधा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गर्भवतियों के लिए अच्छी खबर है। गर्भावस्था के समय अल्ट्रासाउंड कराने के लिए अब उन्हें किसी सहारे का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सिर्फ 102 पर एक कॉल करते ही 'खुशियों की सवारी' उन्हें लेने के लिए घर आएगी और अल्ट्रासाउंड होने के बाद वापस घर भी छोड़ेगी।

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2011 में खुशियों की सवारी योजना शुरू की थी। शुरुआत में इस योजना के तहत प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को घर तक पहुंचाया जाता था और आपात स्थिति में गर्भवती को भी इस वैन के जरिए अस्पताल लाया जाता था। लेकिन अब इसका लाभ गर्भवतियों को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए भी मिलेगा।

हल्द्वानी राजकीय महिला अस्पताल में इस सुविधा के लिए तीन वाहन लगाए गए हैं। इसके तहत गर्भावस्था के दौरान महिला को अल्ट्रासाउंट के लिए घर से अस्पताल तक ले जाने और वापस घर छोड़ने तक की सुविधा मिलेगी। सुविधा का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को मिल सके, इसके लिए आशा वर्करों की मदद ली जा रही है। आशाएं अपने-अपने क्षेत्र की गर्भवतियों की सूची तैयार कर अस्पताल प्रबंधन को देंगी। उसके बाद अल्ट्रासाउंड की डेट आने पर अस्पताल से गाड़ी भेजकर गर्भवती को लाया जाएगा।

अब तक 46 गर्भवतियां ले चुकी हैं लाभ

खुशियों की सवारी से अल्ट्रासाउंड सुविधा का लाभ अब तक 46 गर्भवतियां ले चुकी हैं। महिला अस्पताल में यह योजना एक माह पूर्व से शुरू हो गई है। यह सभी महिलाएं हल्द्वानी शहर व आसपास के क्षेत्रों की रहने वाली हैं। जिन्हें अल्ट्रासाउंड की डेट आने पर खुशियों की सवारी से अस्पताल लाया गया, उसके बाद घर भी पहुंचाया गया। इस सुविधा के लाभ से महिलाओं को काफी राहत है।

> खुशियों की सवारी योजना एक माह पूर्व शुरू हो गई थी। जिसका लाभ अब तक 46 महिलाएं ले चुकी हैं। इसके लिए अभी तीन वाहनों को लगाया गया है।
> – डॉ. उषा जंगपांगी, सीएमएस महिला अस्पताल

64 बूथों पर मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, हल्द्वानी

समीक्षा

▸▸ वीसी के माध्यम से मतदान की तैयारियों की हुई समीक्षा बैठक

अमृत विचार: आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह ने वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनके समक्ष जिले में मतदान की तैयारियों का खाका रखा।

वीसी में जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने बताया की जनपद में कुल 1010 पोलिंग बूथ रहेंगे। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सफलता पूर्वक निर्वहन के लिए 11,557 कार्मिकों की डाटा फीडिंग भी कर दी गई है। जिले में 106 सैक्टर, 33 जोनल मजिस्ट्रेट, 400 माइक्रो आब्जर्वर कार्यरत रहेंगे। हर विधानसभा में 2-2 सखी बूथ बनाए जाएंगे। इस प्रकार जनपद में 12 सखी बूथ होंगे जिसके लिए 72 महिला कार्मिकों को भी चिन्हित कर लिया गया है। पिछले चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले 64 बूथ को चिन्हित कर स्वीप के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। व्यय अनुवीक्षण समिति के संबंध में बताया कि सभी 6 विधानसभाक्षेत्रों में व्यय अनुवीक्षण तंत्र के लिए कुल 134 टीमें गठित की गईं हैं जिसमें 420 कार्मिक कार्यरत रहेंगे। एसिटेंट व्यय आब्जर्वर की 6 टीम में 8 कार्मिक रहेंगे। वीसी में सीडीओ अशोक पांडेय, एडीएम पीआर चौहान, शिव चरण द्विवेदी मौजूद रहे।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

बरार दिवस : कुमाउनी गीतों पर जमकर थिरके पूर्व सैनिक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : टू कुमाऊं रेजिमेंट के पूर्व सैनिकों ने सोमवार को आरटीओ रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में बरार दिवस धूमधाम से मनाया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि कुंवर सिंह कोश्यारी, धर्म शिक्षक कैप्टन लीलाधर त्रिपाठी और पूर्व सैनिक संगठन हल्द्वानी के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह नगरकोटी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद पूरा हॉल कालिका माता की जय-जयकार से गूंज उठा।

कार्यक्रम में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और लोक गायक गोविन्द सिंह दिगारी, खुशी दिगारी ने कुमाउनी गीत गाकर समां बांध दिया। पूर्व सैनिक और परिजनों ने इन गीतों में जमकर ठुमके लगाए। बरार दिवस के बारे में बताते हुए सचिव तेज सिंह बसेरा ने कहा कि बटालियन को वर्ष 1813 ई. में उत्कृष्ट कार्य करने तथा शत्रुओं का शमन करने पर 'बरार' टायटल से सम्मानित किया गया था। तब से 2 कुमाऊं के साथ बरार टायटल जुड़ गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक कैप्टन जसवंत सिंह, सेवा निवृत्त कैप्टन लाल सिंह, सेवा निवृत्त कैप्टन गोविन्द सिंह रावत, सेवा निवृत्त कैप्टन शंकर सिंह, सेवा निवृत्त कैप्टन केदार सिंह, सेवा निवृत्त कैप्टन खुशाल सिंह, सेवा निवृत्त चंदन सिंह अधिकारी, जगदीश सिंह कन्याल आदि थे।

बरार दिवस पर कुमाऊनी गीतों पर नृत्य करते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

संयुक्त मोर्चा की मांगें नहीं हुई पूरी, अब कल बैठक

हल्द्वानी, अमृत विचारः जल संस्थान व जल निगम संयुक्त मोर्चा विभागों का एकीकरण कर राजकीयकरण करने की मांग कर रहा है जिसके लिये बीते दिनों मोर्चा ने धरना प्रदर्शन भी किया था। मोर्चा विभागीय कार्यों को यूयूएसडीए और एडीबी से करवाने का विरोध कर रहा है। लगातार धरना प्रदर्शन के बाद शासन ने मोर्चे से मांगों पर विचार करने के लिये 20 फरवरी (आज) तक का समय मांगा था लेकिन अभी भी शासन स्तर पर इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। मोर्चे के अध्यक्ष शीतल साह ने बताया कि इस संबंध में बुधवार को बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। बताया कि बैठक में मांगे पूरी न होने पर कार्यबहिष्कार और धरना प्रदर्शन के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

जिला कारागार में फास्ट फूड स्टॉल प्रशिक्षण शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार: बड़ौदा आरसेटी हल्द्वानी ने जिला कारागार परिसर, नैनीताल में 10 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी का प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से शुरू हो गया है।

एलडीएम, नैनीताल केआर आर्या, जेल अधीक्षक संजीव सिंह ह्यांकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की रितु आर्या ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। एलडीएम व जेल अधीक्षक ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया व नई पहल के लिए आरसेटी की तारीफ की। रितु आर्या ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

संस्थान के संकाय सदस्य हेम कृष्ण सिंह व नरेन्द्र सिंह पिलख्वाल ने प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र व दो वर्ष तक लगातार फॉलोअप भी किया जाएगा।

कार्रवाई | अभी तक आरोपी नहीं, लेकिन जांच के दायरे में हैं सास और बहू

मास्टर माइंड की बीवी और बहू भी आईं पुलिस की रडार पर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : फरार मास्टर माइंड अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद का अब तक कोई पता नहीं है और अब मलिक की बीवी और बहू भी पुलिस की रडार पर है। दोनों अभी मामले में आरोपी नहीं हैं, लेकिन जांच के दायरे में जरूर हैं और इन दोनों का भी दंगे के बाद से कोई पता नहीं है।

बनभूलपुरा लाइन नंबर 8 निवासी अब्दुल मलिक दंगे के दिन से फरार है। उसके बेटे मोईद का भी कोई पता नहीं है। कई राज्यों में तलाश के बाद भी जब दोनों हत्थे नहीं चढ़े तो न्यायालय ने कुर्की के आदेश दिए और फिर गृह मंत्रालय ने लुकआउट नोटिस जारी कर दिया। तीन दिन पहले जब पुलिस लाइन नंबर आठ में मलिक के घर की कुर्की करने पहुंची तो वहां पुलिस को ताला मिला। पता लगा कि अब्दुल मलिक और बेटे मोईद की पत्नी का भी घटना के बाद से कोई पता नहीं है। दंगे में दोनों फरार सास-बहू न तो नामजद हैं और न ही आरोपी हैं, लेकिन जांच के दायरे में जरूर हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पूछताछ होने पर दोनों से दंगे के अहम सुबूत मिल सकते हैं। जिसके बाद यह साफ होगा कि दोनों को दंगे में आरोपी बनाया जाएगा या नहीं।

शातिर अपराधी की तरह चकमा दे रहा मलिक

हल्द्वानी : अब्दुल मलिक पर आपराधिक मामले दर्ज हैं और न्यायालय में विचाराधीन हैं, लेकिन एक अर्से से उसके खिलाफ कोई मुकदमा नहीं हुआ। हालांकि जिस तरह से वह पुलिस की आंख में धूल झोंक रहा है, वह तरीका किसी पेशेवर मुजरिम से कम नहीं है। आलम यह है कि लुकआउट नोटिस जारी होने के बाद उसकी तलाश में जुटी देश भर की एजेंसियां भी उसे पकड़ नहीं पा रही हैं।

शनिवार को खत्म हो सकता है बनभूलपुरा में कर्फ्यू

हल्द्वानी : दंगे के दौरान ही जिले के पूरे पुलिस बल को हल्द्वानी तलब कर लिया गया। अगले दिन शहर में कर्फ्यू घोषित कर दिया गया और सुरक्षा के लिए पैरा मिलिट्री फोर्स को भी बुला लिया गया। धीरे-धीरे कर्फ्यू में ढील दी जा रही है। अब सिर्फ बनभूलपुरा में ही कर्फ्यू है और वो भी सिर्फ रात का। बताया जा रहा है कि शुक्रवार (जुमा) के बाद पैरा मिलिट्री फोर्स को वापस भेज दिया जाएगा और कर्फ्यू खत्म कर दिया जाएगा।

रोमांचक मुकाबले में डीके स्पोर्ट्स ने जीता 18 रनों मैच

हल्द्वानी, अमृत विचार: कुमाऊं कप यू-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में हर दिन रोचक मुकाबले हो रहे हैं। सोमवार को भी डीके स्पोर्ट्स व कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी के बीच शानदार मैच हुआ। पहले बल्लेबाजी करने उतरी डीके स्पोर्ट्स के बल्लेबाज जब कम रनों के अंतराल में एक-एक कर पैवेलियन लौटने लगे तो दर्शकों को लगा कि यह मैच आसानी से कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी की झोली में चला जाएगा लेकिन डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाजों ने इतनी सधी हुई गेंदबाजी की कि बल्लेबाजों के लिए एक-एक रन बंटोरना कठिन होता गया और अंत में डीके स्पोर्ट्स ने कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी को 18 रनों से हरा दिया। जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को खेल गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीके स्पोर्ट्स ने 38 ओवरों में सभी विकेट खोकर 173 रन बनाए। टीम के लिए हार्दिक राज बिष्ट ने 7 चौकों की मदद से नाबाद 50 और शिलांग राज शर्मा ने 5 चौकों की मदद से 31 रनों का योगदान दिया।

मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स ने किया कार्य बहिष्कार

खटीमा में धरने पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन ने बैनर तले कार्यकत्रियों ने कार्य बहिष्कार कर लोक परिसर में धरना दिया। उन्होंने कहा कि मांगे पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बाल विकास अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।

बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में धरना देते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि वह पिछले लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर उच्च अधिकारियों तक पहुंचाना चाहती है लेकिन उन्हें पहुंचाने का मौका नहीं दिया जा रहा है यह भी कहा कि विभिन्न माध्यमों से उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक अपना ज्ञापन भेजा है बावजूद इसके आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें 600 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय 18 हजार रुपए मासिक दिया जाय। यह भी कहा है की 15 वर्ष की सेवा पूरी होने पर प्रति वर्ष मानदेय बढ़ाना सुनिश्चित किया जाए और सेवानिवृति पर दो लाख का प्रावधान किया जाय। उन्होंने गोल्डन कार्ड जारी करने, सरकारी योजनाओं का लाभ देने, मृतक आश्रित को सुविधा लागू करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा।

श्रमिकों को कंबल छाता व सेनेटरी नैपकिन बांटे

बाजपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शुरू किए गए उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामकार बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को श्रम कार्यालय में किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा नेता राजेश कुमार ने किया।

पंजीकृत श्रमिकों को उच्च क्वालिटी का कंबल, छाता व सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। बताया गया कि विकासखंड बाजपुर के लगभग 9000 पंजीकृत कर्मकार बोर्ड के श्रमिकों को इसका लाभ मिलेगा। इसके लिए उनको एक फोटो श्रमिक पंजीकरण पुस्तिका लाकर सत्यापन करवाना होगा। इस मौके पर श्रम अधिकारी बाजपुर महेश चंद्र बेलवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, लोकतंत्र सेनानी गोपाल कोच्छड़, प्रधान संघ अध्यक्ष महेश राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता विमल शर्मा, अमित चौहान, विशाल चौहान, जोगिंदर सिंह, दाताराम, धारा देवी, सुमन देवी, प्रताप सिंह, केला देवी, सुनीता देवी, बबलू, गेंदालाल, जोगिंदर पाल, नीरज सिंह रहे।

फरवरी 2023 में निगम ने 89 महिलाओं को सौंपा था यूजर चार्ज वसूली का जिम्मा

नारी शक्ति सेना का विकल्प तलाशेगा निगम

नाकामी

- लक्ष्य के सापेक्ष नहीं हो पा रही है यूजर चार्ज की वसूली
- फिलहाल 29 फरवरी तक सेना को दिया गया है मौका

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचार: नगर निगम में यूजर चार्ज की शत-प्रतिशत वसूली नहीं होने पर निगम ने पिछले दिनों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वार्डों से यूजर चार्ज की वसूली की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसे नारी शक्ति सेना नाम दिया गया था। लेकिन नारी शक्ति सेना द्वारा शत-प्रतिशत यूजर चार्ज नहीं वसूले जाने के कारण निगम ने इसका विकल्प तलाशना शुरू कर दिया है। फिलहाल 29 फरवरी तक सेना को एक मौका दिया गया है।

दरअसल, नगर निगम कर्मचारियों के कमी के चलते वार्डों से यूजर चार्ज की वसूली नहीं कर पा रहा था। इससे निगम को काफी राजस्व का नुकसान हो रहा था। राजस्व में वृद्धि हो इसके लिए फरवरी माह में निगम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वार्डों से कूड़े के एवज में लिये जाने वाले यूजर चार्ज की वसूली की जिम्मेदारी सौंपी थी। एवज में महिलाओं को कुछ वसूली का 25 फीसदी दिये जाने का अनुबंध हुआ। इसके बाद नारी शक्ति सेना ने से जुड़ी 89 महिलाओं ने वार्डों से 22 फरवरी 2023 से यूजर चार्ज की वसूली शुरू कर दी थी।

निगम के अधिकारियों के अनुसार शुरुआती दिनों में नारी शक्ति सेना ने काफी राजस्व की वसूली की थी। इस बीच सेना में शामिल कई महिलाएं यूजर चार्ज की वसूली नहीं कर पा रही थी। इस कारण 25 महिलाओं ने काम छोड़ दिया।

जनवरी 2024 के अंत में नई 25 महिलाओं को सेना से जोड़ा गया। वहीं राजस्व वसूली शत-प्रतिशत नहीं होने के कारण सेना को फरवरी के अंत तक काम करने के एक मौका दिया गया है। अगर शत-प्रतिशत वसूली नहीं हुई तो निगम फिर सेना का विकल्प तलाश करेगी।

> प्रतिमाह निगम के वार्डों से करीब 25 से 30 लाख रुपये की वसूली होनी चाहिए। लेकिन नारी शक्ति सेना 10 लाख तक यूजर चार्ज की वसूली कर रही है। कम वसूली के चलते सेना को इस माह का समय दिया गया है। अगर शत-प्रतिशत वसूली नहीं होती है तो निगम विकल्प तलाश करेगा।
>
> **-राजू नबियाल**, सहायक नगर आयुक्त, रुद्रपुर नगर निगम

अनाधिकृत व्यय रोकना निगरानी तंत्र का काम

मास्टर ट्रेनर ने दो पालियों में दिया प्रशिक्षण, प्रशिक्षण में शत-प्रतिशत मतदान की दिलाई गई शपथ

प्रशिक्षण

- लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराना सभी का दायित्व
- कैश व सामग्री की सीजर कार्यवाही नियमों से की जाए

संवाददाता, रुद्रपुर

रुद्रपुर में शपथ लेते व्यय निगरानी तंत्र में शामिल लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर व्यय निगरानी तंत्र की टीमों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान टीम में शामिल एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीएसटी, एलएमटी, एमसीएमसी व लेखा को मास्टर ट्रेनर द्वारा दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गयी।

सोमवार को विकास भवन सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी ने कहा कि निर्वाचन अनाधिकृत व्यय को रोकने के लिए नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करना व्यय निगरानी तंत्र का दायित्व है। ताकि निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण पारदर्शिता से संपन्न कराया जा सके। निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की जांच आदि कार्यों की वीडियोग्राफी अवश्य की जाए। साथ ही सभी टीमें कार्यों की प्रतिदिन रिपोर्ट भेजें। ताकि प्रत्याशियों का व्यय लेखा-जोखा रखा जा सके।

नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय तंत्र मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल ने कहा कि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने वाली है। उन्होंने कहा कि जनपद में 9 विधानसभा टीमों का गठन किया गया है। सभी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों का संपादन करेंगे। कैश व सामग्री की सीजर कार्यवाही नियमानुसार करने के साथ ही सभी कार्यों की वीडियोग्राफी करेंगे। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर जुबक मोहन सक्सेना, अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह, सहायक नोडल अधिकारी व्यय अनिल चौहान, सहायक लेखाधिकारी राजीव वर्मा, कमलेश संग्रोला आदि उपस्थित थे।

भांजा व मौसेरा भाई बन 4.50 लाख रुपये ठगे

संवाददाता, खटीमा

अपराध

- अलग-अलग मामलों में दो लोग हुए ठगी के शिकार
- पीड़ितों ने पुलिस से की धनराशि वापस दिलाने की मांग

अमृत विचार: साइबर क्राइम की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। अब तो साइबर क्राइम करने वाले रिश्तेदार बनकर चूना लगाने लगे हैं। कॉल कर एक व्यक्ति ने मौसेरा भाई बनकर 3.5 लाख तो दूसरे ने भांजा बन मामा को एक लाख का चूना लगा दिया।

विकासखंड में पूरनापुर निवासी मलकीत सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आई और कॉल करने वाले ने स्वयं को उसका भांजा युवराज सिंह बताते हुए घर का हाल चाल पूछा। फिर उसने कहा कि मैं आपके खाते में एक लाख रुपए भेज रहा हूं। एक नंबर देते हुए कहा कि आप इस नंबर पर दिल्ली पैसे भेज दें। पीड़ित ने बताया कि मैंने दिए नंबर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के खाते में एक लाख रुपए भेज दिए। पीड़ित ने यह भी कहा है कि उस व्यक्ति ने उसके खाते में पैसे भेजने की बात कही लेकिन यह रकम आज दिन तक उसके खाते में नहीं आई है। पीड़ित ने उक्त साइबर ठक के खिलाफ कार्रवाई कर पैसे वापस दिलाने की गुहार की है। पुलिस ने कथित आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है।

एक अन्य मामले में सुनपहार निवासी जसविंदर सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि बीते 29 मई 2023 को उन्हें एक कॉल आती और कॉल करने वाला खुद को मेरी मौसी का लड़का बताता है। आवाज मिलने के कारण मुझे लगा कि यह मेरा रिश्तेदार ही है। जिस पर मैने उसके द्वारा दिए गए नंबरों पर 3.5 लाख रुपये भेज दिए। पीड़ित ने कार्रवाई कर पैसे दिलाने की गुहार की है।

कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल

पत्रांक - 2484/X-6 दिनांक - 03-02-2024

नोटिस

1- श्री रोहित वर्मा पुत्र स्व० श्री विनोद कुमार वर्मा निवासी मोहल्ला अवन्तिका नरसिंहवाडी बांसगली अल्मोड़ा।

2- श्रीमती लता वर्मा एवं रीतिका वर्मा पत्नी/पुत्री स्व० श्री विनोद कुमार वर्मा निवासी मोहल्ला अवन्तिका नरसिंहवाडी बांसगली अल्मोड़ा। 263601

3- श्री बसंत वर्मा, श्री राजकिशोर वर्मा, श्री नरेन्द्र वर्मा पुत्रगण स्व० श्री मोहन लाल वर्मा निवासी मकान नं० 191 मल्लीताल बाजार मल्लीताल नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) अधीन एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं० 7 भवन सं० 191 का 1/2 भाग मल्लीताल बाजार मल्लीताल नैनीताल सम्पत्ति जो कि पालिका अभिलेखानुसार श्री बसंत वर्मा, श्री राजकिशोर वर्मा, श्री नरेन्द्र वर्मा, श्री विनोद कुमार वर्मा के नाम से दर्ज चली आ रही है के सम्बन्ध में निम्नलिखित संसोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रुप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

उपरोक्त सम्पत्ति एक सहभागीदार स्वामी श्री विनोद कुमार वर्मा की मृत्यु हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, अनापत्ति शपथ पत्र एवं शपथ पत्रों के आधार पर उनके वर्तमान उत्तराधिकारी श्री रोहित वर्मा पुत्र स्व० श्री विनोद कुमार वर्मा का नाम पालिका अभिलेखों में सहभागीदार स्वामी के रुप में दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद, नैनीताल

किस दल से चुनाव लड़ूं, समय आने पर करूंगा तयः पाल

मोदी की तारीफ

- पूर्व विधायक पाल ने की प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की नीतियों की तारीफ

संवाददाता, बाजपुर

बाजपुर में पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व विधायक नारायण पाल। ● अमृत विचार

अमृत विचार: पूर्व विधायक नारायण पाल ने किसी दूसरी पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। वह यहां भाकियू उग्राहां के प्रदेश अध्यक्ष बल्ली सिंह चीमा के साथ किसानों की समस्याओं पर वार्ता करने आए थे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री व भाजपा की तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा ने श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ ही जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने जैसे कई बड़े कार्य किए हैं। उनकी मांग है कि भाजपा जनसंख्या नियंत्रण पर भी बिल लेकर आए जिससे देश तरक्की की राह पर और आगे बढ़ सके।

उन्होंने किसानों के संदर्भ में कहा कि किसान देश का अन्नदाता है जिसकी आवाज सुनी जानी चाहिए। वह चाहते हैं कि सभी मुद्दों पर न सही, लेकिन किसान हित की विशेष मांगों न्यूनतम समर्थन मूल्य व कर्जा माफी पर विचार किया जाना चाहिए। पाल ने कहा कि वह भी दो दिन के लिए किसान आंदोलन में शामिल होने दिल्ली जा रहे हैं, जहां किसान नेताओं से बात कर ऊधमसिंह नगर में भी किसान आंदोलन को सक्रिय करने का कार्य किया जाएगा। वहीं लोकसभा चुनाव लड़ने के संदर्भ में पाल ने कहा कि एक-दो पार्टियों के प्रस्ताव उनके पास आए हैं जिस पर समय आने पर विचार किया जाएगा। क्योंकि वह राजनैतिक व्यक्ति हैं और पूर्व में भी लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने बाजपुर में जारी आंदोलन के संदर्भ में मुख्यमंत्री से मांग की है कि 20 गांव की भूमि पर जो कमेटी गठित की थी उसकी रिपोर्ट को तत्काल मंगाते हुए उस पर अमल किया जाए जिससे लोकसभा चुनाव से पूर्व ही किसानों को उसका लाभ मिल सके। वहीं भाकियू उग्राहां के प्रदेशाध्यक्ष जनकवि बल्ली सिंह चीमा ने कहा कि 22 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक होने जा रही है। इसके उपरांत मांगों को लेकर आंदोलन तेज किया जाएगा।

जयनगर में अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

हादसा

- मॉर्निंग वॉक के दौरान हुआ सड़क हादसा

रुद्रपुर। सोमवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार जयनगर स्थित कॉलोनी के रहने वाले 66 वर्षीय भीम सिंह अपने परिवार के साथ रहते थे। सोमवार की सुबह छह बजे वह घर से मॉर्निंग वॉक कर रहे थे कि अचानक सड़क पार करते वक्त अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में बुजुर्ग को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

आंदोलन 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन जारी

भूमिधरी अधिकारों को लेकर अनशन पर डटे रहे किसान

संवाददाता, बाजपुर

बाजपुर तहसील परिसर में आंदोलन स्थल पर क्रमिक अनशन के दौरान प्रदर्शन करते आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन को सात माह पूरे होने जा रहे हैं। सरकार के आश्वासन के बाद भी अभी तक समाधान न होने से आंदोलनकारी किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है।

सोमवार को आंदोलन स्थल पर आंदोलन के भावी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए किसानों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि बाजपुर के लोगों को मुख्यमंत्री व सरकार के आश्वासन पर जो विश्वास बना था वह धीरे-धीरे टूटता जा रहा है। आंदोलन स्थल पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की अध्यक्षता में हुई किसान यूनियन की बैठक में 21 फरवरी को जिला मुख्यालयों पर प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च को लेकर विचार विमर्श कर रणनीति बनाई गई और तय किया गया कि बाजपुर क्षेत्र के सभी ट्रैक्टर दोराहा रोड पर एकत्र होकर 9 बजे रुद्रपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, राजनीत सिंह सोनू, प्रेम सिंह सहोता, शीतल सिंह, बिजेंदर डोगरा, प्रताप सिंह संधू, हरदेव सिंह, मलूक सिंह, जसवंत सिंह, जसवीर सिंह, गुरमीत सिंह, सिकंदर सिंह, नत्था सिंह आदि मौजूद थे।

वहीं सोमवार को क्रमिक अनशन पर पं.अमरनाथ शर्मा, प्रधान विचित्र सिंह, रणवीर सिंह, देवेश प्रताप सिंह व उदयवीर सिंह को भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा व भाकियू प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड़ा ने माल्यार्पण कर बैठाया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां प्रदेश अध्यक्ष बल्ली सिंह चीमा, महेंद्र सिंह रंधावा, योगेश सैनी, राजकुमार, राज किशोर सिंह, राजा सिंह समरा आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

चोरी के मामले में दो संदिग्ध हिरासत में

काशीपुर। आईटीआई पुलिस ने चोरी के मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने उनके पास से चोरी के दो दो व्यवसायिक सिलेंडर भी बरामद किये है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार करीब दो माह पूर्व रामनगर की एक महिला ने चैती चौराहे के पास एक होटल खोला था। उसने वहां एक युवक को कारीगर रखा था। लगभग एक माह पूर्व उसे होटल से हटा दिया। इस पर उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर होटल में चोरी करने की योजना बनाई। दो दिन पूर्व उसने मौका पाकर होटल से दो व्यवसायिक सिलेंडर चोरी कर लिए। महिला की तहरीर पर पुलिस ने दोनों संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने दोनों संदिग्धों की निशानदेही पर चोरी हुए सिलेंडर भी बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

अवैध कच्ची शराब के साथ दो आरोपी दबोचे

खटीमा। कोतवाली पुलिस के राजेंद्र ओली ने 17 फरवरी रात करीब 7 :30 बजे झनकट निवासी भूपेंद्र चंद को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया। जबकि एक अन्य घटना में उसी दिन बिगराबाग के बिचई उमरूकलां मार्ग पर कांस्टेबल खिमगिरी ने बिगराबाग निवासी श्री कृष्ण को 30 पाउच यानी 15 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों मामलों में आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया।

सरिया भरी ट्राली पलटने से चालक सहित चार घायल

खटीमा। मझोला के मुख्य मार्ग पर बीते दिवस सरिए से लदा ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को 108 वाहन की सहायता से न्यूरिया के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। सत्रहमील चौकी के अंतर्गत गगन पैलेस के सामने सरिया लदा हुआ एक ट्रैक्टर ट्रॉली सरिया की रस्सी टूटने से अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे पलट गई। जिसमें सवार चालक नत्थूलाल 75 निवासी खब्बापुर थाना न्यूरिया, रिंकू 24, भगवतशरण 22 और राहुल 18 निवासी खब्बापुर थाना न्यूरिया जनपद पीलीभीत गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 की मदद से न्यूरिया चिकित्सालय उपचार के लिए भेजा गया है। इस दौरान चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, कांस्टेबल हरेंद्र थापा, रवि कुमार, विपिन कुमार आदि थे।

भगवानपुर में बसे परिवारों को भेजा गया है नोटिस, गुस्साए लोगों ने धरना-प्रदर्शन कर जताया रोष

1975 से बसे लोगों को हटाने के नोटिस पर गुस्सा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः गांव भगवानपुर में वर्षों पहले बसे लोगों को खाली करने का नोटिस जारी होने से भड़के लोगों ने धरना-प्रदर्शन कर रोष जताया। उनका कहना था कि कुछ भू-माफिया साजिश के तहत लोक निर्माण विभाग के माध्यम से नोटिस भेजकर कॉलोनी काटने की फिराक में हैं। इसी कारण विभाग ने भूमि को खाली कराने का नोटिस जारी कर दिया है, जबकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

रुद्रपुर में डीएम कार्यालय पर धरना देते भगवानपुर के लोग। ● अमृत विचार

सोमवार को डीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने के दौरान पीड़ित परिवारों का कहना है कि गांव भगवानपुर में लोक निर्माण विभाग की जगह है। जिस पर 1975 में तत्कालीन विधायक देव बहादुर सिंह और तत्कालीन एसडीएम द्वारा इंदिरा गांधी स्वजल योजना के तहत 50 परिवारों को बसाया गया था और उसी योजना के तहत सड़क व बिजली की व्यवस्था करवाई थी। आरोप है कि लोक निर्माण विभाग से मिलकर कुछ भू-माफिया बसे लोगों को हटाकर कॉलोनी काटने की योजना बना रहे हैं और मिलीभगत के कारण विभाग ने भूमि को खाली कराने का नोटिस अक्टूबर माह 2023 में भी दिया था।

इसके बाद से मामला न्यायालय में विचाराधीन है। बावजूद विभाग जबरन नोटिस देकर बसे लोगों को उजाड़ने की कोशिश कर रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि बसे परिवारों को उजाड़ा गया तो 50 परिवार बेघर हो जाएंगे। उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए मामले की जांच कर नोटिस पर रोक लगाने की मांग की। आगाह किया कि यदि बेवजह बसे लोगों को उजाड़ा गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर निर्मला देवी, कुसुम देवी, इंदिरा देवी, रमावती देवी, कबूतरी देवी, पुष्पा देवी, हरेराम, विश्वा मित्र, ओम प्रकाश, रमा शंकर, गणेश साहनी, जय प्रकाश आदि मौजूद रहे।

कमरे में फांसी लगाकर सिडकुल कर्मी ने दी जान

संवाददाता, रुद्रपुर

दुखद

- आदर्श कॉलोनी घास मंडी का है मामला, सीओ सदर ने ली घटना की जानकारी

अमृत विचारः किराए के कमरे में एक सिडकुल कर्मी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सीओ सदर और आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी ने घटना की जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मूल रूप से गांव नरतोला ओखलकांडा ब्लॉक निवासी 30 वर्षीय गोधन सिंह अपने पिता कुंदन सिंह के साथ आदर्श कॉलोनी वार्ड-36 में किराए के मकान में रहता था। युवक सिडकुल की एक कंपनी में काम करता था और पिता कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। रोजमर्रा की भांति पिता रविवार रात 8 बजे ड्यूटी चले गए और सुबह 8 बजे जब वापस घर लौटे तो काफी आवाज देने के बाद भी बेटे ने दरवाजा नहीं खोला। जिस पर स्थानीय लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि युवक पंखे की कुंडी पर लगे फंदे में लटका हुआ है। सूचना पर सीओ सदर निहारिका तोमर व चौकी प्रभारी विजय कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवक परिवार का सबसे बड़ा बेटा था और पिता-पुत्र मिलकर परिवार की आर्थिक स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहे थे।

वर्कचार्ज कर्मियों को पेंशन न मिलने से आक्रोश, प्रदर्शन

कल मुख्यालय में धरना- प्रदर्शन करने की चेतावनी, कहा-सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन नहीं मिलने से हो रही है परेशानी

गुस्सा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः वर्कचार्ज कर्मचारियों को पेंशन का लाभ नहीं मिलने से लोक निर्माण विभाग के राजकीय वाहन चालक संघ के पदाधिकारियों में आक्रोश है। विरोध में पदाधिकारियों ने विभाग परिसर में धरना दिया और प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर 21 फरवरी को मुख्यालय में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

सोमवार को लोक निर्माण विभाग परिसर में धरने के दौरान राजकीय वाहन चालक संघ के प्रदेश महामंत्री संग्राम सिंह नेगी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग में कार्यरत वर्कचार्ज कर्मचारियों के संबंध में उच्चतम न्यायालय ने 2 सितंबर 2019 को दिये निर्णय में वर्कचार्ज की सेवा को अर्हकारी सेवा मानते हुए पेंशन देने के आदेश दिये थे। इसके बाद दोनों विभागों ने उच्चतम न्यायालय के आदेश जारी किये। इसके बाद 8 मई 2023 को शासन ने विधिमान्यकरण अधिनियम जारी किया।

उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के बाद सेवानिवृत्त हो रहे वर्कचार्ज कर्मचारियों को पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि कर्मचारियों को दैनिक वेतन और कार्य प्रभारी अधिष्ठान 15-25 वर्ष से अधिक कार्य करने और विभाग में 35-39 वर्ष तक नियमित सेवा करने के बाद भी पेंशन और अन्य लाभों से वंचित किया जा रहा है। जिस कारण कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। इस अवसर पर परमानंद, मनोज, विक्रम सिंह, दीवान सिंह, राकेश, अशोक सना, हरीश राणा, अशरफी लाल, सुभाष राम, प्रेम पाल, राजेश यादव, राजवीर समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

लोनिवि में धरना-प्रदर्शन करते लोनिवि के वर्कचार्ज कर्मी। ● अमृत विचार

काशीपुर में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते लोक निर्माण विभाग के चतुर्थ कर्मचारी।

मांगों को लेकर लोनिवि कर्मियों ने दिया धरना

संवाददाता, काशीपुर

चेतावनी

- राजकीय वाहन चालक संघ के फील्ड कर्मियों ने जताया रोष
- शीघ्र मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

अमृत विचारः लोक निर्माण विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने अपनी तीन मांगों को लेकर लोक निर्माण विभाग के प्रांगण में एक दिवसीय कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान राजकीय वाहन चालक संघ के फील्ड कर्मचारियों ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने 2019 को वर्कचार्ज की सेवा को अर्हकारी सेवा मानते हुए पेंशन दिए जाने के आदेश दिए थे।

उच्चतम न्यायालय के निर्णय का पालन करते हुए लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग ने 4 फरवरी 2020 को आदेश निर्गत किए गए थे। तत्पश्चात 8 मई 2023 को विधिमान्यकरण अधिनियम उत्तराखंड शासन द्वारा जारी किया गया था, जिस कारण सेवा निर्मित हो रहे संबंधित कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिल पा रही है, इसी के साथ ही वर्कचार्ज हुए सेवा निर्मित फील्ड कर्मचारियों से की जा रही कटौती बंद की जाए। इसी के साथ ही मंत्रिमंडल की गठित उप समिति के सम्मुख फील्ड कर्मचारियों का पक्ष रखने के लिए राजकीय वाहन चालक संघ लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड को भी समय दिया जाए।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में कमल सिंह नेगी, कल्लू सिंह, सुरेश कुमार, रमेश पाल, रईस आदि कर्मचारी शामिल रहे।

नकली सोने की अंगूठी दिखाकर ठगे 50 हजार

रुद्रपुर। कोतवाली इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति को अपनी मजबूरी बताकर नकली सोने की अंगूठी थमा डाली और उसकी एवज में 50 हजार रुपये का चूना लगा डाला। आरोप था कि ठगों ने पुलिस द्वारा सीज वाहन को छोड़ने की एवज में पैसे मांगे थे। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार बिदुखेड़ा निवासी गुरमीत सिंह ने बताया कि 28 जनवरी की सुबह चार बजे गांव का ही एक व्यक्ति अपनी मां के साथ घर पर आया। पुलिस द्वारा सीज गाड़ी को छुड़ाने के लिए 50 हजार रुपये की मांग करता है। बार-बार गुहार लगाने और ठगों द्वारा दो सोने की अंगूठी के बदले रकम देने का भरोसा जताया और आश्वासन दिया कि दो दिन बाद पैसा वापस कर अंगूठी छुड़ा ली जाएगी। बातों पर विश्वास करते हुए उसने मां बेटे को 50 हजार की रकम का भुगतान कर दिया और कुछ दिन इंतजार कर जब अंगूठी को सुनार के पास ले गया तो पता चला कि दोनों ही सोने की अंगूठी नकली है। जब उसने पैसों के लिए तकादा किया तो आरोपी आनाकानी करने लगे और 13 फरवरी को जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जान बचाकर भागने के बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

चेक बाउंस प्रकरण में दोषी को एक साल का कारावास

फैसला

- 6.14 लाख रुपये का बकाया देने का भी दिया आदेश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः-ट्रैक्टर लोन के नाम पर फाइनेंस कंपनी को चूना लगाने के दोषी को एसीजेएम सीनियर डिवीजन की अदालत ने एक साल का कारावास और 6.14लाख का भुगतान फाइनेंस कंपनी को करने का आदेश दिया।

परिवादी के अधिवक्ता आरएस रावत ने बताया कि 28 नवंबर 2016 को ग्राम भोगपुर डाम तीर्थ नगर जसपुर निवासी हरदीप सिंह द्वारा महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंस कंपनी से स्वराज ट्रेक्टर संख्या यूके18सी7990 पर ऋण लिया था। जिसकी 500 रुपये मासिक किस्त के अनुसार 36 किश्त बनाई गई थी। आरोपी ने नियमानुसार किस्तों का भुगतान नहीं किया। इसके बाद कंपनी के फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक विधिक सत्येंद्र कुमार द्वारा अधिवक्ता के माध्यम से दिए गए पते पर नोटिस भेजा तो आरोपी ने नोटिस तामील करने के बाद भी कोई भुगतान नहीं किया। जबकि आरोपी द्वारा फाइनेंस कंपनी द्वारा दिए गए चेक का भी कोई भुगतान नहीं हुआ। एसीजेएम सीनियर डिविजन रश्मि गोयल की अदालत में धारा 138 के तहत सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद दोषी हरदीप सिंह को एक साल का कारावास और 6.14 लाख रुपये फाइनेंस कंपनी को लौटाने का आदेश दिया।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में बढ़ाएं प्रवेश

बैठक

- पर्यटन विभाग से तुमड़िया जलाशय काशीपुर के लिए मांगा प्रस्ताव
- अनु. जाति आयोग के अध्यक्ष ने की अधिकारियों के साथ बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने संबंधित अधिकारियों के साथ अनुसूचित जाति के लिए संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित जिला पंचायत सदस्यों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं की जानकारी अध्यक्ष को दी।

अधिकारियों के साथ बैठक करते आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार। ● अमृत विचार

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिसके बाद संबंधित विभागों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का निराकरण किया गया। उन्होंने अत्याचार उत्पीड़न अधिनियम के तहत जनपद में दर्ज प्रकरणों की अद्यतन स्थिति व भुगतान की स्थिति की पुलिस विभाग एवं समाज कल्याण विभाग से जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए लोगों को जागरूक करें।

उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि काशीपुर स्थित तुमड़िया जलाशय को पर्यटन की दृष्टिगत प्रस्ताव बनाकर प्रेषित करें। उन्होंने अनुसूचित जाति कल्याण से संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार व कुशलतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होने मतदान की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर एडीएम अशोक कुमार जोशी, जिला पंचायत सदस्य दीपा आर्या, क्षेत्र पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार गौतम, मानीक मंडल, ग्राम प्रधान राधा देवी, नेहा गौतम, अंकुर कुमार, राज कुमार, विक्रम सिंह, सुनीता आर्या, पीडी अजय कुमार, जिला विकास अधिकारी सुशील डोभाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार आदि उपस्थित थे।

23 लाख लेने के बाद भूमि की रजिस्ट्री से मुकरा, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः-पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे को ग्राम फौजी मटकोटा की जमीन दिखाकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

भुरारानी निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य की पैरवी करते हुए बेटे तरुण चुघ ने एसएसपी को भेजे पत्र में बताया कि ग्राम फौजी मटकोटा निवासी विनोद सिरोही द्वारा कुछ साल पहले अपनी आधा एकड़ कृषि भूखंड का सौदा 44 लाख रुपये में किया था। सौदा तय होने के बाद 18 जुलाई 2014 को आठ लाख रुपये बयाना दिया और वर्ष 2014 के मध्य में ही कुल 23 लाख रुपये की धनराशि मध्यस्थता कर रहे बंटी ढींगरा व मनीष चुघ के सामने दिया गया। आरोप था कि जब भू स्वामी को भूखंड की रजिस्ट्री कराने की बात कही। तो कई दिनों तक टाल मटोल कर मामला टालते रहा। कई बार गांव की पंचायत के माध्यम से मामले का पटाक्षेप करने का प्रयास किया।

मगर भू स्वामी दबंगई पर उतारू हो गया और लाइसेंसी हथियार से परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद ही एसएसपी से मामले की शिकायत की गई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच करने के बाद भू स्वामी विनोद सिरोही के खिलाफ 23 लाख की धोखा धडी का मुकदमा दर्ज कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

पुण्य कार्य

गुरुद्वारे में संपन्न हुआ सामूहिक विवाह, घर गृहस्थी का सामान व आशीर्वाद देकर नवदंपतियों को किया विदा

एनआरआई ने 20 निर्धन कन्याओं का किया कन्यादान

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचारः गुरुद्वारा कलगीधर सिंह सभा साहिब में विविया समारोह आयोजित कर कनाडा से आए एनआरआई संदीप सिंह ग्रेवाल ने 20 निर्धन कन्याओं का विधिवत रूप से विवाह संपन्न कराते हुए कन्यादान किया और घर गृहस्थी से संबंधित सभी सामान व आशीर्वाद देते हुए विदा किया।

गुरुद्वारा प्रबंधक बलविंदर सिंह व संदीप सिंह ग्रेवाल ने सभी नवविवाहित जोड़ों का सिख परम्परा से विवाह संपन्न कराया। इस दौरान गुरुद्वारे में अखंड पाठ का भोग रखा गया। सभी कार्यक्रम संपन्न होने के बाद गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन किया गया। जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिन कन्याओं का विवाह संपन्न हुआ उनमें दाह की सुमनदीप कौर, जादोपुर की आरती, नानकमत्ता की मनवीर कौर जगप्रीत कौर, कमलजीत कौर, पूजा देवी, बलजीत कौर, सुनपहर की प्रिया कुमारी, मनीषा कुमारी, सविता, अमिंदर कौर, हरजीत कौर, राजवीर कौर आदि को वाशिंग मशीन, फ्रिज, टीवी, बक्से, ड्रेसिंग टेबल, बेड, कुर्सियां, टेबल, अलमारी, रजाई, गद्दे, कपड़े सहित घर गृहस्ती का सामान उपहार स्वरूप भेंट किया।

खटीमा में विवाह मंगलसूत्र में बंधे 20 जोड़ों के साथ कनाडा से आए एनआरआई संदीप सिंह ग्रेवाल। ● अमृत विचार

कार्यक्रम का संचालन कंचनपुरी समिति पूर्व अध्यक्ष जसविंदर सिंह बाजवा ने किया। एनआरआई संदीप सिंह ग्रेवाल ने आगंतुकों का आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पीलीभीत संजीव प्रताप सिंह, गुरप्रीत सिंह, सेवा सिंह, मक्खन सिंह, गौरी शंकर, बलकार सिंह, मगर सिंह, रंजीत सिंह आदि थे।

रेस्क्यू कर एक व्यक्ति को बचाया

मॉकड्रिल

- आमहुआ खेड़ा स्थित फैक्ट्री में फायर कर्मियों ने किया मॉक ड्रिल का आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः फायर स्टेशन की ओर से महुआखेड़ा स्थित एक औद्योगिक इकाई में मॉक ड्रिल और जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया।

सोमवार को महुआ खेड़ा स्थित यूनिको प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें फैक्ट्री के प्रोटेक्शन हाउस में आग लगने और एक व्यक्ति अंदर फंसे होने की सूचना फायर स्टेशन को प्राप्त हुई। सूचना पर एक फायर यूनिट ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर पानी की बौछार कर काबू में किया। उसके बाद फायर रेस्क्यू टीम ने प्रोडक्शन हाउस से एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में सकुशल रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर लाकर प्रारंभिक उपचार दिया। मॉक ड्रिल समाप्त होने के बाद अग्निशमन अधिकारी गोविंद राम ने फैक्ट्री कर्मचारियों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। इस दौरान लीडिंग फायरमैन खीमानंद, चालक संदीप शर्मा, फायरमैन अर्जुन सिंह, जगदीश प्रसाद, पुष्कर सिंह, कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

महुआखेड़ा स्थित फैक्ट्री में मॉकड्रिल के तहत एक व्यक्ति को रेस्क्यू करते फायर कर्मी।

एक नजर

चाकू व शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने चाकू और कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आईटीआई थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर श्यामपुरम पुलिया के पास से निवाड़खास चौकी मानपुर, भगतपुर मुरादाबाद निवासी बिक्रम सिंह को एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं कुंडेश्वरी पुलिस ने वन विभाग के बैरियर के पास जंगल से 60 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों के साथ ग्राम जगतपुर निवासी जसविंदर सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का संबंधित धाराओं में चालान किया है।

कार की टक्कर से महिला घायल, अस्पताल में भर्ती

बाजपुर। सोमवार को नई सड़क बरहैनी निवासी हुकुम सिंह सैनी (45) पुत्र ख्याली राम सैनी अपनी पत्नी वीरवती के साथ बाइक से शादी समारोह में शामिल होने के लिए मुरादाबाद जा रहे थे। इसी बीच नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग स्थित एक मैरिज हॉल के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो कार ने हुकुम सिंह की बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान दोनों बाइक से गिर गए। जिसमें गंभीर रूप से महिला घायल हो गई। इस दौरान बरहैनी की ओर से आ रहे दो कार सवार युवकों ने मानवता का परिचय देखते हुए घायल महिला को अपनी कार से लाकर बाजपुर के जिला उप चिकित्सालय में भर्ती कराया।

लोस चुनाव में भाजपा के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होकर लौटे निवर्तमान मेयर, कहा-पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की महाशक्ति बनकर उभरेगा

तैयारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भरत मंडपम में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में रुद्रपुर से निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, नैनीताल लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह सहित कई वरिष्ठ नेताओं के विचारों को सुना और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया।

सोमवार को रुद्रपुर लौटने पर निवर्तमान मेयर रामपाल ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए व्यापक रणनीति तय की गयी है। यह अधिवेशन भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा। अधिवेशन में अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं। साथ ही वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन से पार्टी में नई ऊर्जा का संचार होगा।

उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने हर कार्यकर्ता से आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका का निर्वहन करने को कहा है। साथ ही आह्वान किया कि कार्यकर्ता हर लाभार्थी के पास जाए। कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में, भाजपा सरकार गरीबों व वंचितों के विकास के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायी नेतृत्व में तीसरे कार्यकाल 'मोदी 3-0' में भारत निश्चित ही विश्व की महाशक्ति बनकर उभरेगा और 2047 तक भारत, विकसित राष्ट्र बनकर संपूर्ण विश्व का नेतृत्व करेगा।

भाजपा के नेताओं के साथ निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह। ● अमृत विचार

बाजपुर में लाभार्थी संपर्क कार्यशाला को संबोधित करते विधानसभा विस्तारक विनोद तिवारी व मंचासीन पदाधिकारीगण।

भाजपा को जिताने के लिए जी जान से जुटें कार्यकर्ता: सेमवाल

खटीमा। भारतीय जनता पार्टी झनकट मंडल की लाभार्थी कार्यशाला ब्लॉक सभागार में मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य वक्ता कमलेंद्र सेमवाल कार्यकर्ताओं को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट पांच लाख मतों के अंतराल से जीती जा सकती है। उन्होंने कहा कि एक से तीन मार्च तक प्रत्येक बूथ में टोली बनाकर लगभग 40 मतदाताओं से और लाभार्थी परिवारों से मिलकर उनके साथ संवाद करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के मूल मंत्र अबकी बार 400 पर को सफल करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को 100 दिन काम करने की सलाह दी। संचालन मंडल महामंत्री महेश राणा ने किया। इस अवसर पर महेश भट्ट, नंदन सिंह खड़ायत, दिनेश वर्मा, शिव शंकर भाटिया, मनोज राणा, किशोर जोशी, सुरेश जोशी, अनीता ज्याला, मनोहर सिंह मेहरा, गोकुल ओली, हीरा सिंह बोरा, बसंत सिंह धामी, विमला धामी रहे।

खटीमा में भाजपा झनकट मंडल की लाभार्थी कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ता।

मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए जुटें कार्यकर्ता

बाजपुर। सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में सोमवार भारतीय जनता पार्टी की लाभार्थी संपर्क कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लाभार्थी संपर्क अभियान के जिला संयोजक कमलेश ने कार्यकर्ताओं से कहा कि एक मार्च से लेकर 3 मार्च तक बूथ अध्यक्ष और बूथ एजेंट लाभार्थियों से संपर्क करेंगे। अपने संबोधन में पूर्व राज्य मंत्री राजेश कुमार ने कहा कि संगठन द्वारा दिया कार्य हर कार्यकर्ता तन-मन से करें तभी हम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना सकेंगे। जिस भी बूथ अध्यक्ष को जो जिम्मेदारी मिलेगी उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएं और अपने बूथ में जितने वोट पिछली बार पड़े थे उससे 370 वोट अधिक डलवाएं तब हम 370 की माला मोदी जी को पहना पाएंगे। कार्यक्रम की अगुवाई मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान व संचालन मंडल महामंत्री वीरेंद्र बिष्ट ने किया। इस मौके पर मंडल प्रभारी सर्वजीत सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी, विधानसभा विस्तारक विनोद तिवारी, मंडल महामंत्री नरेंद्र चौधरी, बीडी कांडपाल, कन्नू जोशी, प्रवीण सिंह, विशाल चौहान, साकेत सिंघल, डा.मोहन चंद्र पांडे, श्याम सिंह, धर्म सिंह सैनी, हरिओम सैनी, ओमप्रकाश सैनी, जगदीश सागर, पूजा जिंदल, चंद्रिका फोगाट, जीत कौर, सोनू राठौर, प्रमोद भट्ट आदि मौजूद थे।

टाइल्स रोड का शिलान्यास

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते'ने नगर के वार्ड नंबर-पांच मोहल्ला मुड़िया पिस्तौर में मेन रोड से रेलवे फाटक तक बनने वाली टाइल्स रोड का शिलान्यास पूजा-अर्चना के साथ किया।

इस मौके पर पालिकाध्यक्ष गित्ते ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना भेदभाव जाति-धर्म को दरकिनार कर विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। नगर के प्रत्येक दरवाजे तक टाइल्स रोड पहुंचाने के लक्ष्य के अनुरूप रोडों का जाल बिछाया जा रहा है। पालिका बोर्ड का संकल्प है कि नगर की कोई भी सड़क कच्ची नहीं रहने दी जाएगी। नगर की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पालिका बोर्ड व जनता के सहयोग से बाजपुर नगर को देवभूमि का सर्वाधिक विकसित, स्वच्छ व सुंदर नगर बनाने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने नगरवासियों से सफाई व्यवस्था व विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। इस दौरान सभासद पति निसार अहमद व वार्डवासियों द्वारा चेयरमेन गुरजीत सिंह 'गित्ते' का फूलमाला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर कश्मीर सिंह, वार्ड नंबर-6 के सभासद मो.आसिफ, प्रमोद राजहंस, यशपाल राजहंस, विवेक पांडेय, तेजप्रकाश शर्मा, खलील अहमद, नंदलाल यादव, वाजिद अली आदि मौजूद थे।

टाइल्स रोड का शिलान्यास करने पहुंचे निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते।

कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बाजपुर। नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी अभियान में पुलिस द्वारा 60 लीटर कच्ची शराब सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

बरहैनी पुलिस चौकी प्रभारी एसआई गोविंद सिंह मेहता पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर ग्राम सेमल हरसान निवासी संता सिंह पुत्र राम सिंह को प्लास्टिक के जरीकेन में रखी 40 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित ग्राम हरसान से रम्पुरा तिराहे की तरफ जाते वक्त गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार केलाखेड़ा थाने की पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ ग्राम बाजावाला थाना केलाखेड़ा निवासी निरंजन सिंह पुत्र दीदार सिंह को गावं के शमशान घाट के पास से गिरफ्तार किया है।

चोरी की बाइक के पार्ट्स के साथ दो पकड़े

थाना आईटीआई पुलिस चोरी की बाइक के पार्ट्स के साथ गिरफ्तार आरोपी।

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: पुलिस ने चोरी के बाइक पार्ट्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का संबंधित धाराओं में चालान कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

गढ़वाल सभा कालोनी जसपुरखुर्द निवासी मनोज कुमार गुप्ता ने आईटीआई थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती 14 फरवरी की दोपहर उनकी स्पलैण्डर प्लस बाइक संख्या को अज्ञात चोरों ने घर के बाहर से चोरी कर लिया था। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनको कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी, एसआई जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल नीरज शुक्ला व रमेश बंग्याल शामिल रहे।

चोरों ने दो दुपहिया वाहन उड़ाए

दिनेशपुर। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में दुपहिया वाहन चोरों का गिरोह सक्रिय हो गया है। शनिवार रात्रि अलग-अलग स्थान से चोर दो वाहन चुरा लिए गए। रविवार को खटोला नंबर- दो निवासी सुबल विश्वास पुत्र तुलसी विश्वास ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात्रि नैनीताल बैंक के पीछे खड़ी बाइक नंबर यूके06 बीए 6503 चोरी हो गई। इधर जयनगर नंबर- चार में स्थित अष्टभुजा विंध्यवासिनी मंदिर के पुजारी कैलाश जोशी ने बताया कि मंदिर प्रांगण में खड़ी स्कूटी नंबर- यूके06 एडब्ल्यू 6526 को पूजा- अर्चना में व्यस्त रहने के दौरान चोर स्कूटी लेकर फरार हो गए। इधर पुलिस 4 जनवरी की अर्धरात्रि सम्राट मेगावाट दुर्गापुर एवं 16 जनवरी को बजरंगी कंस्ट्रक्शन एंड हार्डवेयर नेतानगर व सोना सीमेंट एंड हार्डवेयर चांदीपुर में हुई लाखों की चोरी का खुलासा अभी नहीं कर पाई है। अब दुपहिया वाहन चोर भी पुलिस के लिए सिरदर्द बन गए हैं।

हमला करने वाले कार सवार चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: मोहल्ला टीचर्स कालोनी निवासी सचिन रूहेला ने पुलिस को बताया कि 15 फरवरी को वह अपने पिता महेश चंद्र व बेटे हिमांशु रूहेला को लेकर कार से बाजार जा रहा था।

देर रात करीब 8.30 मोहित कंफेक्शनरी के सामने पीछे से आ रही कार संख्या (यूके18/जे7522) के चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। आरोप है कि उसमें बैठे मोहल्ला केशवनगर निवासी मनोज राजहंस पुत्र इंद्रजीत, प्रमोद राजहंस, शेखर राजहंस व प्रवीण कुमार तथा दो अन्य लोग हाथों में डंडे, रॉड व तलवार आदि लेकर उतरे और गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें सचिन रूहेला, पिता महेश चंद्र रूहेला व बेटा हिमांशु रूहेला गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हमले में सचिन के पिता के सिर, आंख व चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

वहीं पुलिस ने तहरीर में नामजद मनोज राजहंस, प्रमोद राजहंस, शेखर राजहंस व प्रवीण कुमार के विरुद्ध धारा 147, 148, 323, 504 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

बेतरतीब खड़े वाहनों से लग रहा जाम

दिक्कत

- परेशान लोगों ने प्रशासन से समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: स्थानीय प्रशासन द्वारा लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने व यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए समय-समय पर चलने वाले अभियान अभी तक सफल नहीं हो पाए हैं। इसका कारण मुख्यमार्ग किनारे आड़े-तिरछे खड़े होने वाले चारपहिया वाहन हैं। जिसके चलते सोमवार को दिनभर जाम की स्थिति बनी रही, जिससे लोगों को काफी फजीहत का सामना करना पड़ा।

सोमवार को साप्ताहिक हाट बाजार के कारण स्थिति बद से बदतर हो जाती है। जिसके चलते स्थानीय प्रशासन ने करीब एक वर्ष पूर्व मुख्यमार्ग व बेरिया रोड पर साप्ताहिक हाट नहीं लगने दिया। वर्तमान में ब्लॉक के सामने लगने वाला कपड़ा बाजार डीएवी स्कूल के पास बैरिया रोड पर चला गया है। ऐसे में मुख्य मार्ग पर पुलिस फड़ लगने नहीं देती है, बावजूद इसके जाम की समस्या में कोई सुधार नहीं हुआ है। सोमवार को भी मुख्यमार्ग पर दो व चार पहिया वाहन आड़े-तिरछे खड़े होने से दिन में कई बार जाम लगा रहा। यहां तक कि राहगीरों का चलना भी मुश्किल हो गया। लोगों का कहना है कि प्रशासन मुख्यमार्ग किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों पर प्रभारी रूप से कार्यवाही करे तो जाम की समस्या से निजात मिल सकती है। इंटर कालेज में कोतवाल नरेश चौहान के प्रयासों से पार्किंग की व्यवस्था की गई लेकिन पार्किंग में जाने को कोई तैयार नहीं है। मुख्यमार्ग पर भगत सिंह चौक इंटर कालेज गेट, बेरिया मोड़, तहसील के सामने तक का क्षेत्र नो-पार्किंग जोन घोषित है, मगर सबसे अधिक वाहनों की पार्किंग इसी क्षेत्र में की जा रही है। जिसमें इ-रिक्शों की सख्या सबसे अधिक है।

बाजपुर में मुख्यमार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

काशीपुर में साहित्य बिक्री स्टॉल में मौजूद स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

तीन स्थानों पर लगाया साहित्य बिक्री स्टॉल

काशीपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघ चालक माधव सदाशिवराव गोलवलकर का जन्मदिन साहित्य बिक्री दिवस के रूप मनाया गया। नगर में भी साहित्य विक्री के रूप में तीन स्थानों महाराणा प्रताप चौक, आवास विकास चौक, स्टेडियम चौक में स्टॉल लगाया गया। इस दौरान जिला प्रचारक सौरभ, तहसील प्रचारक अभिषेक, नगर संघ चालक अमित, महेश, गुरविंदर सिंह चंडोक, रजत सिद्धू, गिरीश तिवारी, आकाश कांबोज, प्रशांत पंडित, लवेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

आक्रोश शीघ्र मांगें पूरी न होने पर सरकार के सभी कार्यों का बहिष्कार करने की दी चेतावनी

मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने दिया धरना

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सेविका मिनी कर्मचारी संगठन से जुड़ीं कार्यकत्रियों ने मानदेय बढ़ाने को लेकर कार्य बहिष्कार किया। उनका कहना था अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो केंद्र और प्रदेश सरकार के सभी कार्यों का बहिष्कार करेंगी।

सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेविका मिनी कर्मचारी संगठन की जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती दर्जनों की संख्या में ब्लॉक पहुंची। जहां उन्होंने चार सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। उनका कहना था कि न्यूनतम मजदूरी को देखते हुए 600 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से 18000 रुपए प्रतिमाह उनको दिया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का रिटायरमेंट होने पर 2 लाख रुपए का प्रावधान रखा जाए जिससे वह अपनी बची हुई जिंदगी अच्छी तरह से जी सकें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गोल्डन कार्ड जारी किए जाएं जिससे वह सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मिनी आंगनबाड़ी के उच्चीकरण का जीओ शीघ्र जारी किया जाए। संगठन की अध्यक्ष मनप्रीत कौर का कहना था कि अगर उनकी मांगों को माना नहीं गया तो वह सरकारी कार्यों का बहिष्कार करेंगी।

कार्य बहिष्कार करने वालों में जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर, हरजिंदर कौर, अनीता रानी, राधा रानी, प्रभा रानी, रीता, रजनी बत्रा, भूपेंद्र कौर, सुनीता रानी, नीलम रानी, शकुंतला, सविता सरकार, रीता मलिक, उषा राय, दीपाली, शाइस्ता, मधु, शिखा, विमला देवी, सावित्री सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी

ब्लॉक में चार सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

किच्छा में जल्द बनेगा कम्युनिटी हॉल

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: जिला मुख्यालय की तर्ज पर किच्छा में भी विशाल कम्युनिटी हॉल बनाया जाएगा। कम्युनिटी हॉल बनाने की स्वीकृति देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासनादेश जारी कर दिया है।

यह जानकारी देते हुए किच्छा से कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने बताया कि उन्होंने किच्छा क्षेत्र से संबंधित 10 प्रमुख मांगों को लेकर सीएम को पत्र भेजा था। जिसमें प्रथम मांग कम्युनिटी हॉल बनाने की थी, जिसे मुख्यमंत्री धामी ने स्वीकृति दे दी है। नगर के आवास विकास स्थित कार्यालय में विधायक बेहड़ ने बताया कि किच्छा में कम्युनिटी हॉल बनाने के संबंध में जिला प्रशासन से उनकी वार्ता भी हो गई है। कम्युनिटी हॉल के लिए जिला प्रशासन द्वारा जल्द ही जगह चयनित करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी। विधायक बेहड़ ने कहा कि हॉल का निर्माण होने के बाद हर वर्ग जाति-धर्म के लोगों को वैवाहिक व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन में काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कम्युनिटी हॉल निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री धामी का आभार जताया। मौके पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, गुड्डू तिवारी, ओमप्रकाश दुआ, नितिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

किच्छा कार्यालय में जानकारी देते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

खोदी सड़कों की मरम्मत न होने पर आक्रोश

बीडीसी बैठक में सदस्यों ने उठाईं समस्याएं, एसडीएम ने लोस चुनाव में 85 फीसदी मतदान को दिलाई शपथ

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : क्षेत्र पंचायत की बैठक में अनेक प्रस्ताव पारित किए गए। वहीं उप जिलाधिकारी ने भूमि की चौहद्दी व भूमिहीनों को पट्टा जारी करने तथा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 85 प्रतिशत मतदान कराने हेतु जनप्रतिनिधियों से अपील कर सदन को मतदान की शपथ दिलाई।

सोमवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक प्रमुख क्षेत्र पंचायत सरिता देवी की अध्यक्षता एवं खण्ड विकास अधिकारी बीबी जोशी के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में विद्युत लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, नलकूप, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गन्ना विभाग, मण्डी परिषद, वन विभाग, पशुपालन, कृषि उद्यान, बाल विकास, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, सहकारिता सहित विभिन्न विभागों से आये अधिकारियों के माध्यम से समीक्षा की गयी। उप जिलाधिकारी राकेश चन्द्र तिवारी ने भूमि की चौहद्दी, भूमिहीनों को पट्टा जारी करने व आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 85 प्रतिशत मतदान कराने हेतु सदन को शपथ दिलाई। ग्राम प्रधान महेश राठौर ने विद्युत विभाग ने उनकी ग्राम सभा में अभी तक पोल व तार नहीं लगाए गए हैं। जनप्रतिनिधियों ने हर घर जल योजना के तहत पेयजल निगम व जल संस्थान द्वारा जगह-जगह सड़कें खोदने व उनकी मरम्मत नहीं करने पर रोष जताया।कहा कि इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तेदुए की आवक पर वन विभाग से आए अधिकारियों को जंगली जानवरों से होने वाली क्षति व रोकथाम हेतु कार्रवाई की मांग की गई। खण्ड विकास अधिकारी ने सदन को मनरेगा की वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना में शामिल योजनाओं की जानकारी दी। बीडीओ ने सभी जनप्रतिनिधियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के अवशेष 144 आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने में सहयोग करने को कहा। प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड के जनजाति बाहुल्य ग्रामों के 245 आवासहीन लाभार्थियों को नब्बे हजार की प्रथम किस्त जारी होने तथा 31मार्च से पूर्व कार्य पूरा करने को कहा गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ही ग्राम प्रधान लवजीत शिवपुरी, विश्वजीत सिंह मडेया हट्टू, मुनेश देवी चकरपुर, क्षेत्र पंचायत सदस्य कमल सक्सेना महोली जंगल, कनौरा के जसवीर कौर महेशपुरा की प्रधान माया देवी, अली मुर्तजा ग्राम प्रधान कनौरी, सजिद बन्नाखेडा सानी, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेश सैनी आदि ने चर्चा में भाग लिया।

वहीं प्रमुख सरिता देवी ने क्षेत्र पंचायत से कराये गये कार्यों स्वच्छता एवं कूड़ा प्रबन्धन तथा वर्ष 2023-24 में मनरेगा से कराये गये कार्यों से अवगत कराते हुए सभी का आभार जताया।

बाजपुर में आयोजित बीडीसी बैठक में मौजूद पंचायत प्रतिनिधि व अधिकारी। ● अमृत विचार

रामलीला मैदान में लगाया जाएगा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

काशीपुर। अयोध्या में श्री रामलला विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भगवान महावीर आदर्श सेवा सदन के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 21 फरवरी को रामलीला मैदान में लगाया जाएगा।

सेवा सदन के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार जैन ने बताया कि रामपुर के बिलासपुर स्थित भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नेत्र विशेषज्ञों की टीम आंखों की जांच समेत मोतियाबिंद के ऑपरेशन निशुल्क करेगी। ऑपरेशन बिलासपुर स्थित अस्पताल में होंगे।

ऑपरेशन के लिए लाने-ले जाने की व्यवस्था निशुल्क होगी। कहा किअधिक से अधिक लोग शिविर में पहुंकर आंखों की जांच कराए तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से सही परामर्श लें। जिन मरीजों को आंखों के ऑपरेशन की जरूरत देखी जाएगी। उनके आपरेशन किए जाएंगे। पुष्पेंद्र कुमार जैन, राजेंद्र कुमार जैन, असित कुमार जैन मौजूद रहे।

बीईओ नेगी को पदोन्नति पर शिक्षकों ने दी विदाई

काशीपुर में बीईओ नेगी को विदाई देते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : सोमवार को बीआरसी सभागार में समस्त शासकीय-अशासकीय राइंका-राउमावि और उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने काशीपुर खंड शिक्षाधिकारी की पदोन्नति के बाद जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक पौड़ी बनाए जाने पर आरएस नेगी को उपहार देकर विदाई दी। वक्ताओं कहा कि नेगी मई 2017 में काशीपुर खंड शिक्षाधिकारी के पद पर तैनात हुए। उन्होंने ब्लॉक की सरकारी शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा प्रदान करने का कार्य किया है। जिसके चलते काशीपुर ब्लॉक इंस्पायर अवार्ड में राज्य ही नहीं बल्कि देश में अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ। इसी वर्ष इंस्पायर अवार्ड में काशीपुर के 84 छात्र-छात्राओं के प्रोजेक्ट चयनित किए गए, जो प्रदेश में सबसे अधिक है। यहां प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक, डॉ. अजय श्रीवास्तव, धीरेंद्र साहू, बीके गुप्ता, गीता जयसवाल, डॉ. किरण सिंह, देवेंद्र चौधरी, नमिता पंत आदि रहे।

सार-संक्षेप

पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अलग-अलग मामलों में दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया है। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत कुंडा थाना पुलिस ने कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर वारंटी ग्राम तुमडिया डाम मालधन, रामनगर निवासी हरकेश व नई सराय, धामपुर निवासी नूर अली को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस टीम में एसआई मनोहर चन्द व कैलाश देव, कांस्टेबल मनोज जोशी, जितेन्द्र चौहान शामिल रहे।

छत्रपति शिवाजी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

गदरपुर में छत्रपति शिवाजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कार्यकर्ता।

गदरपुर। एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया। सोमवार को ग्राम सूरजपुर स्थित एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ता के आवास पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किए। इस दौरान डॉ. महाजन ने कहा कि छत्रपति शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1630 में शिवनेरी दुर्ग महाराष्ट्र में हुआ था। उस समय भारत में मुगलों का साम्राज्य था और हिंदुओं पर अत्याचार व धर्मांतरण का दौर चल रहा था। शिवाजी की माता जीजाबाई ने शिवाजी को रामायण एवं महाभारत के किस्से व दादा ने घुड़सवारी अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा दी। जिसका शिवाजी महाराज पर बहुत असर पड़ा तथा उन्होंने मुगलों को हराने के लिए प्रतिज्ञा ली। छत्रपति शिवाजी ने एक-एक करके मुगल बादशाह औरंगजेब की सेना को हराते हुए क्षेत्र पर अपना कब्जा करना शुरू कर दिया। 6 जून 1674 को शिवाजी का राज्याभिषेक हुआ तथा उन्हें छत्रपति की उपाधि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता शंकर शर्मा ने की। इस मौके पर राजकुमार नैयर, मुकेश फोगाट, सोनू सैनी, विजय पांडे, नेम पाल सिंह, पूजा पांडे, अमरजीत, इंदिरा देवी, गोपाल कश्यप, सागर सिंह, नैनी राय सैनी मौजूद रहे।

80 हजार परिवारों तक पहुंचा प्रसादम

खटीमा। अयोध्या से आए प्रसाद को सवा लाख परिवारों तक पहुंचाने ले लक्ष्य में जुटे कार्यकर्ताओं ने अबतक 80 हजार परिवारों तक प्रसाद पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर लिया है। चकरपुर ग्राम कथा से शुरु की गई यात्रा मेलाघाट, सत्रहमील, मझोला होते हुए नानकमत्ता के बिछुआ गांव में पहुंची है। प्रसादम वितरण प्रमुख ओंकार ने यह जानकारी दी। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में दीपक बिष्ट, शैरी, मोहित पोखरिया, दिलीप पोखरिया, ललित बिष्ट, जगदीश जोशी रथ के पुरोहित हैं।

विधिक जागरूकता शिविर लगाया

बाजपुर। सोमवार को राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जोगीपुरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर के तत्वावधान में प्रधानाचार्य रणवीर सिंह की अध्यक्षता में जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने साइबर क्राइम, इंटरनेट मीडिया फ्राड व प्राधिकरण की ओर से मिलने वाली निशुल्क विधिक सेवाओं के विषय में स्कूली बच्चों को जानकारी दी। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता शिविर विद्यालयों में लगने चाहिए जिससे कि बच्चों को कानून के संबंध में जानकारी मिल सके।

कड़ी सुरक्षा के बीच नई कमेटी को दिलाया चार्ज

पतरामपुर स्थित मजार की नई कमेटी को चार्ज दिलाने के दौरान तैनात सुरक्षा बल।

जसपुर। पुलिस-प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा के बीच पास के पतरामपुर जंगल स्थित ऐतिहासिक कालू सैयद मजार की नई कमेटी को चार्ज दिलाया। काफी समय से इस मजार पर कमेटी को लेकर विवाद चला आ रहा था।

साइबेरियन पक्षी सहित दो आरोपी दबोचे, एक फरार

खटीमा। सुरई वन विभाग की टीम ने बीते दिवस एक साइबेरियन पक्षी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि एक फरार हो गया। मुखबिर की सूचना पर सुरई वन विभाग ने एक घर से साइबेरियन पक्षी बरामद किया और पूछताछ में अभियुक्त ने शंभू निवासी बंगाली कालोनी, कार्तिक निवासी खेतलसंडा और संजय निवासी बंगाली कालोनी का नाम बताया जो साइबेरियन पक्षी का शिकार कर लाए थे। वन विभाग की टीम ने देर शाम दबिश देकर दो अभियुक्त शंभू और कार्तिक को पकड़ लिया है। रेंजर आर एस मनराल ने बताया कि अभियुक्त पर कार्यवाही की जा रही है।

मतदान के लिए शपथ ग्रहण करते मोहल्लेवासी। ● अमृत विचार

लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : सोमवार को नगर के बांकेनगर माजरा प्रभु वार्ड नंबर-एक में आदित्य चानना ने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि मतदान करने का अधिकार लोकतंत्र का आधार है।

कहा कि मतदान जितना अधिक होगा देश का लोकतंत्र भी उतना ही अधिक मजबूत होगा। उन्होंने मतदान के प्रति वार्डवासियों को जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता अपने मत की अहमियत समझे और बिना किसी भेदभाव व प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान मतदाताओं ने शपथ भी ली। इस मौके पर पंकज गोस्वामी, सुनील यादव, संदीप यादव, किशोर, रोहित, उदय, अभिषेक, गौतम सक्सेना, निखिल कश्यप, अजय मोर्य, तनिष्क, पूनम कश्यप, अर्चना सैनी, लक्ष्मी, शारदा आदि मौजूद रहे।

साइबर क्राइम, सोशल मीडिया फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी

खटीमा। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल से मिली फरवरी की कार्ययोजना के क्रम में सचिव के निर्देशानुसार संस्कार भारतीय स्कूल विगराबाग में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को साइबर क्राइम सोशल मीडिया फ्रॉड के बचाव की जानकारी दी गई।

इस दौरान 9 मार्च दिन शनिवार को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में वही जानकारी दी ताकि लोग अपने छोटे-मोटे वादों का निस्तारण कर सकें वही बाल विवाह और युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने की अपील की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य पूनम सही और संचालन आरबी सिंह ने किया। इस अवसर पर माया देवी, किरण देवी, मधु, जेसिका राणा आदि मौजूद थे।

बेहड़ ने किया सड़क का शिलान्यास

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार : विधायक तिलक राज बेहड़ ने सोमवार को क्षेत्र में राज्य योजना के अंतर्गत शांतिपुरी नंबर दो कामधेनु दुग्ध समिति से आनंदपुर होते हुए शांतिपुरी नंबर तीन को जोड़ने वाले करीब 900 मीटर पूरब दिशा की सड़क का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर विधायक बेहड़ ने लोगों की नाली, सड़क व स्कूलों की समस्याओं को बारीकी से सुना और कहा कि क्षेत्र का विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है। जिसके लिए वह दलगत राजनीतिक भावनाओं से ऊपर उठकर हमेशा विकास कार्यों में को प्राथमिकता देते आए हैं। विधायक बेहड़ ने कहा कि अस्वथ्य रहने व कोरोना में एक वर्ष का बजट चले जाने के बावजूद उन्होंने अपनी पूरी विधानसभा में अभी तक कुल 28 सड़कों का शिलान्यास कर लिया है। जबकि पूर्व विधायक ने अपने 10 साल के कार्यकाल में मात्र कोरी घोषणएं व कुछ गिने चुने व्यक्तिगत काम ही किए हैं। किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय, प्रदेश सचिव विनोद कोरंगा, प्रधान चंद्रकला बिशन सिंह कोरंगा, स्वतंत्रता सेनानी संगठन के जिला संयोजक डॉ. बीडी जोशी व जीआईसी शांतिपुरी के पीटिए अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कोरंगा ने क्षेत्र में चार सड़कें, विद्यालय बाउण्ड्री वॉल, पांच सार्वजनिक स्थलों का सोंदरीकरण एवं बिजली, पानी, सौरऊर्जा, खेतों की पीचिंग तथा सोंचालय निर्माण के कार्यों को संपन्न कराने के लिए विधायक बेहड़ का आभार व्यक्त किया। वहीं विधायक बेहड़ ने वन नियुक्त स्वतंत्रता सेनानी संगठन के जिला संयोजक डॉ. बीडी जोशी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। यहां दिगंबर प्रसाद जोशी, संजू (मामू), रमेश लोहनी, राज्य आंदोलनकारी ललित कांडपाल, नंदू बिष्ट, बिशन सिंह कोरंगा, गुड्डू पांडे, राज किरन, देवेंद्र सिंह कोरंगा, प्रेम आर्या, जय कोरंगा, नारायण सिंह कोरंगा आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

राज्य योजना से निर्माणाधीन सड़क का शिलान्यास करते विधायक तिलक राज बेहड़।

भाकियू की बैठक में प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन की बैठक में बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर आयोजित होने वाले प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की गई।

सोमवार को कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर में भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें कहा गया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 21 फरवरी को पूरे जिले के किसान रुद्रपुर जिलाधिकारी के ऑफिस के लिए कूच करेंगे और रुद्रपुर पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

जसपुर में आयोजित बैठक में भाग लेते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

क्षेत्र के किसानों से उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई। इस मौके पर प्रेम सिंह, दर्शन सिंह दयोल, जागीर सिंह, जसवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दीदार सिंह, राजकुमार सैनी, शीतल सिंह, देवेंद्र सिंह, दीपक सिंह, सुरजीत सिंह, हरदेव सिंह, मोहसिन खान, परविंदर सिंह, आदि मौजूद रहे ।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

किच्छा। पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में उप निरीक्षक दरबार सिंह एवं पुलिसकर्मी गोविंद चंद्र की टीम ने चेकिंग के दौरान ग्राम अंजनिया नोडांडी बॉर्डर के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी नई बस्ती सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी सोहेल खान के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद कर लिया। थाना अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि पूछताछ में आरोपी सोहेल ने बताया कि वह नशे का आदी है और नशा पूर्ति के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है तथा पूर्व में भी उसके खिलाफ चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार लोगों को डराने धमकाने के लिए आरोपी ने अपने पास चाकू रखा था।

दंपति से मारपीट व छेड़छाड़ में केस दर्ज

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : कार में टक्कर मारने के बाद दंपत्ति के साथ मारपीट और छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वहीं आरोपियों ने भागते समय एक विद्युत पोल में टक्कर मारकर उसको भी क्षतिग्रस्त कर दिया था।

मोहल्ला कटोराताल निवासी सरफराज आलम की ओर से कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया है कि बीती 17 फरवरी की रात वह जसपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित एक विवाह समारोह में शिरकत करने जा रहे थे। उनके साथ पत्नी व बच्चे भी साथ थे। उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज के पास विपरीत दिशा से आ रही कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी।

आरोप था कि विरोध करने पर युवकों ने कार में बैठी उसकी पत्नी के साथ अभद्रता की और गाली गलौच करते हुए उनके साथ मारपीट की। इस दौरान प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की वीडियो भी बना ली। किसी तरह उन्होंने प्रेक्षागृह में घुसकर जान बचाई। वहां से भागते समय आरोपियों ने मानपुर में एक विद्युत पोल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वायरल वीडियो से आरोपियों की पहचान कर कार्यवाही की जाएगी।

खेत में लगे पॉपुलर के पौधे किए नष्ट

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार : पीड़ित महिला काश्तकार ने अज्ञात लोगों पर रात के अंधेरे में खेत में लगे पॉपुलर के पौधे को नष्ट करने का आरोप लगाया। महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ग्रामसभा राजनगर निवासी शर्मिला दास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने डेढ़ महीने पहले अपने पांच एकड़ खेत में पॉपुलर के पौधे लगवाए थे। उस दौरान गांव के कुछ लोगों ने सड़क के किनारे पॉपुलर के पौधों लगाने पर आपत्ति जताई थी। साथ ही ग्राम प्रधान को शिकायती पत्र भी सौंपा था। वहीं इसको लेकर 18 फरवरी यानी रविवार को पंचायत होनी थी लेकिन उससे एक दिन पहले शनिवार की रात को अज्ञात लोगों ने करीब 500 पॉपुलर के पौधों को तोड़कर नष्ट कर दिया। इसको लेकर ग्राम प्रधान अशोक माली और पूर्व प्रधान रविंद्र बाईन की मौजूदगी में मौके पर पंचायत बुलाई गई। परंतु पौधे तोड़ने वालों का पता नहीं लगा। महिला काश्तकार ने आपत्ति करने वाले लोगों पर शक जाहिर करते हुए और उनसे जान माल का खतरा होने की संभावना जताते हुए कार्यवाही करने की मांग की है।

गांजे के साथ पकड़े गये आरोपी की जमानत मंजूर

काशीपुर। अवैध गांजा के साथ पकड़े गये युवक की विशेष न्यायाधीश ने जमानत मंजूर कर ली है। बीती 3 फरवरी को दरोगा देवेंद्र सामंत 4.9 किलो अवैध गांजे के साथ कुमाऊं कॉलोनी फैजान को गिरफ्तार किया था।

पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि थारी रामनगर के जंगल वह एक व्यक्ति से यह गांजा खरीद कर लाया था। पुलिस ने आरोपी के पास से 1500 रुपये व मोबाइल भी बरामद किया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया था। फैजान की जमानत के लिए अधिवक्ता शबाना परवीन ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिसके बाद विशेष न्यायाधीश सुशील तोमर ने आरोपी की जमानत मंजूर कर ली।

शादी से खफा लोगों ने की मारपीट

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : लड़की के परिजनों की मर्जी के खिलाफ लड़की से शादी करने से खफा एक पक्ष के लोगों ने युवक के परिजनों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। युवक पक्ष ने पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात कहते हुए जांच की मांग की है।

ग्राम इटव्वा निवासी हरवंश सिंह पुत्र जरनैल सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे सुखदेव सिंह ने ग्राम बेरिया दौलत निवासी शरनजीत कौर पुत्री गुरनाम सिंह के साथ हिंदू रीतिरिवाज के अनुसार शादी की है और दोनों पति-पत्नी के रूप में अपना जीवनयापन कर रहे हैं। शरनजीत कौर के पिता, भाई व मामा आदि इस शादी से सहमत नहीं थी जिसके चलते वह रंजिश रखने लगे। जिसमें बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके चलते उच्च न्यायालय नैनीताल ने 6 सप्ताह के लिए सुरक्षा प्रदान की थी। आरोप है कि सुरक्षा की अवधि समाप्त होने पर इन लोगों ने फिर से जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। इस पर वह पुनः उच्च न्यायालय नैनीताल गया और 8 जनवरी से अपनी सुरक्षा के लिए आदेश प्राप्त किए।

18 फरवरी की देर रात करीब 9:30 बजे हरवंश सिंह अपने पुत्र सुखदेव सिंह के साथ खेतों में पानी लगाकर घर वापस लौट रहे थे। आरोप है कि पहले से ही रास्ते में खड़े लाठी-डंडों, तलवारों से लैस दर्जनभर लोगों रोक लिया और घर से बंदूक लाकर हरवंश सिंह के कान पर तान दी तथा जान से मारने की धमकी दी गई। हाथ-पैर जोड़कर किसी तरह अपनी जान-बचाई। इतना ही नहीं सोमवार सुबह करीब आठ बजे पुलिस चौकी जाते वक्त आरोपितों ने एक दुकान पर उन्हें घेर लिया और हमलावर हो गए। जिसमें हरवंश सिंह व उनके साथी राज सिंह पुत्र महेंद्र सिंह को बुरी तरह से घायल कर दिया। उन्हें पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। यह घटना आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सीएचसी में उपचार करवाता हरवंश सिंह।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता।।

ऐश्वर्य या उन्नति चाहने वाले पुरुषों को नींद, तन्द्रा (उंघना), डर, क्रोध,आलस्य तथा दीर्घसूत्रता (जल्दी हो जाने वाले कामों में अधिक समय लगाने की आदत)- इन छः दुर्गुणों को त्याग देना चाहिए।

संपादकीय

सरकार के प्रस्ताव

केंद्र सरकार और आंदोलनरत किसान संगठनों के बीच हुई चौथे दौर की वार्ता बेनतीजा रही। किसान संगठनों और सरकार के बीच इससे पहले तीन बैठकें हो चुकी हैं। ये बैठकें 8, 12 और 15 फरवरी को चंडीगढ़ में ही हुई थीं। हालांकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार देर रात हुई इस बैठक को सकारात्मक बताया है। किसानों के साथ वार्ता के बाद तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव रखा है। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करके भविष्य की रणनीति तय करेंगे। फिलहाल दिल्ली चलो मार्च को स्थगित किया गया है। किसान एमएसपी के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि पहले भी किसानों ने तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन किया था। किसानों के आंदोलन को देखते हुए केंद्र सरकार ने कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) क़ानून -2020, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून 2020 और आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020 को रद कर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया था। इस पर किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया था। जानकारों के मुताबिक गेहूं, धान पर एमएसपी की गारंटी व्यावहारिक नहीं है। वैसे भी एमएसपी का फायदा तभी है, जब यह बाजार भाव से ज्यादा हो। संभावना जताई जा रही है कि उदारीकरण के इस दौर में निजी क्षेत्र में ज्यादा कीमत मिल सकती है। अब केंद्र सरकार ने किसानों के सामने फसलों के विविधीकरण का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत अलग-अलग फसलें उगाने पर उन्हें एमएसपी पर ख़रीदा जाएगा। फसलों के विविधीकरण का सरकार का यह प्रस्ताव अनूठा है। कपास, दलहन और मक्का अगर बहुतायत में उगाई जाएंगी तो इससे न केवल किसान अपितु देश की अर्थव्यवस्था को और बल मिलेगा। सरकार ने ए 2 प्लस एफएल फार्मूले पर भी जोर दिया है। इसके तहत बीज, खाद, सिंचाई एवं अन्य वस्तुओं की कीमतों और मजदूरी के आधार पर ही फसल की लागत तय होगी। वास्तव में इन प्रस्तावों में कोई बुराई नहीं है और प्रस्ताव किसान के हित में हैं। सरकार ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक संकेत दिए हैं, तो आंदोलनकारी किसानों को इस पर आगे बढ़ना चाहिए। आंदोलन से प्रभावित जनजीवन को सामान्य बनाने में सहयोग करना चाहिए।

कृषि और पशुपालन में सिमुलेशन अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है।

भारतीय कृषि का आधार गाय ही है। हरित क्रांति के दौर के समाप्त होते ही एक विशाल परिवर्तन हुआ जिसमें खेती का आधार ही बदल गया और यह गाय आधारित कृषि से ट्रैक्टर और फार्म इम्प्लेमेंट्स आधारित खेती हो गई। इसी के साथ भारत के ग्राम्यांचलों में रहने वाले लोगों की आहार परंपरा और सेहत के पैमाने भी बदलने लगे। भारत के गांवों में कुपोषण जनित एनीमिया (रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी), पैराप्लेगिया और प्रोटीन एनर्जी मॉलन्यूट्रीशन, इन्फेक्शस डिजीजेज जैसे कि टीबी,स्त्री रोग -खासतौर से गर्भाशय का कैंसर और शिशु स्वास्थ्य तो पहले से ही एक चुनौती रहे हैं। अब डायबिटीज, कार्डियो वैस्कुलर डिजीजेज और कैंसर बढ़ गए हैं। इसमें जन्मजात बीमारियों की बात शामिल नहीं है।

शराब का चलन हद से अधिक होने के कारण लीवर,पित्ताशय और अग्नाशय का कैंसर के मामलों में बड़ा इजाफा हुआ है। लोग आराम तलब हो गए हैं और जिस्मानी मेहनत से जी चुराने लगे हैं। गाय के घी,लस्सी,दूध,बाजरा, जौ और चने की आहार में कमी हो गई है। हरी पत्तेदार सब्जियों की जगह मटर-पनीर, छोले-पूरी, चावल और बाजार से अर्द्ध-पके या अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की खपत गांवों में बढ़ी है और तो और इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड थैली के पास्च्युरायिज्ड मिल्क की मांग बड़ी है। यह तो 'उलटे बांस बरेली को' वाली बात हो गई। चूल्हे पर जो खाना धीमी आंच पर पकता था उसे अब आनन-फानन में प्रेशर-कुकर और गैस स्टोव पर बना लिया जाता है, लेकिन मैंने देखा है कि अनेक घरों में खाना पकाने के लिए हाइब्रिड मेथड अपनाया जाता है अर्थात् सब्जी तो प्रेशर कुकर में बना लेते हैं और रोटी,चूल्हे पर।

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है। लाइफ-स्टाइल,होम इकोनॉमिक्स, किनशिप,एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स और इसके सामाजिक प्रभाव पर आज न्यूनतम अनुसंधान अध्ययन होते हैं। मीडिया के लोग ऐसी स्टडीज और इनकी रिपोर्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं रखते। गांव, खेती, पशु, जीवन शैली, पर्यावरण, आर्ट, आर्किटेक्चर, उन्नत वैज्ञानिक जानकारी स्वास्थ्य के अनुरूप घरों के डिजाइन बनाने, मैटेरियल साइंस आदि के बारे में कोई रिपोर्टिंग नहीं होती। गलियां पक्की करने, नलके लगवाने, पुरानी कलात्मक चौपाल को गिराकर नए तरीके की बदसूरत डिजाइन की चौपाल बनाकर और रिश्वत खाकर,खेत में पानी लेने वाला खाला पक्का करवाकर, बिजली से चलने वाले घरेलू यंत्र लगाकर विकास नहीं होता।

गांव में गाय की किसी को जरूरत नहीं। गाय गई तो इसके साथ बैल गया और बैल गया तो और 50 चीजें और इससे जुड़े हुए काम-धंधे और कारीगरी खत्म हो गई। अब गाय सिर्फ चमड़ा और अन्य बायोलॉजिकल उत्पाद प्राप्त करने का एक जरिया मात्र बन गया है। गाय अब एक पॉलिटिकल 'सूत्र' और टूल मात्र है। गाय पर इन दिनों यामिनी नारायणन की किताब 'मदर काऊ, मदर इंडिया' खूब चर्चित है। इस किताब में यामिनी ने गाय का स्लॉटर या वध करने वाले लोगों का जिक्र भी किया है। ये वे लोग हैं,जो देहातों से नकारा गाय को खरीदकर और 150-300 किलोमीटर दूर स्थित हत्थों में हांक कर ले जाया करते और फिर इनका वध करते थे। ये लोग गरीब और निम्न जाति के मुसलमान और हिन्दू दोनों ही हुए,लेकिन इन्हें गाय बेचने वाले तो अधिकतर हिंदू ही होते थे, चाहे मदुरै हो। रोहतक या बनारस या बहराइच और बरेली के गांव नकारा पशु हत्थे के लिए ले जाने वाले इन लोगों के हाथ ही बिका करती। कोई भाग्यवान घर होता था जिसके घर में गाय-बैल सिधार जाता तो उसे सम्मानपूर्वक खेत में या घेर में दबा दिया करते।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते,भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546.35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655.33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

प्रधानमंत्री इमरान खान के समय में भी रासायनिक खाद और मंहगी बिजली को लेकर जबरदस्त आंदोलन हुआ। अभी कुछ ही सप्ताह पहले फ्रांस में जबरदस्त आंदोलन हुआ था। यह विश्व्यापी है,लेकिन भारत उपमहाद्वीप या दक्षिण-एशिया के मुल्कों की तरह यूरोप या अमेरिका में बैल से खेती नहीं की जाती, बल्कि अफ्रीका में जरूर की जाती रही है। फार्म टेक्नोलॉजी और केमिकल फर्टिलाइज़र से हम उपज तो बढ़ा सकते हैं,लेकिन यह गारंटी नहीं दे सकते कि इसके उपयोग से मनुष्य,पशु-पक्षी,जीव-जंतुओं और पर्यावरण की सेहत ठीक रहेगी। एक समस्या से निजात पाने के लिए दस समस्याएं और खड़ी हुई ही हैं। लोगों को जरा देर से अक्ल आती है,लेकिन जब तक आती है,तब तक देर हो चुकी होती है। गहरी चिंता इसी बात को लेकर है कि कृषि को लेकर 'सिमुलेशन स्टडीज' क्यों नहीं की जाती? यह तो कम से कम देखना चाहिए कि ऐसा करना संभव है भी या नहीं। वैज्ञानिक लोग इसे कैसे करेंगे, यह तो उन्हें ही डिजाइन करना होगा।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते, भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546 .35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655 .33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

प्रसंगवश

भारत - नेपाल संबंध निरंतरता और परिवर्तन

भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने विगत महीने नेपाल की यात्रा पर थे। भारत और नेपाल वैश्विक स्तर पर सहयोगी राष्ट्र हिंदुत्व की विचारधारा और सांस्कृतिक मूल्यों के उन्नयन के लिए पड़ोसी देश हैं। भारत और नेपाल के मध्य साझा हितों के मुद्दे के समाधान के त्वरित कदम उठाने के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों के मध्य सद्भाव, माधुर्य, कूटनीतिक और सफल राजनीतिक संबंध उत्तरोत्तर गुणात्मक उन्नयन कर रहे हैं। दोनों सभ्य राष्ट्रों के बीच भारतीय रॉकेट से नेपाली सैटेलाइट "मुनाल" को प्रक्षेपित करना, सीमा पर ट्रांसमिशन लाइन और भूकंप के पश्चात राहत सामग्री के लिए 1000 करोड़ रुपए अनुदानित की बात हुई है।

डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

भारत अगले 10 साल के भीतर नेपाल से 10000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा और नेपाल के भीतर जल विद्युत यानी हाइड्रोइलेक्ट्रिक सिटी के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इस समझौते का उपादेयता आर्थिक,राजनीतिक और कूटनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान भी है। इस समझौते के द्वारा चीन को नेपाल में सामरिक और राजनीतिक उपादेयता को न्यून करना है। विगत 2015 की कथित नाकेबंदी,नक्शा संबंधी विवाद (भौगोलिक सीमाओं की स्थिति को लेकर) संबंधित घटनाएं हुई थी जिससे भारत और नेपाल के बीच संबंधों में दूरियां बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में चीन ने मौके का फायदा उठाकर नेपाल में निवेश किया। शासकीय व्यवस्थाओं को सहयोग किया था जिससे भारत अपने आपको असहज महसूस करने लगा था। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में मित्र बदले जा सकते हैं,लेकिन पड़ोसी नहीं।

वैश्विक स्तर पर क्षेत्र नीति का अध्ययन और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यावहारिक अध्ययन के तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि अंतर्राष्ट्रीय वैदेशिक संबंध स्थिर नहीं होते हैं,क्योंकि राष्ट्र के संबंध परस्पर राष्ट्रीय हितों और बहुपक्षीय संबंधों पर आधारित होता है। इसके अतिरिक्त भारत और नेपाल के संबंध परिवर्तनों के साथ भी प्रगतिशील और सद्भावना पर आधारित हैं। 2016 से नेपाल के सांसदों की भारत यात्रा की बारंबारता से दोनों देशों के मध्य आपसी संबंधों में माधुरता आई है। जून 2023 में नेपाली प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान आर्थिक और विकास पर सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

भारत और नेपाल के रिश्ते इतिहास और भूगोल के चलते,कई विभिन्न वास्तविकताओं से जूझते आएं हैं। उनका सुदूर और निकट अतीत का संदर्भ,आधुनिक इतिहास और समकालीन राजनीति उनकी प्रतिरूपी किंतु भिन्न प्रगति और उनका उभरता हुआ भविष्य कुल मिलाकर एक ऐसे कठिन मैट्रिक्स की रचना करते हैं जिसमें वैश्विक शक्ति संपन्न राष्ट्रों के उत्सुकता बढ़ जाती है। इस रिश्ते के विभिन्न पक्षों के बीच संतुलन ही इसका समग्र चरित्र को निर्धारित कर रहा है। सदियों की संपन्न बौद्धिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों ने भारत और नेपाल के आपसी शासकीय और नागरिक संबंधों को सामिप्य लाने में मजबूत कारक है। इनकी प्रेरक प्रत्यय दोनों देशों के विचारों और व्यापार का सशक्त समीश्रण है।

भारत और नेपाल के संबंधों की ऊर्जावान क्रियाशीलता,भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता और पर्यटन के प्रोत्साहन के साथ घनिष्ठता की ओर उन्नयन हो रहे हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध में गोरखा रेजीमेंट द्वारा दुर्गम हिमालय में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को सैनिकों के लिए जीवन रेखा के समान था। हालांकि 2015 के पश्चात इसकी उपादेयता कम हो गई है। बंधुत्व को संजोए रखना भारत और नेपाल के लिए लाभदायक सिद्ध होने वाला है। भारतीय वैदेशिक मंत्री की यात्रा के दौरान सफलता का प्रबल उपादेयता इस तथ्य में है कि नेपाली प्रधानमंत्री से 10 सालों में 10000 मेगावाट बिजली खरीदने के लक्ष्य को दोनों देशों के शासकाध्यक्ष के मध्य औपचारिक अनुसमर्थन था जिसको विदेश मंत्री के कूटनीतिक कौशल से सफल कर दिया। यह समझौता भारत और नेपाल के मध्य कूटनीतिक उपादेयता का प्रबल संकेत है।

मौद्रिक समीक्षा पर हावी रही महंगाई

भारत से इतर वैश्विक स्तर पर खाद्य पदार्थों की कीमत में गिरावट का सिलसिला 2023 से जारी है और यह 2024 के जनवरी महीने में 35 माह के सबसे निचले स्तर 118 अंक पर पहुंच गया है, जो मार्च 2022 में 160.3 अंक पर था। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संस्थान (एफएओ) के मुताबिक दुनिया के अधिकांश देशों में गेहूं मक्का के साथ मांस की कीमत में आई गिरावट के कारण वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक में गिरावट दर्ज की गई है। एफएओ के अनुसार अनाज मूल्य सूचकांक जनवरी 2024 में घटकर 120.1 अंक पर पहुंच गया। चूंकि भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी कमजोर है और आर्थिक मानकों के तय करने के पैमाने दुनिया के दूसरे देशों से थोड़े अलग हैं। इसलिए भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंकों द्वारा तय की गई सहनशीलता के अंदर रहने के बावजूद मध्यम स्तर पर है। इसलिए रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है,क्योंकि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील हैं और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 12 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार था। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रहा था। फिर 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर चार प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बना रहा था। जनवरी महीने में

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर केआईटी, कानपुर

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है।

पीएमआई के आंकड़े जारी किये गए थे जिसके अनुसार सेवा क्षेत्र की गतिविधियां विगत छह महीनों में सबसे अधिक बढ़ी हैं और सेवा क्षेत्र का पीएमआई विगत 30 महीनों से लगातार आगे बढ़ रहा है।

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है। विनिर्माण क्षेत्र का पीएआई सूचकांक भी दिसंबर महीने में 54.9 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 56.5 अंक पर पहुंच गया,जो विगत तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई का कंपोजिट सूचकांक भी दिसंबर महीने में 58.5 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 61.2 अंक पर पहुंच गया,जो दुनिया में सबसे अधिक है। पीएमआई कंपोजिट सूचकांक में 52.5 अंक के साथ चीन दूसरे स्थान पर और 52.3 अंक के साथ अमेरिका तीसरे स्थान पर है।

पीएमआई सूचकांक के 50 अंक से कम रहने पर यह माना जाता है कि संबंधित क्षेत्र में संकुचन आ रहा है, जबकि सूचकांक के 50 अंक से ऊपर रहने पर यह माना जाता है कि वह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है। वहीं वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है।

महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है,लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी 'इक्रा' के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अभी रिजर्व बैंक का लक्ष्य विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाना है ताकि आम आदमी को परेशानी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

भारत की अर्थव्यवस्था काफी तेजी से बढ़ रही है और अब दुनिया भी इसे मानने लगी है। आने वाले सालों में अर्थव्यवस्था का जो रुझान रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय दिखा रहा है उसके बाद मानना होगा कि भारत अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे नंबर पर आ जाएगा तथा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना साकार होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी चीजें भविष्य में सही रास्ते पर होंगी।

सोशल फोरम

जिंदगी का हेल्थ कार्ड

एक दोस्त अरसे बाद मिलने आया। देर तक अपनी रंग-बिरंगी जिंदगी के किस्से सुनाता रहा। यहां पार्टी,वहां अवार्ड ऐसे कपड़े,वैसी कार...! मुझे अपनी उदास जिंदगी और भी टूटी-फूटी लगने लगी।

एक रूसी उपन्यास में पढ़ा किस्सा,धुंधला याद आ रहा है। एक लड़की है। बदसूरत और कम अक्ल। एक बड़े घर में नौकरानी है। मगर वह खुशमिजाज है उसे किसी ने उदास या रोते नहीं देखा। सारा दिन दौड़-दौड़ कर काम करती है। फिर एक दिन मालकिन की बेटी जो नौकरानी की हम उम्र है,उसकी शादी होती है। शादी के जोड़े में गहने श्रृंगार के साथ दुल्हन को देखकर अचानक वह नौकरानी फूट-फूट कर रोने लगती है।

संजय वर्मा
इंदौर

अजीब बात है न! हम अपनी बेरंग बेमजा जिंदगी को इस हद तक स्वीकार कर लेते हैं कि उसे भूल जाते हैं। फिर अचानक कोई दृश्य, कोई वाकया होता है और हमारी जिंदगी की सारी कुरूपता हमारे सामने वैसे ही जाहिर हो जाती है। जैसे उस नौकरानी को शादी वाली रात हुई थी। हम इस आईने से भागने बचने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों से मिलने से कतराते हैं पर जिंदगी बेरहम है।

हम इंसान ऐसे ही हैं। हम अपने जीवन की क्वालिटी को अपने भाई,पड़ोसी, दोस्त की लेबोरेटरी में टेस्ट करते हैं और रिजल्ट्स की तुलना से पता लगाते हैं कि हमारी जिंदगी का हेल्थ कार्ड कैसा है। यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए। किस्से प्रेरणा नहीं देते,क्षोभ पैदा करते हैं जिसका कड़वा स्वाद मुलाकात के कई दिनों बाद तक जबान पर बना रहता है।

यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए।

-फेसबुक वॉल से

देखने में पास लगती कुर्सी है बहुत दूर

मैंने पिछले चुनाव के समय कहा था कि जब तक नीतीश कुमार हैं तेजस्वी यादव कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। फिर दुहरा रहा हूं कि जब तक नीतीश कुमार राजनीति में हैं,तेजस्वी कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। तेजस्वी स्थापित हो चुके हैं,लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी देखने में बहुत पास लगती है,किंतु है बहुत दूर। देश में नीतीश कुमार की बहुत चर्चा हैं।

डॉ.बीएन सिंह
वाराणसी

बीजेपी समर्थित सवर्ण और लालू समर्थित पिछड़े भी उनको पलटू चाचा कहकर ट्रोल करने में सबसे आगे हैं। नीतीश लालू को जानना है तो 90 के दशक में चलते हैं। लालू-नीतीश दोनों जेपी आंदोलन की पैदाइश हैं। दोनों दोस्त रहे और आज भी दोस्ती है,लेकिन मिर्चा-गुड़ की तरह। कभी दोनों के थाली में मिर्चा की तो कभी गुड़ की मात्रा घटती-बढ़ती रहती है। सबसे बड़ी दोनों की खूबी है कि आपसी वार्ता कभी दोनों ने बंद नहीं की। दोनों एक दूसरे से मिलते,बिछुड़ते है,लेकिन बिहार की कुर्सी तीसरे को न जाए,इसका बराबर ख्याल रखते हैं।

बिहार में एक से एक बढ़कर बाहरी नेता जार्ज, शरद, रामविलास पासवान जैसे लोग आए,लेकिन दोनों ने मिलकर जार्ज-शरद को पलिहर का बानर बनने पर मजबूर कर दिया। दोनों को अस्तित्व की रक्षा के लिए बीजेपी की शरण में जाना पड़ा। लालू-नीतीश दोनों ने मिलकर रामविलास पासवान को मरते अंत तक मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं फटकने दिया। जब लालू से नीतीश अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े तो नीतीश मात्र आठ सीट पाए जिसमें तीन रातों-रात लालू के खेमें मे लौट गए। बीजेपी ने नीतीश पर दांव लगाया,राबड़ी देवी के बाद नीतीश के बीजेपी के समर्थन से हल्दी लग गई। फिर तो नीतीश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। लालू जब कमजोर हुए ,उन्हें बिहार में मात्र चार सीट मिलीं,तब वक्त पर नीतीश से हाथ मिला लिया। ये वह समय था जब नीतीश ने मोदी के गुजरात से दिए सहयोग राशि को लौटाकर,मोदी को अपने घर पर दी दावत रद्द कर दी। लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया। नीतीश को लालू यादव अरदब में रखना शुरू किए,तब नीतीश बिदक गए। नीतीश अरदब में आने वाले न तब थे,न आज हैं। तेजस्वी बाबू के लड़कपन और महत्वाकांक्षा के चलते लालू यादव पहली बार तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए साजिश करने लगे तब सुशासन बाबू लालू से बिदककर बीजेपी की गोद में चले गए। फिर वक्त आया साथ आए, इस बार भी लालू यादव ने वही साजिश शुरू की तो नीतीश कुमार पुनः बिदक गए। इधर सुशासन बाबू बिहार के विभिन्न क्षेत्र में विकास में लगे थे। उधर रोज लालू यादव कांग्रेस से मिलकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने में लगे रहे।

लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया।

कांग्रेस लालू के कंधे पर बंदूक रखकर नीतीश को इंडिया गठबंधन में कमजोर करने लगी। जब लालू यादव को लगने लगा कि इंडिया सुशासन बाबू को प्रधानमंत्री प्रत्याशी नहीं बनाएगी तो किसी बहाने से नीतीश से चुनाव पहले सत्ता छीनने की साजिश करने लगे,जो अब पर्दाफाश हो रहा है। लालू यादव को धैर्य नहीं रहा। बीजेपी को अपने तीन-तीन एजेंसियों के सर्वेक्षण में पता चल गया था कि नीतीश के न रहते बीजेपी की 14 लोकसभा में जमानत जब्त हो जाएगी। तभी लालू ने मौका दे दिया,पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लोभ के कारण। नीतीश ने पुनः बीजेपी की गोद में जाकर पिछड़ों की ताकत को कमजोर कर दिया। नीतीश सामने से दोषी दिखाई दे रहें हैं ,लेकिन लालू भी कम दोषी नहीं हैं। तेजस्वी का बड़बोलापन कि 'लड़ाई नीतीश कुमार जी शुरू किए हैं, अंत हम करेंगे'। युवा नेता अभी मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे ही नहीं कि विधायकों के खरीद फरोख्त मामले में बुरे फंस गए। विधायक खरीद रिश्वत कांड में एक की गिरफ्तारी हो चुकी है। कई लिप्त बिचौलियों की होने वाली है। जब पता है कि केंद्र में हमारे विरोधी की सरकार है तो विधायक रिश्वत कांड की ऊब क्या थी? भविष्य के बिहार के नेता तो अब आप बन ही चुके थे। अब जब आप पर सोरेन की तरह कार्रवाई हो जाएगी तो निश्चित मानिए कि कांग्रेस भी तमाशा देखेगी। आपके इस भीतरघात की स्थिति में तो पिछड़े आरक्षण वृद्धि वाले जनता दल यू को तो अस्तित्व रक्षा हेतु सरकारी पार्टी के शरण में जाना ही था और चले गए।

इसमें आप सिर्फ नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहकर अपनी नादानी को नहीं छिपा पाएंगे। भाजपा आपकी ताकत को तहस-नहस करने को सुशासन बाबू से तो गृह विभाग छीनना ही चाहता है,मगर अभी भी नीतीश कुमार इस पक्ष में नहीं हैं कि आप व आपकी पार्टी ज्यादा कमजोर होकर भाजपा भस्मासुर बन जाए। आगे आपकी या आपके पिताश्री (जो 10 मार्च 1990 को 'नीतीश फार्मूला' से मुख्यमंत्री बन पाए थे) की इच्छा। हम लोगों की तो इच्छा यहीं है कि मामा द्वय के चक्कर में मत रहें,जिनसे फिर सक्रिय मदद आप ले रहे थे। मिथलेश जी का आंकलन कि लालू यादव , नीतीश से कम दोषी नहीं। नीतीश के साथ आने पर नई पीढ़ी लालू यादव के जंगल राज को भूलकर तेजस्वी को स्वीकार करने लगी थी,जो लालू ने पुत्र मोह में सब गुड़-गोबर कर दिया।

वर्कचार्ज कर्मचारियों ने नारेबाजी के साथ किया प्रदर्शन

तीन सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर लोक निर्माण विभाग के कार्यालय परिसर में खोला मोर्चा, उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पेंशन दिए जाने समेत अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर लोक निर्माण विभाग के नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने भी मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को कर्मचारियों ने लोनिवि कार्यालय परिसर के प्रांगण में प्रदर्शन कर नारेबाजी की और मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग उठाई।

सोमवार को अपनी मांगों पर कार्रवाई ना होने से गुस्साए वर्कचार्ज कर्मचारियों ने लोनिवि कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर धरना दिया। धरना सभा को संबोधित कर वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2019 में उच्च न्यायालय ने वर्कचार्ज की सेवा को अर्हकारी सेवा माना था। साथ ही कर्मचारियों को पेंशन दिए जाने के आदेश भी दिए थे, जिसके बाद लोक निर्माण व सिंचाई विभाग ने फरवरी 2020 को पेंशन के आदेश दिए जारी कर दिए थे, लेकिन विभाग के आदेशों के बाद भी आज तक कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिल पा रही है। इसके अलावा उन्होंने वर्कचार्ज से नियमित होकर सेवानिवृत्त व कार्यरत कर्मचारियों से की जा रही कटौती को बंद करने और समिति के समक्ष कर्मचारियों का पक्ष रखने के लिए समय देने की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि इस संबंध में महासंघ लोनिवि की बैठक देहरादून में हुई थी, जिसमें निर्णय लिया गया था कि सोमवार को सभी खंडों में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा, लेकिन इसके बाद भी उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो सभी फील्ड कर्मचारी उग्र आंदोलन की रणनीति बनाकर सड़कों पर उतरेंगे। धरना सभा में विभाग के अनेक वर्कचार्ज कर्मचारी मौजूद रहे।

लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा के परिसर में प्रदर्शन करते वर्कचार्ज कर्मचारी। ● अमृत विचार

सड़क की मरम्मत न होने पर प्रदर्शन चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी

अल्मोड़ा। जिला मुख्यालय से लगे हवालबाग ब्लॉक के एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों ने भाटनयाल ज्यूला अस्पताल को जाने वाले सड़क मार्ग का सुधारीकरण ना होने पर कड़ा आक्रोश जताया। विभाग की ओर से बरती जा रही लापरवाही के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और शीघ्र कार्रवाई ना होने पर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी। हवालबाग के पोखरी, नौटानी, पनोला, सनियाकोट, तिलोरा, ग्वालाकोट, ज्यूला, भगतोला, दाड़िमखोला व सकार ग्राम सभाओं और उसके अनेक तोकों के लोग उपचार के लिए भाटनयाल ज्यूला में स्थित अस्पताल पर निर्भर हैं, लेकिन इस अस्पताल तक पहुंचने में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल को जाने वाला मार्ग वर्षों से खस्ता हालत में है। मजबूरी में ग्रामीणों को बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को 10 किमी लंबा रास्ता तय कर दूसरे मार्ग से अस्पताल तक पहुंचना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस अस्पताल से बड़ी आबादी जुड़ी हुई है, लेकिन अस्पताल जाने वाले मार्ग की हालत काफी खराब होने के कारण सभी को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से कई बार इस सड़क मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांग को अनसुना कर दिया। विभाग की उपेक्षा से आए ग्रामीणों ने अब विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलने और शीघ्र कार्रवाई ना होने पर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी है। प्रदर्शन के दौरान सुंदर सिंह, जगदीश भट्ट, दीपा पांडे, मीनाक्षी नयाल, रंजीत सिंह, गोपाल सिंह, हरीश कांडपाल, नंदा बल्लभ, राम सिंह, किशोर नयाल, विनोद नयाल, भगत पांडे समेत अनेक ग्रामीण शामिल रहे।

उपनल कर्मियों का जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पिछले आठ दिनों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर चल रहे उपनल कर्मचारियों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। सोमवार को भी उपनल कर्मियों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार को कर्मचारियों के हितों से कोई लेना देना नहीं रह गया है, लेकिन जब तक उनकी सभी मांगों पर कार्रवाई नहीं हो जाएगी। जब तक वह अपना संघर्ष जारी रखेंगे।

जिले के उपनल कर्मचारी पिछले आठ दिनों से उच्च न्यायालय के निर्णय को लागू करने, उपनल कर्मचारियों के वेतन में 20 प्रतिशत की वृद्धि करने, महंगाई भत्ता देने, पांच वर्ष से अधिक समय तक कार्य करने पर पद सृजित करने की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार पर हैं। उपनल कर्मचारियों ने कहा कि उनके कार्य बहिष्कार के कारण सरकारी विभागों में कई कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। प्रदर्शन और धरना सभा में जिला महामंत्री शेखर भट्ट, निशांत गोस्वामी, पूरन मेहरा, सनील टम्टा, कमल बनकोटी, मुन्नी भाकुनी, किरन मठपाल, कमला बिष्ट, अवनि साह, राजेंद्र कार्की, बलवंत सिंह, कैलाश जोशी, लतिशा कनवाल, दिनेश परिहार, गोपाल बोरा, दीपक कुमार, नरेंद्र सिंह, प्रियंका जीना, पुष्पा आर्या, सोनाली परिहार आदि मौजूद रहे।

बनबसा में भी कार्य बहिष्कार जारी

बनबसा। राजकीय महाविद्यालय में उपनल कार्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी हैं। उपनल कर्मचारी त्रिलोक चंद्र कांडपाल, नरसोनु, अमर सिंह, विनोद कुमार चंद, देवकी नन्दन द्वारा कार्य बहिष्कार किया। वहीं उपनल कर्मचारी के कार्य बहिष्कार करने से महाविद्यालय को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मनरेगा डाटा में श्रमिक अनुपस्थित

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मनरेगा योजना के तहत रोजगार से अपनी आजीविका चलाने की आस लगाए मजदूरों को अब योजना राहत देती नहीं दिखाई दे रही है। योजना के तहत तमाम खामियों के चलते विभिन्न योजनाओं में काम करने वाले श्रमिक मनरेगा डाटा में अनुपस्थित दिखाई दे रहे हैं। जिस कारण श्रमिकों को समय से उनकी मजदूरी तक नहीं मिल पा रही है, जिस कारण वह काफी परेशान हैं।

मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना में चौंकाने वाला यह मामला जिले के भैंसियाछाना विकास खंड में सामने आया है। ग्राम प्रधान संगठन के

▸▸ समय पर भुगतान न होने से हो रही है आर्थिक परेशानी

अध्यक्ष चंद्र सिंह मेहरा ने विभागीय अधिकारियों को दिए पत्र में कहा है कि विभाग के ऑनलाइन सिस्टम में खामियों के कारण काम करने वाले मजदूरों की उपस्थिति तक नहीं लग पा रही है। विकास खंड के अंतर्गत किए जा रहे मनरेगा के कार्यों में श्रमिकों की एनएमएस एप के जरिए उपस्थिति तो दर्ज हो रही है। लेकिन उनकी मौजूदगी ऑनलाइन मस्टरोल में नहीं दिखाई दे रही है। जिस कारण उनके खातों में समय से उनकी मजदूरी नहीं आ पा रही है। मजदूरी के लिए आर्थिक से गरीब लोगों को काम करने के बाद भी दर दर भटकना पड़ रहा है। साथ ही श्रमिकों के साथ साथ ग्राम प्रधानों की समस्या भी बढ़ गई है।

मेहरा ने बताया कि इस समस्या की जानकारी कई बार जिला स्तर के अधिकारियों को दी जा चुकी है। लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई ना होने से ग्राम प्रधान और मनरेगा मजदूर काफी परेशान है। कई स्थानों पर तो अब मनरेगा योजना में काम करने के लिए श्रमिक मिलना भी मुश्किल हो गया है। ग्राम प्रधान धरम सिंह, संतोष आर्या, सुनील कुमार, बबीता जड़ौत, सुनीता बिष्ट, दीवान सिंह, प्रेमा बिष्ट, हेमा देवी आदि ने इस खामी को दूर कर शीघ्र श्रमिकों का भुगतान करने की मांग की है।

पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा, अमृत विचार : दन्या पुलिस ने सड़क हादसे के मामले में फरार चल रहे एक वारंटी को जागेश्वर से गिरफ्तार किया है।

दन्या के थानाध्यक्ष विजय नेगी ने बताया कि लोहाघाट के कोलीढ़क निवासी राम सिंह पर वर्ष 2021 में हुए एक सड़क हादसे में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसका विचारण न्यायालय में चल रहा है। जिस कारण न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने न्यायालय के इस वारंटी को जागेश्वर के पास आरतोला से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

बिजली के दामों में वृद्धि पर व्यापारी भड़के

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रदेश में बिजली की दरों में वृद्धि के प्रस्ताव का देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने कड़ा विरोध किया है। सोमवार को नगर पालिका के सभागार में आयोजित जन सुनवाई में व्यापारियों ने अधिकारियों को इसका विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपा और मूल्य वृद्धि होने पर उग्र आंदोलन और चक्का जाम की चेतावनी भी दी।

नगर पालिका सभागार में जन सुनवाई के बाद यहां मौजूद देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मूल्य वृद्धि का कड़ा विरोध किया। व्यापारियों ने कहा कि ऊर्जा प्रदेश होने के बाद भी यहां के लोगों को बिजली महंगे दामों में दी जा रही है। उन्होंने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि पर्वतीय जिलों में पहले से ही आयोग द्वारा घरेलू एवं कामर्शियल उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों में बेतहाशा वृद्धि की गई है। ऐसे में नियामक आयोग द्वारा बिजली बिलों में बेतहाशा बढ़ोतरी करना न्याय पूर्ण नहीं है। जनसुनवाई के दौरान देवभूमि उद्योग नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साह, महासचिव दीप चंद्र जोशी, महिला उपाध्यक्ष मनु गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक जोशी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद सिंह भोज, कोषाध्यक्ष रोहित साह, वरिष्ठ उपसचिव जयप्रकाश पांडे, कनिष्ठ उपसचिव अमन टकवाल, प्रमोद पवार, हिमांशु कांडपाल, रमेश गाड़िया, मनोज सिंह पवार, सुधीर गुप्ता, तरुण धवन, मुमताज अमान अंसारी, मनीष मल्होत्रा, संजय बिष्ट समेत अनेक नगरवासी व अन्य लोग मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में विद्युत नियामक आयोग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

समय पर बिजली बिल नहीं मिलने पर उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के भैंसियाछाना विकास खंड के ग्राम सभा बेलवाल गांव और उसके तोकों में रहने वाले लोग बिजली विभाग की लापरवाही से खासे परेशान हैं। गांव में ना ही सुचारु रूप से बिजली की आपूर्ति हो रही है और ना ही उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर बिजली के बिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभाग की लापरवाही से नाराज ग्रामीण अब विभाग के खिलाफ उपभोक्ता फोरम में जाने का मन बना रहे हैं।

भैंसियाछाना विकास खंड का बेलवाल गांव में पिछले कई महीनों से बिजली व्यवस्था पटरी पर नहीं है। बिजली की हाइटेंशन लाइनें जगह जगह हवा में झूल रही हैं। जिस कारण कई बार बिजली की आपूर्ति अधिकांश समय बाधित रहती हैं या फिर ग्रामीणों को लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ता है। पेड़ों पर झूल रहीं बिजली की तारें अनजाने हादसों को भी दावत दे रही हैं, लेकिन विभाग के अधिकारियों से कई बार की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

लापरवाही का आरोप

▸▸ नाराज ग्रामीण अब विभाग के खिलाफ उपभोक्ता फोरम में जाने का मन बना रहे

▸▸ चार या पांच महीने में एक बार बिल आने से धनराशि चुकाने में ग्रामीणों को दिक्कत हो रही

ग्रामीणों ने कहा कि इन समस्याओं के अलावा विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को समय से बिलजी के बिल भी मुहैया नहीं कराए जाते हैं। चार या पांच महीने में एक बार बिल आता है तो भारी भरकर धनराशि चुकाने में ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन बार-बार की शिकायत के बाद भी विभाग चुप है। ग्राम सभा निवासी महेंद्र सिंह, मोहन सिंह, गोपाल सिंह, दीवान सिंह, त्तिलीक सिंह, रमेश सिंह, महिपाल सिंह, कुंदन सिंह, शोबन सिंह, बीर सिंह सहित कई उपभोक्ताओं ने विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त कर व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर उपभोक्ता फोरम की शरण लेने की चेतावनी दी है।

चेतावनी के बाद मार्ग पर काम शुरू

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लंबे समय से जिला मुख्यालय पर खस्ता हालत में पहुंच चुकी गैस गोदाम रोड के सुधारीकरण को अब लोक निर्माण विभाग हरकत में आ गया है। पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने एक सप्ताह पूर्व विभाग को कार्य शुरू ना होने पर क्षेत्रीय लोगों के साथ आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी थी। जिसके बाद सोमवार को विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर मार्ग के सुधारीकरण का कार्य शुरू करवाया।

नगर के आतंरिक मोटर मार्गों की हालत लंबे समय से खराब चल रही है। लेकिन गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग, रानीधारा लिंक मार्ग, धार की तूनी-एनटीडी लिंक मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि इन पर सफर करना काफी जोखिम भरा साबित हो रहा था। जिसके चलते एक सप्ताह पूर्व कर्नाटक क्षेत्र के लोगों के साथ विभाग के अधिकारियों से मिले थे और शीघ्र मार्गों को दुरुस्त ना करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी थी। अवर अभियंता ने बताया कि फिलहाल बारह लाख रुपये की लागत से सुधारीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जबकि क्रश बेरियर और दीवारों के निर्माण के लिए बजट की मांग की गई है। इधर कर्नाटक ने कहा कि अगर 30 मार्च तक अवशेष कार्यों के लिए बजट की व्यवस्था नहीं की गई तो स्थानीय लोग आंदोलन शुरू कर देंगे। इस दौरान विभाग के देवेंद्र कर्नाटक, हेम जोशी, अशोक सिंह, सुधीर कुमार, ललित खोलिया, नीरज सिंह, हसन, सुमित बिष्ट आदि मौजूद रहे।

स्थानीय लोगों से वार्ता करते लोक निर्माण विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

दिन भर छाए रहे बादल, कहीं बारिश तो कहीं बूंदाबांदी

अल्मोड़ा : मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार सोमवार से पर्वतीय जिलों में मौसम ने करवट बदल ली है। सुबह आसमान में हल्के बादल छाए हुए थे, लेकिन दोपहर के बाद आसमान पूरी तरह बादलों से ढक गया और ठंडी हवाएं चलने लगी। इस दौरान जिला मुख्यालय समेत धौलादेवी, भैंसियाछाना, लमगड़ा, सोमेश्वर, सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण, चौखुटिया, द्वाराहाट व रानीखेत तहसीलों में कई जगह हल्की बारिश और बूंदाबांदी हुई। जिस कारण ठंड काफी बढ़ गई। मौसम के अचानक करवट बदलने के कारण जिला मुख्यालय समेत सभी कस्बों में सन्नाटा पसर गया। लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकले। ठंड से बचने के लिए अनेक जगहों पर लोग अलाव और इलेक्ट्रानिक उपकरणों का सहारा लेते दिखाई दिए। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों में कहीं तेज और कहीं हल्की बारिश हो सकती है। सोमवार को अल्मोड़ा का अधिकतम तापमान सात और न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

वर्ग पहेली-348

बाएं से दाएं

1. पापों का नाश करने वाला।
4. फाड़ना, विदीर्ण करना, नष्ट-भ्रष्ट करना।
6. 1. एकाधिक व्यक्तियों का साथ चलना 2. साथ, संग, सोहबत 3. विभिन्न व्यक्तियों के विचारों में बिसराना, भुलाना, भुला देना, विस्मृत करना।
7. 1. कठोर आवरण वाले और बहुत खट्टे फलों का एक वृक्ष, कैथ 2. उक्त वृक्ष का फल, कपित्य।

ऊपर से नीचे

1. 1. पाप से मुक्त होने की क्रिया या भाव 2. पाप निवारण 2. पाप निवारण करने का स्थान, तीर्थस्थान।
2. शव को जलाने हेतु निर्मित गृह, श्मशान।
3. पुरानी दीवारों या खारवाली ज़मीन में ऊपर से निकल आने वाला क्षार अथवा नमक।
5. दे. तीर्थ।



वर्ग पहेली - 347 का हल

1 कँ	ग	ला		2 अ	
टि				व	
या		3 की		स	
	4 फ	ट	का	र	ना
		ना		वा	
5 सु	दे	श		दि	
थि		6 क	र	ता	ल

सुडोकू-65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1	5					8		2
		6			4			
	8					7	6	
	4		1		5			8
		3				9		
8			6		2		4	
	6	8					9	3
			7			2		
2		9					7	5

सुडोकू - 64 का हल

1	6	3	2	8	5	7	9	4
4	8	2	6	7	9	3	5	1
5	7	9	1	4	3	6	2	8
2	1	5	4	3	6	9	8	7
9	4	7	8	5	1	2	6	3
8	3	6	7	9	2	1	4	5
3	5	1	9	2	4	8	7	6
7	2	4	3	6	8	5	1	9
6	9	8	5	1	7	4	3	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 09 .55 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 12 .13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज सामाजिक संस्थाओं द्वारा आपकी प्रशंसा हो सकती है। किसी बुरी आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित होंगे। आप अनेक लोगों की करियर में सहायता करने का प्रयास करेंगे। कार्य के विस्तार की रणनीति सफल रहेगी।

वृष — आज स्वयं को भ्रमित होने से बचाएं। व्यर्थ की बातों को करने से बचें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। परिवार के लोग आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं। लिहाज से दिन शुभ रहेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

मिथुन — आज परिवार का माहौल अच्छा रहने वाला है। किसी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। अवसरों का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। नौकरी में आपको उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा।

कर्क — आज धन की कमी के कारण कुछ चलते हुए कार्यों में गतिरोध उत्पन्न हो सकता है। परिवार का सहयोग नहीं मिलेगा। अपने काम पर फोकस नहीं कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है।

सिंह — आज अपनी सकारात्मक सोच से परिस्थितियों का सही लाभ उठा पायेंगे। मित्रों से सही सलाह मिलेगी। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। व्यापार में तरक्की होने के योग बन रहे हैं। कोई अच्छा समाचार मिलेगा।

कन्या — आज लव लाइफ काफी अच्छी रहेगी। कार्य की व्यस्तता के बीच स्वजनों के लिए समय अवश्य निकालें। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अचानक धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। कई तरह की परेशानियों का अंत होगा।

तुला — आज जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में परेशानियां बढ़ सकती हैं। आध्यात्मिक अभिरुचियों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — आज किसी अनजानी गलती के कारण आप आत्मग्लानि से पीड़ित हो सकते हैं। जिद्दी रवैये से आपको ही नुकसान झेलना पड़ेगा। दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपके स्वास्थ्य सुख में बाधा आ सकती है।

धनु — आज नया निवेश करने के लिए समय अनुकूल है। आय बढ़ने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यापार में धन की कमी दूर होगी। कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

मकर — आज कर्मचारियों का व्यवहार चिन्तित कर सकता है। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा। अनजाने में हुई गलती परेशानी खड़ी कर सकती है। व्यवसाय में जोखिम लेने के लिए दिन उचित नहीं है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

कुंभ — आज अपनी प्रतिभा और योग्यता पर संदेह न करें। कला और साहित्य आदि में विशेष रुचि लेंगे। धैर्य और संयम से कार्य करें। किसी निकटस्थ व्यक्ति के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

मीन — आज विवादास्पद मामलों से दूर रहने में ही उत्तम है। किसी को धन उधार न दें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपके आसपास कई तरह की चीजें बदल रही हैं जिसके कारण उचित निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10 .00
कर्तव्य — रात : 07 .00

SONY MAX
कोई जाने ना — सुबह : 09 .00
नहले पे दहला — रात : 09 .00

SONY PIX
एनाकोंडा — सुबह : 10 .17
मॉन्स्टर हंटर — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
बादल — सुबह : 10 .30
लव शुदा — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
तो बात पक्की — सुबह : 11 .04
हीरोज — रात : 09 .48

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह-10 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया- सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

ब्लैक कार्बन के उत्सर्जन से जलवायु परिवर्तन

क्लाइमेट चेंज एंड सस्टेनेबिलिटी ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज इन हिमालयन रीजन पर विशेषज्ञों ने मंथन किया

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मानवीय चूक के कारण ब्लैक कार्बन का उत्सर्जन लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसका असर जलवायु परिवर्तन पर देखा जा सकता है। यह क्लाइमेट चेंज का ही परिणाम है कि पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में इसके नकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं।

एसएसजे विवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में क्लाइमेट चेंज एंड सस्टेनेबिलिटी ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज इन हिमालयन रीजन पर देश भर के विषय विशेषज्ञों ने मंथन किया। वैज्ञानिक डा. जेसी कुनियाल ने इस दौरान वातावरण में एयरोसोल के स्तर पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज के कारण ऋतुओं का चक्र लगातार बदल रहा है। प्री मानसून की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिसका प्रमुख कारण तेजी से विषाक्त हो रहा पर्यावरण है। उन्होंने बताया कि मानवी चूक के कारण ब्लैक कार्बन के उत्सर्जन में तेजी आ रही है, जो क्लाइमेट चेंज का प्रमुख कारण है।

उन्होंने कहा कि हमें इससे बचाव के समुदाय आधारित कार्य करने होंगे और वनाग्नि को रोकने के प्रयास करने होंगे। डा. देवेंद्र बिष्ट ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों में नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। पर्यावरण में निरंतर गिरावट दिखाई दे रही है। इस दिशा में गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों के शोध अध्ययनों को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। प्रो. रूबीना अमान ने कहा कि मानवजनित नुकसान को समझना होगा। अन्यथा इंसान को प्रकृति के साथ खिलवाड़ के भयावह परिणाम भुगतने होंगे।

इस दौरान प्रो. भीमा मनराल, डा. बलवंत कुमार, डा. प्रतिभा, मुक्ता मर्तोलिया, डा. देवेंद्र बिष्ट, डा. डीएस धामी, डा. आरएन पाठक, डा. नवीन, नेहा पंतोला, डा. मंजूलता, डा. रवींद्र कुमार, डा. प्रीति आर्या, प्रो. सोनू द्विवेदी, डा. नंदन बिष्ट, डा. संदीप कुमार, डा.भुवन चंद्रा, डा. राम चन्द्र मौर्या, डा. श्वेता चनियाल, डा.राजेश राठौर, डा.राजेन्द्र जोशी, डा. लता आर्या, डा. तेजपाल सिंह, रवि कुमार, मनोज, एमएससी के विद्यार्थी, शोधार्थी एवं शिक्षक आदि।

सेमिनार में मौजूद विशेषज्ञ और विभिन्न स्थानों से आए शोधार्थी। ● अमृत विचार

एसएसजे में क्लाइमेट चेंज पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते वक्ता।

इन विषयों पर प्रस्तुत किए गए शोधपत्र

सेमिनार की संयोजक डा. धनी आर्या ने बताया कि इस अंतर राष्ट्रीय सेमिनार के तकनीकी सत्रों में जलवायु परिवर्तन में तकनीकी उपयोग, जलवायु परिवर्तन एवं पर्यटन, आर्थिक स्थिति, मत्स्यिकी, टेक्सोनोमी, पादप रोग, हिमालयी प्रवर्जन, जलवायु परिवर्तन एवं कार्बन डाई ऑक्साइड, मध्य हिमालय के ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन, पारंपरिक ज्ञान, एग्रो बायो डायवर्सिटी, ओसालोट्रोफिक पादपों की भूमिका, एग्रो मिल्क फार्मिंग, सॉयल मैकॉफ्लोरा, पर्यटन एवं पर्यावरण संवेदनशीलता, इनवेसिव प्लांट, चिकित्सकीय पौधों, शैवाल एवं नदियों का बहाव क्षेत्र, धतूरा प्लांट से कैल्शियम की दवा, अग्निहोत्र एवं पर्यावरण आदि विषयों को लेकर शोध पत्र पढ़े गए। जबकि उत्कृष्ट शोधपत्र के रूप में फैकल्टी की डा. पारुल सक्सेना और शोधार्थी जोया साह को पुरस्कृत किया गया।

देसी शराब संग विदेशी गिरफ्तार

टनकपुर, अमृत विचार : सोमवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान पूर्णागिरि क्षेत्र में दिनेश लोहार पुत्र किशन लोहार, निवासी जोगबूढ़ा डडेलधूरा, नेपाल के कब्जे से 46 पव्वे देसी शराब बरामद किए।

पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। ठूलीगाड़ चौकी प्रभारी हरीश प्रसाद ने बताया कि आरोपित दुकान में शराब बेचता और पिलाता था। पुलिस टीम में कांस्टेबल अशोक कोहली, सुभाष पांडेय आदि रहे।

बाइक सवार ने बच्चे को मारी टक्कर

बागेश्वर, अमृत विचार : गोमती पुल के समीप बाइक चालक बच्चे को टक्कर मारकर फरार हो गया। वहां पर तैनात पुलिस कर्मियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया।

चिकित्सकों के अनुसार 11 वर्षीय बालक हर्षित पुत्र प्रमोद कुमार का इलाज चल रहा है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता नैना तिवारी लोहुमी ने पुलिस से बच्चों के हित में नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

रैली से दिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश

एनएसएस शिविर में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते डॉ. सुल्तान सिंह यादव।

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम सैलानीगोठ विद्यालय में जारी है। शिविर के पांचवें दिन पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ग्राम सभा में स्वयंसेवकों ने जागरूकता अभियान चलाया।

राष्ट्रीय सेवा योजना राजकीय महाविद्यालय टनकपुर के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस में ग्राम सभा सैलानीगोठ में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम सभा में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक भी किया गया। बौद्धिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय टनकपुर राजनीतिक शास्त्र के प्रोफेसर डॉ. सुल्तान सिंह यादव की ओर से शिविरार्थियों को लोकतंत्र एवं सामाजिक इतिहास जैसे मुख्य बिंदु पर विचार रखे गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुषमा मक्कड़ ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य डॉ अनुपमा तिवारी, प्रोफेसर सुमन कुमारी, सुषमा मक्कड़,किरन दानू आदि मौजूद रहे।

शिविर

- ग्राम सभा सैलानीगोठ में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- ग्राम सभा में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक भी किया

चम्पावत में कार्मिकों को शपथ दिलाते सीडीओ संजय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

सीडीओ ने दिलाई मतदान की शपथ

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : विकास भवन चम्पावत में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में मतदान की शपथ ली गयी। साथ ही अन्य मतदाताओं को भी मतदान में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया।

इस अवसर पर जनपदीय स्वीप टीम के सदस्य एमपी जोशी, जीवन कलौनी, विद्यासागर, शंकर दत्त पाण्डेय, भूपेश जोशी, मुक्त शर्मा, अर्पित शर्मा, सुरेश राम आर्य आदि मौजूद रहे।

जागरूकता कार्यक्रम

- विकास भवन में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत चला अभियान

नवोदय विद्यालय से गायब चार छात्र मुरादाबाद में मिले

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले चार छात्र रात में अचानक गायब हो गए। सुबह प्रार्थनास्थल पर हाजिरी ली जा रही थी तो इस बारे में पता चला, जिसके बाद विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। उसके बाद पुलिस बच्चों की तलाश में जुट गई। पुलिस को चारों बच्चे मुरादाबाद में मिले।

ये छात्र 15 फरवरी की रात गायब हुए थे। चारों छात्रों ने बताया कि उनका अपने ही स्कूल के साथियों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। साथियों ने उन्हें पीटने की धमकी दी थी। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि चारों बच्चे डर के कारण ही भागे थे। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंधन ने धमकी देने वाले छात्रों के परिजनों को स्कूल बुलाकर चेतावनी दी है।

पुलिस के अनुसार उन्हें सीसीटीवी की मदद से जानकारी मिली की चारों बच्चों ने रात 11 बजे टैक्सी बुक की। पुलिस जब टैक्सी ड्राइवर तक पहुंची तो उसने छात्रों को काठगोदाम तक छोड़ने की बात कही। पूछताछ में पता चला कि चारों छात्र यहां से संपर्क क्रांति ट्रेन में सवार हुए थे।

उसके बाद पुलिस ने रामपुर और मुरादाबाद जीआरपी और आरपीएफ से संपर्क किया। आरपीएफ ने ट्रेन में छानबीन कर उन्हें ढूंढा और मुरादाबाद में चारों को ट्रेन से उतारकर चौकी में बैठा लिया। इसके बाद रानीखेत पुलिस और विद्यालय की टीम वहां पहुंची और छात्रों को वापस ताड़ीखेत ले आई।

उद्यमी बनने के तरीके बताए

अमोड़ी महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय ईडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. अजिता दीक्षित ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्र-छात्राओं को उद्यमिता एवं नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अच्छे विजनेस आइडियाज वाले छात्र-छात्राओं को विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। इस प्रकार के छात्रों को आगे बढ़ाने के और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए यह प्रशिक्षण मील का पत्थर साबित होगा।

प्रशिक्षक रमेश चन्द्र पंत तथा पंकज तिवारी ने देवभूमि उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने उद्यम के क्षेत्र में आगे बढ़ने के तौर तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के उद्यमिता नोडल अधिकारी डा. दिनेश कुमार गुप्ता, फैकल्टी सदस्य डा. संजय कुमार, डा. रंजना सिंह, अतुल कुमार मिश्र, संजय कुमार गंगवार ने भी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम में हरीश चन्द्र जोशी, दशरथ बोहरा, दिनेश चन्द्र सिंह रावत ने सहयोग किया।

टनकपुर में अग्निशमन केंद्र में उपकरणों का निरीक्षण करते सीओ शिवराज सिंह राणा।

अग्निशमन केंद्र की बैरक का निरीक्षण किया

टनकपुर, अमृत विचार : सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक टनकपुर शिवराज सिंह राणा द्वारा अग्निशमन केंद्र टनकपुर का अर्द्ध वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अमर सिंह अधिकारी के नेतृत्व में जवानों ने उन्हें सलामी दी। सीओ राणा द्वारा फायर स्टेशन परिसर, प्रशासनिक भवन, स्टोर, भोजनालय, कर्मचारी बैरक का निरीक्षण किया गया और समस्त सरकारी अभिलेखों की गहनता से जांच की गई। जिसमें सभी अभिलेख सुव्यवस्थित पाए गए। सीओ ने सभी जवानों से उनकी समस्या के बारे पूछा। उन्होंने जवानों को साइबर क्राइम, ड्रग्स, योगा, फिजिकल एक्टिविटी के संबंध में जागरूक किया तथा सभी जवानों को अनुशासन में रहकर अपने कर्तव्य का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा सीओ ने वाहनों, मशीनों, आपदा उपकरणों को स्टार्ट कर चेक किया। सभी उपकरणों को सदैव तैयारी की हालत में रखने के लिए निर्देशित किया गया।

रंग लाया विरोध, टालनी पड़ी उपखनिज की खुली नीलामी

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : आखिरकार खनन व्यवसाइयों का एतराज रंग लाया और 19 फरवरी को होने वाली नीलामी को खनन विभाग को आखिरकार टालना पड़ा।

खनन व्यवसाइयों ने आरोप लगाया था कि खुली नीलामी की जानकारी को वृहद स्तर पर प्रसारित किया गया और नहीं नीलामी की शर्तें और नीलामी स्थल सार्वजनिक की गई। इसे लेकर खनन व्यवसाइयों ने सोमवार सुबह डीएम को पत्र भेज एतराज जताया था।

सोमवार को नीलामी स्थगित करते हुए नीलामी की नई तिथि तय कर दी गई है। चूका क्षेत्र के पास मोस्टा में 24 जनवरी को अवैध रूप से पकड़े गए 24624 टन उप खनिज की खनन विभाग द्वारा 19 फरवरी को नीलामी की जानी थी। इसके लिए खनन विभाग ने चम्पावत तहसील कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर नौ फरवरी को नीलामी सूचना चस्पा की गई थी।

खनन कारोबारियों का आरोप है कि नीलामी की जानकारी बेहद सीमित स्तर पर दी गई। इसे जिले की सभी तहसील कार्यालयों पर चस्पा नहीं किया गया। साथ ही नीलामी की जानकारी समाचार पत्रों में विज्ञप्ति के जरिए भी नहीं दी गई। नीलामी की सूचना भी अपर्याप्त थी। इन तमाम बिंदुओं को खनन व्यवसाइयों ने सोमवार को डीएम को भेजे पत्र में उठाते हुए उपखनिज की खुली नीलामी रोकने की मांग की थी।

खनन विभाग ने सोमवार को नीलामी स्थगित कर दी। खनन अधिकारी चित्रा जोशी ने खनन कारोबारियों की ओर से लगाए आरोपों को नकारा। साथ ही कहा कि खुली नीलामी का व्यापक प्रसार कराया जाएगा और खुली नीलामी अब चार मार्च को कराई जाएगी।

नई तिथि जारी

- 19 फरवरी की तिथि को आगे बढ़ाकर चार मार्च किया गया
- खनन व्यवसाइयों ने खामियां बताकर डीएम को पत्र भेजा था

भुगतान नहीं हो पाने पर नाराजगी जताई

गरमपानी, अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में मनरेगा योजना से संचालित कार्यों के निर्माण सामग्री का भुगतान न हो पाने से पंचायत प्रतिनिधियों ने गहरी नाराजगी जताई है। लगभग 46 लाख रुपये से भी अधिक का भुगतान लटकने से कार्य भी प्रभावित होते जा रहे हैं।

ग्राम प्रधान संगठन ने तत्काल बकाया भुगतान की मांग उठाई है। बीडीओ महेश चंद्र गंगवार के अनुसार बजट आवंटन होते ही तत्काल भुगतान किए जाने का दावा किया है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में निर्माण सामग्री का लंबे समय से भुगतान न हो पाने से तमाम गांवों के ग्राम प्रधान परेशान हैं। भुगतान के लंबित होने से निर्माण सामग्री मंगाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। जिससे योजना से जुड़े विकास कार्य भी प्रभावित होते जा रहे हैं।

नल सूखे, हैंडपंप भी खराब दूर से पानी ढो रहे हैं ग्रामीण

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : जनपद चम्पावत के सीमांत मंच के गांव में 25 दिनों से नलों में पानी की बूंद नहीं टपकी है। अब तक क्षेत्र के लोग यहां लगे दो हैंडपंपों से अपनी और मवेशियों की प्यास बुझा रहे थे, लेकिन इनमें से एक हैंडपंप खराब होने से मुश्किल और अधिक बढ़ गई है। लोगों ने जल संस्थान पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारू न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

मंच के ग्राम प्रधान दीपक महर, सुंदर सिंह, दीपक सिंह, पंकज सिंह, पंकज वर्मा, सौरभ सिंह, अशोक सिंह, अनिल सिंह आदि ने बताया कि मंच क्षेत्र में लंबे समय से नलों में पानी नहीं आ रहा है। इसकी शिकायत कई बार जल संस्थान के अधिकारियों से कर दी गई है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। बताया कि अभी तक दो हैंडपंपों से लोग पानी भरकर अपनी तथा मवेशियों की प्यास बुझा रहे थे, लेकिन अब एक हैंडपंप खराब हो गया है, जिससे लोग एक किलोमीटर दूर से पानी ढो रहे हैं। बताया कि मंच में 60 परिवारों के सामने गंभीर पेयजल संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने जल्द पेयजल की आपूर्ति बहाल न करने पर विभाग के विरुद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। जल संस्थान के अभियंता हेमंत फुलारा ने बताया कि मंच के लिए बनी पेयजल योजना के जल स्रोत का पानी सूखने से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

अनियमितता कार्य पूरा होने का बोर्ड लगाया, कई घरों तक नहीं पहुंचे कनेक्शन, जगह जगह कार्य अधूरा

जल जीवन मिशन योजना धरातल पर अधूरी, जताया रोष

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में जल जीवन मिशन में बड़ी अनियमितता का मामला सामने आया है। समीपवर्ती गांव में योजना का कार्य अधूरा होने के बावजूद कार्य पूरा किए जाने का बोर्ड स्थापित कर दिया गया।

हकीकत यह है की अधिकांश परिवारो के घर तक कनेक्शन ही नहीं हो सके हैं वहीं तमाम स्थानों पर लाइन का कार्य भी अधूरा छोड़ दिया गया है। योजना के नाम पर गांव के लोगों को ठगने का आरोप लगा ग्रामीणों ने गहरा रोष जताया है मामले की जांच की मांग उठाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ड्रीम प्रोजेक्ट कही जाने वाली जल जीवन मिशन योजना का बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में दम निकल गया है। विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली योजना पर भारी पड़ रही है। योजना की आड़ में बजट ठिकाने लगाया जा रहा है पर गांव के बाशिंदों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो रहा।

बेतालघाट ब्लॉक के उल्गौर क्षेत्र में बनी जल जीवन मिशन योजना बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रही है। योजना का कार्य पूरा करने का बोर्ड तो स्थापित कर दिया गया है पर धरातल में आज भी योजना के कार्य अधूरे पड़े हैं। समीपवर्ती धारी गांव में तो अधिकांश परिवार कनेक्शन का ही इंतजार करते करते थक चुके हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार लगभग पांच महीने पहले से काम भी बंद हो चुका है। जीआइसी लोहाली के समीप बोर्ड भी स्थापित कर दिया गया है पर आज तक जगह जगह काम अधूरा पड़ा है।

स्थानीय पंकज भट्ट, संजय सिंह, गोविन्द सिंह, बालम सिंह, पंकज रावत, प्रेम सिंह, महेंद्र सिंह, उमेश आदि ने योजना की जांच करने तथा योजना का कार्य पूरा करवाए जाने की मांग उठाई है। अनदेखी पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

बोर्ड में दर्शाया बीते अगस्त में कार्य हुआ पूरा

महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत दो वर्ष पूर्व उल्गौर पेयजल योजना को स्वीकृति मिली। योजना से उल्गौर ग्राम पंचायत के साथ ही धारी तथा आटलरीठा गांव को भी लाभान्वित किया जाना था। योजना स्वीकृत होने से गांवो में पानी का संकट खत्म होने की उम्मीद जगी। फ़रवरी 2023 में कार्य का श्रीगणेश किया गया तथा वर्ष 2023 में ही अगस्त तक कार्य पूरा किए जाने का लक्ष्य भी रखा गया शुरु में कार्य ठिक हुआ पर धीरे धीरे स्थित बद से बद्तर होती चली गई। अब हालात यह हैं की पिछले पांच महीने से कार्य बंद है और बोर्ड कार्य पूरा किए जाने का दावा कर रहा है।

जांच की मांग

- 23 लाख से भी अधिक की लागत से तैयार होनी थी योजना
- योजना का कार्य अधूरा छोड़ने से गांवों के बाशिंदे आक्रोशित

कृषि यंत्र के साथ समूह की अध्यक्ष राखी राणा और ग्राम प्रधान भावना नेगी।

किसानों को दिया ब्रश कटर

बनबसा। जनजाति बाहुल्य ग्राम बमनपुरी में जनजाति के परिवारों के समूह को कृषि विभाग की ओर से ब्रश कटर दिया गया। ग्राम प्रधान भावना नेगी की अध्यक्षता में हुई खुली बैठक में अनुसूचित जनजाति के कृषक समूह का गठन किया गया था, जिसमें कृषकों द्वारा कृषि विभाग चंपावत से ब्रश कटर की मांग की गई थी। जिस पर सोमवार को ग्राम प्रधान भावना नेगी की उपस्थित में कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्र ब्रश कटर जनजाति परिवारों के समूह को भेंट किया। कृषकों द्वारा इस यंत्र की मदद से धान, गेहूं, घास आदि काटने में मदद मिलेगी। इस मौके पर समूह की अध्यक्ष राखी राणा ने कृषि विभाग का आभार जताया।

बजट आवंटन के मामले ने तूल पकड़ा

गरमपानी, अमृत विचार : शहीद बलवंत सिंह भुजान - बर्धो मोटर मार्ग पर स्थित बढेरी क्षेत्र से खेत खलिहानों की ओर कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड के बजट आवंटन का मामला तूल पकड़ गया है। धारी क्षेत्र से विरोध के स्वर उठने के बाद अब भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने भी नाराजगी जताई है। किसानों के धारी गांव से खेतों की ओर सीसी निर्माण की मांग के उलट बढेरी से निर्माण को बजट आवंटन पर सवाल उठाए हैं। बेतालघाट ब्लॉक के बढेरी क्षेत्र से उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड ने खेत खलिहानों की ओर सीसी निर्माण को लगभग बीस लाख रुपये का बजट आवंटित किया है। बीते दिनों धारी गांव निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य नंदन सिंह ने बजट से किसानों के उलट स्टोन क्रशर संचालकों को लाभान्वित करने का आरोप लगाया।

एक नजर

सहायक रिटर्निंग अफसरों को दिया गया प्रशिक्षण

देहरादून : जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सोनिका की उपस्थिति में सह नोडल अधिकारी प्रशिक्षण व निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण ने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया और निर्वाचन के दौरान उनके दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। डीएम ने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होने बूथ पर मूलभूत सुविधाएं देखने और जिन बूथों पर कार्य कराए जाने हैं, उनकी सूची जल्दी भेजने के निर्देश दिये। सभी उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। डीएम ने कहा कि विशेषकर जिन बूथों पर 50 प्रतिशत या उससे कम वोटिंग हुई है, उन पर कार्यक्रम अवश्य करें व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के माध्यम से जनता को मतदान के लिए प्रेरित करें। बूथ परिवर्तन की कारण सहित सूची भेजें। इसके साथ ही विभिन्न गतिविधियों में भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूचित करने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीडीओ झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश शैलेंद्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी मसूरी दीपक सैनी, सह नोडल अधिकारी प्रशिक्षण विक्रम सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरी गोस्वामी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी आदि उपस्थित रहे।

सौंग बांध परियोजना में देरी होने पर मुख्य सचिव ने नाराजगी व्यक्त की

सिंचाई विभाग को पर्यावरणीय, वित्तीय सहित सभी क्लीयरेन्स जल्द प्राप्त करने के निर्देश दिए

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सौंग बांध परियोजना की प्रोसिजर क्लीयरेन्स कार्यों में देरी पर नाराजगी व्यक्त की व सम्बन्धित कार्यवाही को जल्द पूरा करने के निर्देश सिंचाई विभाग व कार्यदायी संस्था यूपीडीसीसी लि. को दिए। मुख्य सचिव ने सोमवार को सचिवालय में आयोजित सौंग बांध की ईएफसी की बैठक (व्यय वित्त समिति) के दौरान दिए।

मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग को परियोजना से सम्बन्धित पर्यावरणीय, वित्तीय सहित सभी क्लियरेन्स जल्द प्राप्त करते हुए इसका अन्तिम अनुमोदन प्राप्त करने निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि देहरादून में जलापूर्ति की कमी के कारण भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पेयजल के उद्देश्य से सौंग बांध अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, जिससे शहर को पेयजल आपूर्ति के लिए 150 एमएलडी रॉ वाटर, नलकूपों के रख रखाव के व्यय की बचत, भूमिगत जल रिचार्ज, बाढ़ नियंत्रण एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में सिंचाई विभाग ने जानकारी दी कि वन विभाग ने 127 हेक्टेयर वन भूमि प्रत्यावर्तित किए जाने की सैद्धान्तिक स्वीकृति मिल गई तथा निजी भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही गतिमान है।

सचिवालय में आयोजित सौंग बांध की ईएफसी की बैठक में निर्देश देतीं मुख्य सचिव। ● अमृत विचार

बैठक
- 127 हेक्टेयर वन भूमि प्रत्यावर्तित की सैद्धान्तिक स्वीकृति मिली
- निजी भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही गतिमान है

वहीं मुख्य सचिव ने जामरानी बांध परियोजना की उच्चाधिकार समिति (एचपीसी) की बैठक के दौरान परियोजना पर सैद्धान्तिक सहमति देते हुए इससे सम्बन्धित प्रस्तुतिकरण अगली कैबिनेट में रखने के लिए तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर मुख्य सचिव आन्नदवर्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, दिलीप जावलकर आदि उपस्थित रहे।

महेंद्र भट्ट की निर्विरोध जीत तय

देहरादून, अमृत विचार: राज्यसभा निर्वाचन की कल होने वाली औपचारिक घोषणा के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का कार्यकर्ताओं की ओर से भव्य स्वागत किया जाएगा।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि राज्यसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवार महेंद्र भट्ट की निर्विरोध जीत तय है, क्योंकि विपक्ष ने हार स्वीकार कर अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है, जिसकी कल विधानसभा में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषणा कर, जीत का प्रमाणपत्र पार्टी प्रत्याशी को सौंपा जाएगा। उनके निर्विरोध जीतने की खुशी में प्रदेश के समस्त कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में कल महानगर संगठन द्वारा विधानसभा से बलबीर रोड स्थित भाजपा मुख्यालय तक स्वागत जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान राजधानी में मौजूद पार्टी प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं देहरादून महानगर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। अपराह्न 3 बजे नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद और प्रदेश अध्यक्ष के प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर ढोल नगाड़ों, आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरित कर शानदार अभिवादन किया जाएगा।

पल्स पोलियो खुराक से कोई बच्चा वंचित न रहे

संवाददाता, देहरादून

तैयारी
- अभियान को सफल बनाने के लिए डीएम ने ली बैठक
- अभियान में शत-प्रतिशत भागीदारी के निर्देश दिए

अमृत विचार : जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्टेट में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने व बूथ दिवस आगामी 3 मार्च को 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को खुराक पिलाने व बूथ पर व्यवस्थाएं बनाने के संबंध में बैठक की।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पल्स पोलियो खुराक से कोई भी बच्चा वंचित न रहे, इसके लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं करते हुए बच्चों को आच्छादित करें। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाए जाने व मलिन बस्तियों के बच्चों तक पहुंचने के लिए व्यापक योजना बनाएं, ताकि जिले में कोई भी बच्चा पोलियो ड्रॉप से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पल्स पोलियो अभियान में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को निर्बाध व्यवस्था बनाये रखने, शिक्षा विभाग को जिन स्कूलों में बूथ स्थापित हैं, उन्हें आगामी रविवार को खुला रखते हुए प्रार्थना सभाओं में छात्र-छात्राओं के माध्यम से बच्चों पोलियो खुराक पिलाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

विकास विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अभियान का प्रचार प्रसार के साथ ही पल्स पोलियो कार्यकर्ताओं को सहयोग प्रदान करने को कहा गया। पुलिस विभाग को जिले के विभिन्न आवागमन स्थलों पर अधीनस्थों को नियुक्त कर सहयोग दें। सूचना विभाग को प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। स्वयंसेवी संस्थाओं से अपने स्तर से अभियान में प्रचार करने की अपेक्षा की गई।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय जैन ने बताया कि जिले में 2,33,500 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 03 मार्च को बूथ पर व 04 मार्च से 09 मार्च तक घर-घर जाकर खुराक पिलाई जाएगी।

समाज कल्याण निदेशक तलब

संवाददाता, हल्द्वानी

सुनवाई
- राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दायर जनहित याचिका पर हुई सुनवाई
- वन रावत और वन राजि जनजाति समुदाय के अस्तित्व को लेकर दायर है याचिका

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने उत्तराखंड के वन रावत और वन राजि जनजाति समुदाय का अस्तित्व खतरे में होने को लेकर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ में सोमवार को समाज कल्याण विभाग के निदेशक कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए।

सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की खण्डपीठ ने राज्य सरकार, केंद्र सरकार व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश हैं कि वे दो सप्ताह के भीतर राज्य व केंद्र सरकार के द्वारा योजित इनके उत्थान के लिए के उत्तराखंड स्टेट लीगल सर्विस अथॉरिटी की ओर जारी निर्देशों पर अमल करें। इस मामले में जनहित याचिका दायर की गई है। जनहित याचिका में कहा गया कि उत्तराखंड में वन रावत व वन राजि जनजाति का अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर है।

इस जनजाति की जनसंख्या लगातार घटती जा रही है। जिसकी वर्तमान जनसंख्या सिमट कर अब लगभग 900 रह गयी है। इस जनजाति के लोगों के पास बुनियादी सुविधायें तक अब नही रही है। इनके स्वास्थ्य, शिक्षा और रहने खाने के लिये कोई उचित प्रबंध नहीं है। इनकी शिक्षा के लिये कोई प्रबंध नहीं है। यह जनजाति विलुप्ति के कगार पर है। सरकार इस जनजाति के वजूद को बनाये रखने के लिये कोई ठोस योजना नहीं बना रही है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि सरकार उनके अस्तित्व को बचाये रखने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। जबकि सुनवाई पर सरकार की ओर से कहा गया कि सरकार बुनियादी सुविधायें मुहैया करा रही है। अंत में अदालत ने समाज कल्याण विभाग के निदेशक को आगामी 19 फरवरी को अदालत में पेश होने के निर्देशदिये।

21 फरवरी को होगा विशाल धरना प्रदर्शन

लालकुआं, अमृत विचार: बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने व आवारा पशुओं से निजात दिलाने के अलावा गौला नदी में तटबंध निर्माण की मांग सहित 10 सूत्री मांग को लेकर बिंदुखत्ता संघर्ष समिति द्वारा 21 फरवरी को लालकुआं में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

बैठक से पूर्व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष कुंदन सिंह मेहता, सचिन भुवन जोशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय सामंत, महामंत्री प्रदीप बथ्याल, लालकुआं नगर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गुरदयाल सिंह मेहरा, गिरधर सिंह बम, प्रभात पाल रमेश कुमार, लक्ष्मण धपोला, शंकर राम ने आज बिन्दुखत्ता क्षेत्र राजीव नगर आदि क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान किया।

सामाजिक सहभागिता से टीबी उन्मूलन संभव

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : सामाजिक सहभागिता से ही टीबी उन्मूलन संभव है। यह बात एनएचएम मिशन निदेशक स्वाति भदौरिया ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय टीबी फोरम की बैठक के दौरान कही।

मिशन निदेशक ने टीबी फोरम के सदस्यों से अपेक्षा की कि प्रधानमंत्री के टीबी उन्मूलन लक्ष्य वर्ष 2025 के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। जिस हेतु प्रदेश में 10 हजार से अधिक निक्षय मित्रों ने टीबी रोगियों को सहयोग देने हेतु पंजीकृत किया है। टीबी रोग से ठीक हो चुके 130 प्रशिक्षित टीबी चैंपियन्स ने समय-समय पर टीबी रोगियों की काउंसलिंग व सामाजिक जागरुकता प्रसारित करने का कार्य किया जा रहा है। भदौरिया ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की निशुल्क हेल्पलाइन सेवा 104 के माध्यम से टीबी रोगियों से समय-समय पर फीडबैक लिया जाए। जिसमें टीबी रोगियों के उपचार, निक्षय पोषण योजना की जानकारी ली जाए व किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निवारण किया जाए। बैठक में टीबी चैंपियन्स, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अनुभव साझा किये गये जो कि टीबी उन्मूलन हेतु मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में अपर मिशन निदेशक एनएचएम अमनदीप कौर, निदेशक एनएचएम डॉ भागीरथी जोशी, राज्य कार्यक्रम अधिकारी एनटीईपी डॉ. पकंज सिंह, राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. जेएस नेगी, कार्यक्रम अधिकारी सीपीएचसी डॉ. फरीदुजफर, टीबी एंड चेस्ट फिजिशियन डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. ऋचा, डॉ. उमा रावत, डॉ. विकास पांडे सहित जीत, रीच, टीबी चैंपियन्स व पीएलएचआईवी नेटवर्क संस्था के प्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित एनएचएम मिशन की निदेशक स्वाति भदौरिया व अन्य।

उत्तर प्रदेश

महिला दोस्त की हत्या कर युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, किरतपुर (बिजनौर)

अमृत विचार : थाना क्षेत्र में मनमुटाव के चलते युवक ने महिला दोस्त की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गांव शेखपुरा लाला में सोमवार की सुबह करीब नौ बजे 43 वर्षीय लक्ष्मण सिंह पुत्र बाबूराम ने गांव की ही 45 वर्षीया धर्मवती पत्नी स्वर्गीय राकेश की उसके घर में गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद लक्ष्मण ने अपने घर आकर फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। दोनों के घर आमने-सामने हैं। महिला विधवा थी। जबकि लक्ष्मण की पत्नी की भी मौत हो चुकी है। लोगों ने बताया कि लक्ष्मण सिंह व धर्मवती के बीच मित्रता थी। कुछ दिनों से उनके बीच मनमुटाव चल रहा था। इसी के चलते उसने महिला का हत्या कर खुद भी आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद अनिल कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और पुलिस को दिशा-निर्देश दिए।

बेटी और उसके प्रेमी देवर ने की थी मुतवल्ली की हत्या

रामपुर, अमृत विचार: अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव परचई में चार दिन पहले इमामबाड़े में मुतवल्ली की हत्या उनकी सगी बेटी हमशीरन और उसके प्रेमी देवर गुड्डू ने ही की थी। दोनों ने अवैध संबंधों का राज खुलने के डर से घटना को अंजाम दिया था।

सोमवार को पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। गांव परचई निवासी तस्वीर मियां (60) इमामबाड़े में रहकर झाड़ फूंक का काम करते थे। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे इमामबाड़े में धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

युवक को बंधक बनाकर मंगवाए 50 हजार रुपये

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

अमृत विचार: एक युवक को शादी में चलने की बात कहकर बीसलपुर बुलाने के बाद कुछ लोगों ने बंधक बना लिया। फिर परिवार से रुपये मंगवाए। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर युवक को बरामद कर लिया। परिजन अगवा करने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि पुलिस रुपये लेनदेन का पुराना विवाद बताकर जांच कर रही है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैना निवासी बृजनंदन ने बताया कि उनके भतीजे संतोष कुमार (20) को रविवार दोपहर करीब एक बजे बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम हाफिजनगर बन्नाई निवासी एक युवक ने कॉल कर शादी में चलने की बात कहकर बीसलपुर बुला लिया। इसके बाद अपने तीन अन्य साथियों की मदद से उसे बंधक बनाकर कमरे में बंद कर दिया। वहां से परिवार को संतोष कुमार से कॉल कराकर 50 हजार रुपये मंगवाए।

कुछ देर बाद व्यवस्था न होने पर 20 हजार रुपये लाने को कहा। पहले मामले की लिखित शिकायत बरखेड़ा पुलिस से की गई और फिर बीसलपुर कोतवाली में मौखिक सूचना दी गई। बीसलपुर पुलिस ने रुपये लेकर संतोष के छोटे भाई बलराम को बरेली रोड पर भड़रिया मोड़ के पास भेजा और पीछे पुलिस-परिजन निगरानी में जुट गए। इस बीच एक युवक रुपये लेने आया और वह बंधक बनाए संतोष तक ले गया।

सड़क हादसे में फोटोग्राफर की मौत

मुरादाबाद, अमृत विचार: मैनाठेर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार रामपुर के फोटोग्राफर की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं फोटोग्राफर की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है।

जनपद रामपुर के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के ज्वाला नगर श्याम कालोनी निवासी विशेष शर्मा (45) शादी समारोह व अन्य कार्यक्रमों में फोटोग्राफी करते थे। रविवार को विशेष शर्मा ने पाकबड़ा में आयोजित एक शादी समारोह में अपनी टीम भेजी थी। सोमवार सुबह लगभग पांच बजे विशेष शर्मा अपने साथी सोराज यादव के साथ पाकबड़ा अपने स्टाफ को लेने जा रहे थे।

सार-संक्षेप

सुरक्षा गार्ड की पत्नी ने दो बेटियों को गला घोंटकर मारा

रामपुर : कोतवाली क्षेत्र के मझरा खेमवाला में रविवार देर रात छह माह की गर्भवती मां ने अपनी दो बेटियों रोशनी (9) और महक (5) की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने पेट में दरांती(हंसिया) घोंपकर आत्महत्या का प्रयास किया। देवर अमित उर्फ गुड्डू ने बंद कमरे में भाभी और भतीजियों को जगाने के लिए आवाज दी तो कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद खिड़की की जाली काटकर देखा तब घटना का पता चला। परिजनों ने घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि पति अरविंद ने आरोपी पत्नी संतोष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गांव लच्छीवाला के मझरा खेमवाला निवासी अमर सिंह का बेटा अरविंद उत्तराखंड के पिपलिया सुल्तानपुर पट्टी स्थित रेडिको खेतान कंपनी में सुरक्षा गार्ड है।

बैंक अधिकारी बन उड़ाए खाते से पांच लाख

बरेली : प्रेमनगर निवासी ऑर्किटेक्ट की बुजुर्ग मां से साइबर ठगों ने बैंक अधिकारी बनकर खाते से पांच लाख रुपये उड़ा लिए। ठग ने बैंक खाते में मोबाइल नंबर अपडेट करने का झांसा दिया था। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। डीडीपुरम निवासी आर्किटेक्ट पवन भट्ट ने बताया कि उनकी मां कमला भट्ट (70) का एक्सिस बैंक में खाता है। उनकी मां के फोन पर 30 दिसंबर 2023 को एक फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताकर बैंक में मोबाइल नंबर अपडेट करने का झांसा दिया।

दरोगा पर कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट का इंतजार

बरेली : विजिलेंस दरोगा का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के कई दिन बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है। सीओ का कहना है कि मुख्यालय को मौखिक सूचना दे दी गई है। इंस्पेक्टर द्वारा जांच रिपोर्ट अभी नहीं दी गई है। पशुपतिनाथ विहार में बसपा नेता तौफीक प्रधान के आवास पर बिजली चोरी के मुकदमे की विवेचना करने पहुंचे पावर कॉरपोरेशन की विजिलेंस के विवेचक सत्येंद्र कुमार का एक वीडियो करीब एक सप्ताह पूर्व सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में विवेचक बोल रहे थे कि बसपा नेता हो इसलिए बिजली चोरी का मुकदमा लिख दिया।

छेड़छाड़ और मारपीट मामले में 151 की कार्रवाई

बरेली : सुभाषनगर क्षेत्र में एक महिला से घर में घुसकर दो भाइयों ने छेड़छाड़ की। विरोध पर महिला के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले में 151 की कार्रवाई कर दी। बाद में सीओ के आदेश पर छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। सुभाषनगर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बताया कि दो भाई केहर और लोचन काफी समय से उसे परेशान कर रहे हैं। 10 फरवरी को दोनों उसके घर में घुस आए और छेड़छाड़ करने लगे। विरोध पर मारपीट की। शोर-शराबा के बाद लोगों को एकत्र होता देख आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने दबाव में छेड़छाड़ और घर में घुसकर मारपीट करने की बजाय 151 की कार्रवाई कर दी। इसके बाद दोनों भाइयों ने 12 फरवरी को घर में घुसकर छेड़छाड़ की।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश कल मुरादाबाद में

मुरादाबाद : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 21 फरवरी को मुरादाबाद में भ्रमण पर रहेंगे। वह दोपहर 12 बजे ठाकुरद्वारा के विधायक नवाब जान खान के आवास पर पहुंचेंगे। जहां उनके सुपुत्र के शादी के उपलक्ष्य में आशीर्वाद देंगे। यहां से लौटकर सर्किट हाउस में बने हेलीपैड पर उतरेंगे, यहां से कांठ रोड स्थित सिद्ध हास्पिटल में भर्ती संभल के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का हाल जानने आएंगे। उनका कार्यक्रम उनके निजी सचिव गंगाराम ने जारी किया है। इसके अनुसार अखिलेश यादव लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से चलकर बरेली हवाई पट्टी पर आएंगे। यहां से निजी हेलीकाप्टर से विधायक ठाकुरद्वारा के आवास के निकट बने हेलीपैड पर उतरेंगे। जहां से 12.15 बजे विधायक नवाब जान के आवास पर आएंगे।

दून एक्सप्रेस 3:30 घंटे देरी से पहुंची

मुरादाबाद, अमृत विचार: लंबी दूरी की ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान हैं। सोमवार को इस मुद्दे पर कई यात्रियों ने रेल प्रबंधन से इस बात की शिकायत भी दर्ज कराई है। सुबह की पाली में दैनिक यात्रियों में लाइनपार निवासी शिक्षक रामप्रसाद ने स्टेशन मास्टर कक्ष में रेल कर्मियों के मौसम संबंधी तर्क पर सवाल उठाया।

दावा किया कि क्षेत्र में अब कोहरा नहीं दिख रहा है, उसके बाद भी ट्रेनें देरी से चल रही हैं। रेलवे का यह तर्क सही नहीं है। अब तो ट्रेनों में फाग सेव डिवाइस भी लगे हैं। उसके बाद भी ट्रेनों की दूरी का कारण बताना गलत हे। दैनिक यात्री संगठन के अध्यक्ष सुधीर पाठक का कहना है कि ट्रेनों के समयबद्ध संचालन के प्रति अधिकारी गंभीर नहीं हैं।

रहस्यमय ढंग से युवती लापता, चार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

तहरीर दी
- ड्यूटी से हाफ डे लेकर बरेली जाने की बात कहकर चली गई थी युवती

अमृत विचार: घर से अस्पताल काम करने गई युवती रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। अस्पताल स्टाफ ने हाफ डे लेकर बरेली जाने की बात बताई। वहीं, परिजन ने उत्तराखंड के एक युवक पर अपने परिजन की मदद से फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है।

क्षेत्र के एक व्यक्ति ने सदर कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी 21 वर्षीय बहन आंखों के निजी अस्पताल में काम करती थी। 16 फरवरी की सुबह नौ बजे घर से ड्यूटी गई थी। जब देर शाम तक वापस नहीं आई तो फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। जिसके बाद तलाश की गई। इस पर परिजन अस्पताल पहुंचे और जानकारी की। इसमें बताया कि उसी दिन दोपहर 12 बजे युवती बरेली जाने की बात कहकर जल्दी चली गई थी। परिजनों ने ऊधमसिंह नगर के बरा किच्छा निवासी बिरजू व उसके परिजन पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि मामले में बिरजू, उसकी मां लीलावती, रेनू और दर्शन चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

किश्तें जमा न करने पर वाहन जब्त

बरेली, अमृत विचार : किश्तें जमा नहीं करने पर मालिक से फाइनेंसर ने वाहन वापस ले लिया। अब करीब सात साल बाद वाहन मालिक के पास एक लाख 82 हजार रुपये से अधिक का रोड टैक्स पहुंचा है। इससे परेशान वाहन मालिक ने सोमवार को आरटीओ से शिकायत की। आरटीओ ने पीड़ित को पुलिस में रिपोर्ट लिखाने को कहा गया है। क्योलड़िया निवासी राममूर्ति लाल सोमवार को नकटिया स्थित आरटीओ पहुंचे। बताया कि उन्होंने लोन लेकर साल 2013 टाटा कंपनी का एक लोडर खरीदा था, लेकिन किश्तें जमा नहीं होने पर कंपनी के फाइनेंसर साल 2017 में उनका वाहन खींचकर ले गए। वाहन मांगने पर मारपीट की। अब उन्हें उनके वाहन का 1.82 लाख रुपये का रोड टैक्स जमा नहीं करने का नोटिस पहुंचा।

सौतेले पिता पर किशोरी को भगाने का आरोप

संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: पति की मौत के बाद महिला ने एक युवक को अपने साथ बतौर दूसरे पति के रूप में रखना शुरू कर दिया। अब वही युवक महिला की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। पीड़िता ने मामले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, एक अन्य किशोरी को फुसलाकर ले जाने के मामले में बिलसंडा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। बरखेड़ा क्षेत्र के एक गांव निवासी विजनेश नामक व्यक्ति उसके साथ बतौर पति रहने लगा। वह महिला के घर पर ही रहता रहा था। 14 फरवरी को आरोपी पीड़िता की 16 साल की पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। काफी तलाशने के बाद भी बेटी का कुछ पता नहीं लगा। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच करा रहे हैं।

इसके अलावा बिलसंडा थाने में क्षेत्र की एक महिला ने दी तहरीर में बताया कि वह पति के साथ सिद्धार्थनगर के ईंट भट्छे पर मजदूरी करने गई थी। 17 वर्षीय पुत्री घर पर थी। 16 फरवरी की रात गांव के ही कुछ लोग पुत्री को बहला फुसलाकर ले गए। पुत्री घर पर रखे 10 हजार रुपये व जेवर भी ले गई।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,708 .16	22,122 .25
बढ़त	281.52	81.55
प्रतिशत में	0 .39	0 .37

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, मंगलवार, 20 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1835, राज श्री 1360, फ़ॉर्चून कि. 1685, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1390, सचिन 1435, सूरज 1415, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1430, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1580, चक्र टिन 1650, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800 **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4000, पीलीभीत 3970, नवाबगंज 3960, बहेड़ी (नई) 3970 रुपये।

पुरानी कर मांगों को वापस लेने के मामले में प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा तय

सरकार के अंतरिम बजट में की गई घोषणा के तहत आयकर विभाग ने किया निर्धारित

नई दिल्ली, एजेंसी

आयकर विभाग ने छोटी कर मांगों को वापस लेने को लेकर बजट में की गई घोषणा के तहत प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा निर्धारित की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिए अपने अंतरिम बजट भाषण में आकलन वर्ष 2010-11 तक 25,000 रुपये और आकलन वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक 10,000 रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने की घोषणा की। इसमें शामिल कुल कर मांग करीब 3,500 करोड़ रुपये है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 2024-25 के अंतरिम बजट में की गई घोषणा को अमल में लाने के लिए यह आदेश जारी किया। सीबीडीटी ने आदेश में कहा है कि 31 जनवरी, 2024 तक आयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित ऐसी बकाया कर मांगों को माफ करने को लेकर प्रति करदाता के लिए एक लाख रुपये की अधिकतम सीमा तय की गयी है। एक लाख रुपये की सीमा में कर मांग की मूल राशि, ब्याज, जुर्माना या शुल्क, उपकर, अधिभार शामिल है। हालांकि, आयकर अधिनियम के टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) या टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) प्रावधानों के तहत कर कटौती करने वालों कर संग्राहकों के खिलाफ की गयी मांगों पर यह छूट लागू नहीं होगी। नांगिया एंडरसन इंडिया के भागीदार मनीष बावा ने कहा कि निर्देश यह स्पष्ट करता है कि यह छूट करदाताओं को 'क्रेडिट' या 'रिफंड' के किसी भी दावे का अधिकार नहीं देता है।

नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद: पीयूष गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भरोसा जताया कि मुद्रास्फीति के काबू में आने के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दर में कटौती करेगा। नीतिगत दर रेपो फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। आरबीआई महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो दर का उपयोग करता है। गोयल ने कहा कि देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और महंगाई नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि भारत में 10 साल की औसत महंगाई दर करीब 5 से 5.5 प्रतिशत रही है। यह सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दशक था और इसके कारण, ब्याज दर में उल्लेखनीय रूप से कमी आई और केंद्रीय बैंक मजबूत हुआ तथा अब वह ब्याज दर को नीचे लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा-बेशक पिछले डेढ़ साल में, यूक्रेन-संकट के बाद, ब्याज दर में फिर से 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अब जब मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में है, मुझे उम्मीद है कि ब्याज दर की स्थिति पलटेगी।

राजाध्यक्ष ने 16वें वित्त आयोग की सदस्यता पर असमर्थता जताई

नई दिल्ली। सोलहवें वित्त आयोग का सदस्य बनाए गए 'अर्थ ग्लोबल' के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष ने निजी कारणों से इसके लिए असमर्थता जताई है। मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने 31 जनवरी को 16वें वित्त आयोग के गठन की अधिसूचना जारी करते हुए अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोग के चार सदस्यों की नियुक्ति की थी। इसमें राजाध्यक्ष के अलावा पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा और सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू को आयोग के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया था। वहीं एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को अंशकालिक सदस्य नामित किया गया। मंत्रालय ने कहा-राजाध्यक्ष ने अप्रत्याशित व्यक्तिगत परिस्थितियों की वजह से यह जिम्मेदारी संभालने में असमर्थता जताई है।

अब एआई-जनित गलत सूचना से निपटना हो जाएगा आसान

- मार्च तक जनता के लिए शुरू होगी हेल्पलाइन
- डीपफेक से बचाने के लिए एमसीए, मेटा ने की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

मिसइनफॉर्मेशन कॉम्बैट अलायंस (एमसीए) और मेटा ने व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसका मकसद डीपफेक और एआई-जनित भ्रामक सामग्रियों से निपटना है। यह सेवा मार्च, 2024 में जनता के लिए उपलब्ध होगी। डीपफेक पर नकेल कसने का संकल्प ऐसे समय में आया है जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र आम चुनाव की तैयारी कर रहा है। इस साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं।

एक बयान के अनुसार, ''एमसीए और मेटा कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करके बनाई गई सामग्री से निपटने के प्रयास के तहत व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन शुरू करने पर काम कर रहे हैं। कृत्रिम मेधा (एआई) से बनी सामग्री सार्वजनिक हित के मामलों में लोगों को धोखा दे सकती है। ऐसी सामग्री को आमतौर पर डीपफेक कहा जाता है। इस सेवा का मकसद लोगों को सत्यापित और विश्वसनीय जानकारी से जुड़ने में सहायता करना है।'' बयान के मुताबिक, यह सेवा मार्च, 2024 से उपलब्ध होगी। एमसीए व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाले सभी 'इनबाउंड' संदेशों को प्रबंधित करने के लिए एक 'डीपफेक विश्लेषण इकाई' स्थापित करेगा।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,800
गिन्नी (प्रति नग)	47,500-47,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,950
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,800
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,300
चांदी तैयार	73,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,800
सोना जेवरात गिन्नी	62,800
चांदी पक्की	724 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,000
चांदी आभूषण	73,100।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 82-85 मसूरी 57-75 1121 बासमती 117-118, **दाल दलहन**-काला चना 70 साबुत चना दाल 77 मूंग साबुत 108 राजमा 113 दाल उड़द 125-130 साबुत मसूर दाल 84-96 मसूर दाल 75-110 उड़द साबुत 110-115 काबुली चना 168 अरहर दाल 138-140 लोबिया/करमानी 110-113 सोयाबीन 72-77 मूंगफली 120-124 मटर (सूखी) 55-61 मक्का 25-27 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपयेसमलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 रुपये राजमा लाल: 155 रुपये राजमा चित्ता: 145 रुपये।

बुजुर्गों के लिए अनिवार्य बचत आवास योजनाओं की जरूरत

- नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट की वकालत

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग ने बुजुर्गों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कर सुधारों, अनिवार्य बचत और आवास योजनाओं की वकालत की है। आयोग के मुताबिक, 2050 तक देश की आबादी में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 19.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल विकसित किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया-चूंकि भारत में सामाजिक सुरक्षा ढांचा सीमित है, इसलिए अधिकांश वरिष्ठ नागरिक अपनी बचत से मिलने वाली आय पर निर्भर रहते हैं। ब्याज दरों में कमी होने की स्थिति में उनकी आय में कमी आती है। कभी-कभी यह आजीविका से भी कम हो जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसलिए वरिष्ठ नागरिक जमा पर मिलने वाले ब्याज के लिए एक न्यूनतम दर तय करने को नियामकीय व्यवस्था की जरूरत है। नीति आयोगी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में इस समय बुजुर्गों की आबादी कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत से कुछ अधिक है।

हैकिंग अलर्ट पर एप्पल का जवाब साफ नहीं

- प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर बोले-कंपनी से पूछे गए थे सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को आईफोन विनिर्माता एप्पल की तरफ से पांच महीने पहले भेजे गए हैकिंग संबंधी अलर्ट पर अभी भी कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही है। एप्पल ने इस संदेश में विपक्षी नेताओं को आगाह किया था कि कथित तौर पर सरकार-समर्थित हैकर उनके फोन की हैकिंग के प्रयास कर रहे हैं। इस पर सरकार की तरफ से एप्पल से कुछ स्पष्टीकरण मांगा गया था।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने एप्पल से दो सवाल पूछे हैं। पहला सवाल उनके उपकरणों के सुरक्षित होने से संबंधित है जबकि दूसरा सवाल विपक्षी सदस्यों को अलर्ट भेजने की वजह से जुड़ा है। चंद्रशेखर ने कहा, "मेरी राय में यह ऐसी बात नहीं है जिसे कोई भी मंच कमजोरियां होने पर भी पूरी तरह से स्वीकार करेगा। किसी भी मंच में इस बात से इनकार करने की प्रवृत्ति होती है कि उनके सुरक्षा कवच को भेदा जा सकता है। चंद्रशेखर ने कहा-हम कंपनी से एक स्पष्ट सवाल पूछ रहे हैं कि क्या आपका फोन असुरक्षित है? इसका जवाब पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। अक्टूबर में विपक्षी दलों के कई नेताओं ने दावा किया था कि उन्हें एप्पल से एक अलर्ट मिला है जिसमें राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा उनके आईफोन को दूर से ही नियंत्रित करने की कोशिश और सरकार की तरफ से कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई। अलर्ट पाने वाले नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, शशि थरूर, पवन खेड़ा, के सी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत आदि शामिल हैं।

राष्ट्रीय

आवाज दबा रही सरकार, राष्ट्रपति शासन लागू हो

संदेशखालि में महिलाओं की आपबीती सुनकर एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने की मांग

कोलकाता, एजेंसी

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर संदेशखालि में महिलाओं की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया कि आयोग ''भाजपा के प्रभाव'' में काम कर रहा है। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा कथित अत्याचार को लेकर विरोध-प्रदर्शन हुए थे।

शर्मा ने फोन पर बताया-इलाके की महिलाओं से बात करने के बाद, मुझे पता चला कि संदेशखालि में स्थिति भयानक है। कई महिलाओं ने अपनी आपबीती सुनाई। उनमें से एक ने कहा कि यहां टीएमसी पार्टी कार्यालय के अंदर उसके साथ बलात्कार किया गया था। हम अपनी रिपोर्ट में इसका भी उल्लेख करेंगे। हमारी मांग है कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। भाजपा के प्रभाव में काम करने के टीएमसी के आरोपों से जुड़े सवाल पर शर्मा ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शर्मा ने कहा-उन्हें जो कहना है उन्हें कहने दीजिए, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिन में हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा किया। रेखा ने कहा कि उनका दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए था, ताकि उनमें से कई महिलाएं बाहर आएं और अपने मन की बात कहना शुरू करें। रेखा शर्मा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, ताकि सच बाहर न आ सके।

जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल के संदेशखालि गांव में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले पर संज्ञान ले लिया है। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता देते हुए कहा-दोहरे मंच पर मामले नहीं होने चाहिए। सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता-वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जहां कई महिलाओं ने दावा किया है कि उनके साथ बलात्कार हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने भी कथित घटनाओं का संज्ञान लिया है।

राजस्थान में कांग्रेस विधायक मालवीया भाजपा में शामिल

जयपुर। राजस्थान में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं चार बार के विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीया सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। बाद में उन्होंने विधानसभा सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने कहा कि वह विकास के मुद्दे को लेकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। इस बीच, कांग्रेस ने कहा है कि मालवीया के जाने से उसे कोई नुकसान नहीं होगा तथा इलाके में नया नेतृत्व तैयार होने से वह और मजबूत होगी। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मालवीया के खिलाफ विधानसभा चुनाव में इलाके में पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ काम करने की शिकायतें थीं।

मराठा समुदाय के लोगों ने हैदराबाद के पुराने शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के जश्न में शिवाजी की वेशभूषा में हिस्सा लिया। शिवाजी की जयंती का जश्न लोगों ने बढ़-चढ़कर मनाया। ● एजेंसी

एक नजर

पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल घायल

पणजी। दक्षिण गोवा के एक गांव में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के बाद पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल देसाई घायल हो गए। कुछ लोगों द्वारा मराठा सम्राट की मूर्ति स्थापित करने के बाद रविवार को मडगांव शहर के पास साओ जोस डी एरियाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मूर्ति स्थापित करने पर एक अन्य समूह ने आपत्ति जताई थी। आज मराठा सम्राट की 394वीं जयंती है और इसे मनाने के लिए राज्य भर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। पथराव दोपहर में तब हुआ जब मंत्री प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अपनी कार में बैठ रहे थे।

परेशान व्यक्ति ने खुद को लगाई आग

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार को मानसिक रूप से अस्वस्थ एक 35 वर्षीय व्यक्ति ने एक व्यस्त सड़क पर खुद को आग लगा ली। अधिकारियों ने कहा कि यह हादसा आज सुबह पंचवटी नगर चौराहे पर हुआ। लक्ष्मी नगर निवासी प्रवीन इंगले ने पेट्रोल छिड़क कर खुद को आग के हवाले कर दिया।

कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे, नकुल कांग्रेस के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव

- पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी सज्जन वर्मा ने अटकलों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कमलनाथ के पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे तथा उनके पुत्र नकुल नाथ कांग्रेस के टिकट पर ही चुनाव लड़ेंगे। कमलनाथ के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे मुलाकात के बाद वर्मा ने यह टिप्पणी की।

वर्मा के मुताबिक, उनकी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ विस्तृत चर्चा हुई और कमलनाथ ने उन्हें बताया कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की मध्य प्रदेश में सफलता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही भोपाल में एक बैठक करेंगे। यह यात्रा मार्च महीने की शुरुआत में मध्य प्रदेश में दाखिल होगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा-उन्होंने (कमलनाथ) मुझसे कहा कि मैं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रभारियों को बुलाऊंगा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करूंगा। मैंने उनके बारे में मीडिया की अटकलों के बारे में पूछा जिस पर उन्होंने कहा कि मैं क्यों एक काल्पनिक प्रश्न का उत्तर दूं।

वर्मा के मुताबिक कमलनाथ ने उनसे कहा-मुझे नहीं लगता कि मुझे ऐसे काल्पनिक सवालों का जवाब देने की जरूरत है। मैंने किसी भी मीडियाकर्मी को यह नहीं बताया कि मैं (कांग्रेस) छोड़ रहा हूं या भाजपा के साथ समझौता कर रहा हूं...मुझे काल्पनिक प्रश्न का उत्तर क्यों देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के कांग्रेस छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता और वह कहीं नहीं जा रहे। वर्मा ने कहा कि यह सोचना ही व्यर्थ है कि जिस व्यक्ति ने इंदिरा जी, राजीव जी और संजय जी के साथ काम किया है, जिन्हें इंदिरा (गांधी) का तीसरा बेटा कहा जाता है, वह पार्टी छोड़ देंगे। जिस व्यक्ति ने कांग्रेस में 40 साल बिताए हैं, वह कहीं भी कैसे जा सकते हैं ?

केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने पर चर्चा के लिए सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करने और काफी ऊंचाई पर स्थित इस केंद्रशासित प्रदेश के लिए एक विशेष लोक सेवा आयोग गठित करने की मांगों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया।

लद्दाख के विभिन्न संगठनों का प्रतिनिधित्व कर रहे शीर्ष निकाय लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की अध्यक्षता में लद्दाख के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक में यह सहमति बनी। एबीएल और केडीए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में हमारी मुख्य मांगों पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया जिनमें लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करना और 24 फरवरी को लद्दाख के लिए विशेष लोक सेवा आयोग के गठन की मांग शामिल है।

एचपीसी की बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने दी जानकारी

पवार गुट अगले आदेश तक राकांपा शरदचंद्र पवार नाम का इस्तेमाल कर सकता : न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शरद पवार के गुट को पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' देने का निर्वाचन आयोग का सात फरवरी का फैसला अगले आदेश तक जारी रहेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आयोग के सात फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार की याचिका पर अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जवाब मांगा है।

सिद्धारमैया, अन्य के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2022 में कर्नाटक में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने मामले में कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव व कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों एम.बी. पाटिल और रामलिंगा रेड्डी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर भी रोक लगा दी जिसमें उन पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

मतपत्र, मतगणना के दिन का वीडियो पेश करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

चंडीगढ़ महापौर चुनाव

- उच्चतम न्यायालय ने रिकॉर्ड लाने के लिए न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का दिया आदेश

उच्चतम न्यायालय ने खरीद-फरोख्त होने का जिक्र करते हुए कहा है कि वह मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के मतपत्रों और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो-रिकॉर्डिंग का अवलोकन करेगा।

अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से दिल्ली लाने के लिए एक न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया। पांच फरवरी को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने महापौर चुनाव कराने वाले निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों को विकृत किया है और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। अदालत ने इसे हत्या के समान करार देते हुए लोकतंत्र का मजाक बताया था।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सोमवार को चंडीगढ़ प्रशासन को उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारी और रिकॉर्ड की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन्हें सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा-हम दोपहर दो बजे खुद रिकॉर्ड देखेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने महापौर चुनाव के मामले की सुनवाई मंगलवार के बजाय किसी और दिन किए जाने की अर्जी को खारिज करते हुए कहा-खरीद-फरोख्त हो रही है। शीर्ष अदालत के निर्देश के अनुपालन में मसीह पीठ के समक्ष उपस्थित हुए और न्यायाधीशों ने कुछ मतपत्रों में कथित छेड़छाड़ के मामले में उनसे सवाल किये। न्यायाधीशों के सवालों का जवाब देते हुए, मसीह ने कहा कि उन्होंने पहले से ही ''विकृत'' आठ मतपत्रों पर ''X'' चिह्न लगाया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों पर हंगामा करने और मतपत्र छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि इसी के चलते वह मतगणना केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरे की तरफ देख रहे थे। आप पार्षद कुलदीप कुमार ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने चंडीगढ़ में दोबारा महापौर चुनाव की मांग करने वाली पार्टी की अर्जी पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था।

रोज 500 गेंद खेल स्पिन पर सरफराज ने बनाई पकड़

पिता के मार्गदर्शन में 15 साल तक की कड़ी मेहनत, राजकोट टेस्ट में दो अर्धशतक जड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के आई काम
- मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की गेंद खेलते थे

सरफराज खान का अपने पदार्पण टेस्ट में इंग्लैंड के स्पिनरों के खिलाफ दबदबा बनाना संयोग नहीं है बल्कि यह अपने पिता नौशाद खान के मार्गदर्शन में 15 साल तक हर दिन 500 गेंद खेलने की कड़ी मेहनत का नतीजा है।

सरफराज ने राजकोट में अपने पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जड़कर दिखा दिया कि भारतीय टीम में उनका भविष्य उज्ज्वल है। इस क्रिकेटर को अपने पिता के 'माचो क्रिकेट क्लब' में कौशल निखारने और घरेलू क्रिकेट में वर्षों तक ढेरों रन बनाने के बाद पदार्पण का मौका मिला। कुछ वर्षों की कड़ी मेहनत और व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के काफी काम आई। उन्होंने विशेष रूप से कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत की। मुंबई के सरफराज की प्रगति को करीब से देखने वाले कोच ने कहा, मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की 500 गेंद खेलने से ऐसा हो पाया।

उन्होंने कहा कि (कोविड) लॉकडाउन के दौरान उसने कार से 1600 किमी की यात्रा की। मुंबई से अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, कानपुर, मथुरा और देहरादून। उसने यात्रा की और ऐसी जगहों पर खेला जहां गेंद बहुत अधिक टर्न करती है, कुछ गेंद काफी उछाल लेती हैं और कुछ नीची रहती हैं। स्पिनरों के खिलाफ आसानी से कदमों का इस्तेमाल करने वाले सरफराज ने अपने कौशल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की है। सरफराज को तैयार करने का श्रेय हालांकि सिर्फ नौशाद को नहीं जाता।

भुवनेश्वर कुमार के कोच संजय रस्तोगी, मोहम्मद शमी के कोच बदरूद्दीन शेख, कुलदीप यादव के कोच कपिल देव पांडे, गौतम गंभीर के कोच संजय भारद्वाज और भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के पिता आरपी ईश्वरन ने भी सरफराज को निखारने में कुछ ना कुछ योगदान दिया है। इन सभी ने स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के नेट सत्र का आयोजन किया विशेषकर लॉकडाउन के दौरान। कपिल पांडे ने बताया, लॉकडाउन के दौरान नौशाद ने मुझे फोन किया क्योंकि हम दोनों आजमगढ़ के हैं और जब मैं भारतीय नौसेना का कर्मचारी था तो मुंबई में हमने क्लब क्रिकेट खेला है। इसलिए जब वह चाहता था कि उसके बेटे को अभ्यास का मौका मिले तो मुझे लगा कि यह मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान सरफराज ने हमारी कानपुर अकादमी में कुलदीप का सामना किया। उन्होंने एक साथ काफी नेट सत्र किए।

पूर्व कप्तानों ने 'बैजबॉल' को बनाया निशाना

लंदन, एजेंसी

- नासिर और माइकल ने कहा- मेहमान टीम को मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत

इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वान ने भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में 'बैजबॉल' (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये की आलोचना करते हुए कहा है कि मेहमान टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत है। भारत ने रविवार को राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराकर टेस्ट क्रिकेट में रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत के 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ढेर हो गई। मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही है। अंतिम दो टेस्ट रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे। वॉन ने कहा, यह स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति को उजागर किया। वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते, उन्हें अपने लम्हों को चुनना होगा। हुसैन भी वॉन से सहमत दिखे।

हुसैन ने कहा, बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है। इसके विपरीत अब तक श्रृंखला में दो दोहरे शतक लगाने वाले भारत के यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल और पदार्पण कर रहे सरफराज खान ने राजकोट में परिपक्व पारियां खेलीं और शॉट खेलने से पहले क्रीज पर समय बिताया। वॉन ने कहा कि उन्हें यह देखने की जरूरत है कि तीसरे दिन जायसवाल और शुभमन गिल ने कैसा प्रदर्शन किया। उन्होंने 30 या 40 गेंदों तक दबाव झेला और फिर उन्होंने बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि टेस्ट बल्लेबाजी यही है। भारत ने 228.5 ओवर में 875 रन बनाए। कोई भी मुझे यह नहीं कह सकता कि भारत को यहां बल्लेबाजी करते देखना उबाऊ था। हैदराबाद में सीरीज का शुरुआती मैच जीतने के बाद से इंग्लैंड के लिए चीजें खराब होती गईं। मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले जिससे मेजबान टीम को फायदा मिला।

खेल डायरी

घरेलू क्रिकेट के 5 खिलाड़ियों ने कहा अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले पांच दिग्गज खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के इस सत्र के समापन के साथ ही खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों में बंगाल के दिग्गज मनोज तिवारी, झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी और तेज गेंदबाज वरुण आरोन, मुंबई के धवल कुलकर्णी और विदर्भ के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान फैज फजल हैं। इन खिलाड़ियों ने संन्यास लेने के अलग-अलग कारण बताए हैं जिनमें इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध नहीं होना तथा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त होना है। इन कारणों से ये खिलाड़ी दूसरे काम या फिर राजनीति से जुड़ना चाहते हैं। आरोन, मनोज और फजल ने उसी मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहा जिसमें उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। इन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट में निश्चित तौर पर कमी खलेगी। बंगाल के मनोज तिवारी ने सोमवार को बिहार के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाकर अलविदा कहा।

केकेआर ने किया दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के विकल्प के तौर पर सोमवार को श्रीलंका के दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल किया। आईपीएल आयोजकों ने बयान में कहा कि चमीरा 50 लाख की आधार कीमत पर केकेआर से जुड़े हैं। श्रीलंका का यह तेज गेंदबाज 2018 और 2021 सत्र में क्रमश: राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा रह चुका है। चमीरा ने 2022 सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स का प्रतिनिधित्व किया और 12 मैच में नौ विकेट चटकाए।

बायर्न म्यूनिख की तीसरी हार, बोकुम ने हराया

बर्लिन, एजेंसी। बायर्न म्यूनिख को रविवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जब बोकुम ने बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 11 बार के गत चैंपियन को 3-2 से हराया। इस हार के बाद बायर्न म्यूनिख की टीम शीर्ष पर चल रहे बायर्न लीवरकुसेन से आठ अंक पीछे है जबकि 12 दौर का खेल बाकी है। बायर्न म्यूनिख को पिछले सप्ताहांत लीवरकुसेन में 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि चैंपियन्स लीग में लाजियो ने भी उसे हराया। इस प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में थामस टचेल के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

रीयाल मैड्रिड को रेयो वालेकानो ने बराबरी पर रोका

मैड्रिड, एजेंसी। रीयाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रेयो वालेकानो ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया जब वह ला लीगा में 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बना। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1-1 से ड्रॉ खेला। टीम मौजूदा सत्र में 25वां मैच जीतने में नाकाम रही जबकि पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी। रीयाल मैड्रिड को जोसेलु ने तीसरे ही मिनट में बढ़त दिला दी थी लेकिन मेजबान टीम ने 27वें मिनट में पेनल्टी पर राल डि टॉम्स के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की। दोनों टीम ने इसके बाद गोल करने में कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ से मैड्रिड की दूसरे स्थान पर गिरोना पर बढ़त छह अंक की रह गई है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 अंक हैं। गिरोना की टीम सोमवार को पांचवें स्थान पर चल रहे एथलेटिक बिलबाओ से खेलेगी। गिरोना के 24 मैच में 56 अंक हैं। बार्सीलोना 54 अंक के साथ तीसरे जबकि एटलेटिको मैड्रिड 51 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। अन्य मुकाबलों में छठे स्थान पर चल रहे रीयाल सोसीदाद ने मालोर्का को 2-1 से हराया जबकि सातवें स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस को 12वें स्थान पर चल रहे अलावेस ने गोल रहित बराकरी पर रोका।

बुमराह को रांची टेस्ट में मिल सकता है विश्राम, राहुल की वापसी संभव

पांच मैचों की श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह ने 80.5 ओवर फेंके और 17 विकेट

राजकोट, एजेंसी

भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है जबकि 'क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियों)' चोट से उबर कर लोकेश राहल टीम में वापसी कर सकते हैं। पांच मैचों की इस श्रृंखला में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 3 मैचों में 17 विकेट है। उन्होंने विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलाई थी। भारत इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा कि टीम कल रांची के लिए रवाना होगी और बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राहुल पूर्ण फिटनेस हासिल करने के करीब है और उनके टीम में शामिल होने की संभावना है। बुमराह को आराम देने का फैसला चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि पहले 3 टेस्ट मैचों में उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के तौर पर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था। उन्होंने राजकोट टेस्ट में टीम में वापसी की थी। सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटके थे। भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम किया था। भारतीय टीम रांची में श्रृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी। राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। पिछले सप्ताह उन्होंने 90 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली थी। वह मैच फिटनेस हासिल करने के करीब है। उन्हें रांची टेस्ट के लिए उपलब्ध होना चाहिए। श्रृंखला के पहले मैच में राहुल भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे। वह इसके बाद चोट के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सके।

हम रांची में जीतने के इरादे से उतरेंगे : बेन स्टोक्स

राजकोट। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम जल्द तीसरे टेस्ट मैच में मिली हार के सदमे से उबरते हुए रांची में चौथे मैच को जीतने के इरादे से उतरेगी। स्टोक्स ने हो रही आलोचनाओं पर कहा कि हमें हार की हताशा को छोड़कर आगे बढ़ना होगा। स्टोक्स भी पहली पारी में रवींद्र जाडेजा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में 41 के निजी स्कोर पर आउट हो गए थे। स्टोक्स ने कहा कि हर किसी के पास किसी चीज को लेकर अपनी राय है लेकिन वास्तव में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के विचार ही हमारे लिए मायने रखते हैं। हमें पता है कि नतीजा हमेशा आपके पक्ष में नहीं आता लेकिन अभी भी हमारे पास इस श्रृंखला को 3-2 से जीतने का मौका है। हम अगले मैच की ओर बढ़ने से पहले इस हार की हताशा को यहीं छोड़ देंगे।

नए खिलाड़ियों ने दिखाया कि अनुभव सब कुछ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- श्रृंखला में यशस्वी ने दो दोहरे शतक जड़कर खुद को आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर किया स्थापित

इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारत की हार के बाद टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठे थे लेकिन दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में टीम के युवा बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली है।

श्रृंखला के दौरान यशस्वी जायसवाल ने खुद को आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित किया और लगातार दो दोहरे शतक जड़कर इस खिलाड़ी ने साबित किया कि वह लंबी रेस का घोड़ा हैं। जायसवाल के खेल में रनों की भूख दिखती है। राजकोट में उन्होंने धैर्य से बल्लेबाजी की और क्रीज पर समय बिताने के बाद बेखौफ बड़े शॉट लगाए। अनुभवी जेम्स एंडरसन के खिलाफ 3 छक्के उनके आत्मविश्वास की कहानी बयां करते हैं। उन्होंने दिखाया कि वह जरूरत के मुताबिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों शैली में खेल सकते है। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी अपने खेल से प्रभावित किया। सरफराज ने दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ा तो जुरेल ने पहली पारी में 46 रन बनाकर बेहतर बल्लेबाजी का सबूत दिया।

जुरेल को हालांकि स्पिनरों की पिचों पर विकेटकीपिंग कौशल को थोड़ा और निखारने पर काम करना होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इन तीनों युवा खिलाड़ियों से प्रभावित दिखे। उन्होंने इनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, ये आजकल के बच्चे। लंबे समय से राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे सरफराज को विराट कोहली और लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में जब मौका मिला तो उन्होंने अपनी पारी की पहली ही गेंद से पूरा आत्मविश्वास दिखाया।

भारतीय महिलाओं ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुष टीम हारी

बुसान, एजेंसी

विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप

भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को हराया लेकिन पुरुष टीम को मेजबान द. कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई। अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को हराया। दिया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को हराकर भारत की जीत की।

छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश का रणजी मुकाबला ड्रा

- कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बीच इकाना स्टेडियम में खेला गया रणजी मुकाबला सोमवार को ड्रा हो गया। मैच के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के प्रियम गर्ग ने नाबाद शतकीय पारी खेली। आखिरी दिन यूपी को जीत के लिए 376 रन का लक्ष्य मिला। चाय के समय तक टीम ने तीन विकेट खोकर 211 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। बाद में दोनों टीमों के कप्तानों की सहमति से मुकाबले को ड्रॉ घोषित किया गया। मुकाबले में पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर छत्तीसगढ़ ने तीन अंक अर्जित किए, जबकि उत्तर प्रदेश को महज एक अंक से संतोष करना पड़ा। अंकों से अब दोनों टीमों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। दोनों ही टीमें पहले ही नॉकआउट राउंड से पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने आज पांच विकेट खोकर 124 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने करीब 45 मिनट बल्लेबाजी की और आठ विकेट पर 199 रन पर पारी घोषित कर दी। अजय ने 51 रनों की नाबाद पारी खेली। उत्तर प्रदेश से शिवम शर्मा ने 34 पर तीन और सौरभ कुमार ने 72 पर दो विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश को 72 ओवर में 376 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश टीम को पहला झटका 44 रन पर लगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी 14 रन पर आउट हो गए। उन्होंने जीवेश की गेंद पर अनुज तिवारी को आसान कैच थमा दिया। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने उतरे शिवम ने प्रियम गर्ग के साथ पारी को संभला। लेकिन शिवम शर्मा ज्यादा देर नहीं टिक सके। उन्हें रिटायर हर्ट करार दिया गया। कप्तान नितीश राणा 20 और करन शर्मा 10 रन बनाकर आउट हो गए।

शतकीय पारी खेलने वाले प्रियम।

बॉलीवुड हलचल

बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक जारी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' के टाइटल ट्रैक को अनिरुद्ध रविचंदर और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, गाने के लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे है, जबकि विशाल मिश्रा ने इसे कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ शामिल हैं। बड़े मियां छोटे मियां ईद के मौके पर इस वर्ष रिलीज की जाएगी।

अरविंद और पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत गाना करेजा करीना नियन को अरविंद अकेला कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है। गाना करेजा करीना नियन को लेकर कल्लू ने कहा कि यह गाना भोजपुरी के तमाम लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेगा इसमें वह पूरी क्षमता है। गाने का निर्माण भव्य पैमाने पर हुआ है, जो किसी को भी अपना दीवाना बना लेने वाला है। शिल्पी राज एक बेहतरीन सिंगर है और पारुल ठाकुर उतनी ही बेहतरीन अभिनेत्री है। दोनों के साथ मिलकर हमने एक मजेदार गाना बनाया है। उम्मीद करता हूं कि सभी को पसंद आयेगा और आप खूब आशीर्वाद से नवाजेंगे साथ ही इस गाने को चार्टबस्टर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी गाने अपने दर्शकों के लिए बनाते हैं और यह गाना भी उन्हीं को समर्पित है। अक्सर लड़कियों की ख्वाहिश आम जिंदगी में बॉलीवुड स्टार जैसे दिखने की होती है।

माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज

मुंबई, एजेंसी। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज हो गया है। 'रंग डाला रंगदार' होली सांग वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में गोल्डी यादव के साथ माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को होली में रंग गुलाल लगाने की हिदायत दे रही है और उसे होली खेलने का ऑफर भी कर रही है। गाने की वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को ऑफर देते हुए कहती है कि... रंग छोटा लगाइएगा गाल को कवर मत करिएगा लेकिन दिल से मोहब्बत को जता के जाईएगा। इस बात को माही श्रीवास्तव शानदार ठुमका लगाते हुए रंग से सराबोर और सखी सहेलियां के साथ नाचते, गाते हुए कहती है कि... 'होली में तोहरा के देत बानी ऑफर, छोटा लगाइहा गाल करब ना काभर, दिल के मोहब्बत तू जता के जइहा हो, ये इयार रंगदार रंग लगा के जइहा हो...' इस गाने को लेकर निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि फागुन का महीन अब बस शुरू होने ही वाला है। जिसमे हर तरफ रंग और गुलाल उड़ता हुआ नजर आएगा। ऐसे में लोगों को फागुन के गीत सुनना बहुत पसंद आते हैं इसी त्योहार को ध्यान में रखते हुए हमने होली के गीत रिलीज करने शुरू कर दिए हैं जिससे दर्शकों की होली इस बार और भी रंगीन हो जाए। गाने को दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जो दर्शकों को अभी से पसंद भी आ रहा है। वही माही श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे गाने में काम करके बहुत मजा आया है क्योंकि होली मेरा फेवरेट त्योहार है। इस गाने में मैंने होली आने से पहले ही होली का आनंद ले लिए। वन में सभी एक दूसरे को रंग लगा रहे हैं। गाना परफॉर्म करते समय पता ही नहीं चला कि हम शूट पर हैं।

छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाएंगे रितेश देशमुख

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रितेश देशमुख, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। रितेश देशमुख फिल्म 'राजा शिवाजी' का निर्देशन करने जा रहे हैं, जबकि जेनेलिया देशमुख, ज्योति देशपांडे फिल्म की प्रोड्यूसर हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया गया है। रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म 'राजा शिवाजी' की अनाउंसमेंट की। साथ ही कैप्शन में मराठी में लिखा गया है, इतिहास के गर्भ में एक ऐसी शख्सियत ने जन्म लिया जिसका अस्तित्व नश्वरता से भी आगे निकल गया। एक छवि, एक किंवदंती, जो ज्वलंत प्रेरणा की एक शाश्वत भट्टी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज.. सिर्फ एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हैं। ये साढ़े तीन सौ साल की एक अनुभूति है, असाधारण वीरता की एक चिंगारी है.. हर किसी के दिल में उगता हुआ आशा का एक महान सूरज है। शिव राय की महागाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करना हमारी प्रबल महत्वाकांक्षा थी। एक शानदार बेटे की महाकाव्य यात्रा जिसने एक विशाल शक्ति को उखाड़ फेंका और स्वराज्य की लौ जलाई. एक योद्धा, जहां बहादुरी की कोई सीमा नहीं होती. जिन्होंने ज़मीन पर नहीं बल्कि रैयतों के दिमाग पर शासन किया...और इसलिए सभी के मुखी का नाम... 'राजा शिवाजी।

निरहुआ-आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पूर्वांचल वेब सीरीज का निर्माण यशी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से हुआ है। यह फिल्म 21 फरवरी को ओटीटी ऐप चौपाल पर रिलीज की जाएगी। इसे लेकर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व वेब सीरीज है जिसकी कहानी सत्य घटनाओं से प्रेरित कहा जा सकता है। यह पूर्वांचल के लोगों की अपनी कहानी है। इसलिए हम पूर्वांचल की जनता से आग्रह करेंगे की विशेष कर अपनी इस कहानी को जरूर देखें और अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अभय सिन्हा की पहल पर इस वेब सीरीज का निर्माण हुआ है और हम इसकी सराहना भी करते हैं कि उन्होंने भोजपुरी में भी एक शानदार शुरुआत की है, क्योंकि जिस दौर में दुनिया भर में सिनेमा आ चुकी है, उसे दौर में अब भोजपुरी काफी पदार्पण इस सीरीज के माध्यम से हो रहा है यह हम सबों के लिए गर्व की बात है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

मनमोहक

गुवाहाटी में सोमवार को आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार। ● एजेंसी

ब्रिटेन के स्कूलों में मोबाइल प्रतिबंधित

लंदन, एजेंसी: ब्रिटेन सरकार ने अधिकारियों को विद्यार्थियों के व्यवहार, ध्यान को बेहतर बनाने, सीखने में व्यवधान को रोकने तथा बच्चों को साइबरबुलिंग और चिंता से बचाने के लिए हर स्कूल में मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए दिशानिर्देश जारी हुआ है, जिसमें स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश हैं। स्कूल को मोबाइल फोन के प्रयोग पर रोक लगानी चाहिए, न केवल कक्षाओं के दौरान बल्कि ब्रेक और दोपहर के भोजन के समय भी।

कटरा से बारामूला तक विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

श्रीनगर, एजेंसी

● परियोजना पूरा होने से जम्मू से श्रीनगर साढ़े 4 घंटे में जा सकेंगे

● संगलदान से बनिहाल तक 16 पुल, जिनमें 11 प्रमुख

जम्मू-कश्मीर में पहली विद्युत चालित ट्रेन मंगलवार से शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू में एक जनसभा में कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली श्री माता वैष्णो देवी कटरा से बनिहाल के बीच के 111 किलोमीटर के निर्माणाधीन खंड में बनिहाल से खड़ी, सुंबड़ के रास्ते संगलदान तक 48 किलोमीटर के खंड के साथ ही संगलदान से बारामूला तक करीब 185 किलोमीटर की लाइन के विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे और घाटी की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। नई लाइन के चालू होने और विद्युतीकृत ट्रैक के उद्घाटन के साथ ही अब कश्मीर घाटी में बारामूला से संगलदान तक 20 स्टेशनों वाले इस सेक्शन में स्वच्छ ईंधन से रेल परिवहन का नया इतिहास लिखा जाएगा। श्रीनगर होते हुए बारामूला तक लगभग 138 किलोमीटर का खंड तथा ऊधमपुर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक 23 किमी का खंड पहले ही बन चुका है।

रामबन जिला मुख्यालय के पास स्थित शहर संगलदान से बनिहाल के खंड में कुल 16 पुल हैं, जिनमें 11 प्रमुख पुल, 4 छोटे पुल और 1 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) शामिल हैं। इस खंड का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सुरंगों में है, जिसमें कुल 11 सुरंगें हैं जो 43.37 किलोमीटर की लंबाई में हैं, जिसमें देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग, टी -50 भी शामिल है, जो खड़ी-सुम्बर खंड में 12.77 किलोमीटर लंबी है।

सुरक्षा और बचाव के लिए, 3 एस्केप सुरंगें हैं, जिनकी कुल लंबाई 30.1 किमी है। इस खंड में 23.72 किमी तक फैले 30 मोड़ शामिल हैं। यात्री सुरक्षा और आराम को और बढ़ाने के लिए, कई उन्नत सुविधाओं को शामिल किया गया है।

एक नजर

पूर्वी अफगानिस्तान में भूस्खलन से 5 की मौत

इस्लामाबाद। पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण हुए भूस्खलन के चलते दूरदराज के एक गांव में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 25 लोग लापता हैं। नूरिस्तान प्रांत में तालिबान द्वारा नियुक्त सूचना एवं संस्कृति निदेशक समीउलहक हकबयान के अनुसार, रविवार रात हुए भूस्खलन के कारण नूरग्राम जिले में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए।

आतंकियों से फिलिपीनी सैनिकों की झड़प में 8 मरे

फिलीपीन। सैनिकों की दक्षिणी क्षेत्र के कोहरे से ढके अंदरूनी इलाकों में उग्रवादियों से झड़प हो गई जिसमें कम से कम सात सैनिक और दो विद्रोही मारे गए। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना प्रमुख जनरल रोमियो ब्राउनर जूनियर ने कहा कि लानाओ डेल नॉर्ट प्रांत के मुनाई शहर के पास इस्लामिक स्टेट समूह से संबंधित एक छोटे समूह दौला इस्लामिया के लड़ाकों के खिलाफ रविवार को सेना के हमले में चार अन्य सैनिक घायल हो गए। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि सैनिक अभी भी उग्रवादियों की तलाश कर रहे हैं जो घटना स्थल से भाग गए।

धार्मिक टिप्पणी की आरोपी शिक्षिका के खिलाफ प्रदर्शन

मंगलुरु। विहिप और बजरंग दल ने सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सोमवार को घंटाघर के पास विरोध-प्रदर्शन किया। शिक्षिका ने कक्षा में पढ़ाने के दौरान हिंदू धर्म के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के बाहर विरोध-प्रदर्शन करने के लिए भाजपा विधायकों, वेदव्यास कामत और वाई. भरत शेट्टी, विहिप नेता शरण पंपवेल और पार्षदों भरत और संदीप गरोड़ी के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की भी मांग की। आरोप है कि सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका प्रभा ने कक्षा में रवींद्रनाथ टैगोर की कविता 'कार्य ही पूजा है' पढ़ाते समय हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने जांच लंबित रहने तक उनके पद से हटा दिया था।

3 बच्चों संग महिला कुएं में कूदी, बच्चों की हुई मौत

सराईकेला, एजेंसी। झारखंड के सराईकेला-खरसावां जिले में पारिवारिक झगड़े के कारण महिला अपने बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। इस हादसे में महिला के तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि ग्रामीणों ने महिला को कुएं से बाहर निकाल लिया। महिला की पहचान पूजा महतो के रूप में हुई है। उसे ग्रामीणों ने कुएं से बाहर निकालकर खरसावां के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। लोहरदगा जिले की रहने वाली पूजा का शनिवार को अपने पति से मायके जाने को लेकर विवाद हुआ था।

पीटीआई ने कहा- सुन्नी इत्तेहाद में निर्दलीय होंगे शामिल

चुनावी परिणाम से पाकिस्तान में त्रिशंकु संसद की स्थिति, निर्दलियों को अधिसूचना के 3 दिन में पार्टी में शामिल होना था

इस्लामाबाद, एजेंसी



जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सोमवार को कहा कि आठ फरवरी को हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। मुस्लिम बहुल देश में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का एक गठबंधन है जो सुन्नी इस्लाम के मत के अनुयायियों का प्रतिनिधित्व करता है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर खान ने कहा नेशनल असेंबली, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं में हमारे उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। पीटीआई द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने संसद में अधिकतम सीटें जीती हैं लेकिन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने घोषणा की है कि वे 8 फरवरी के चुनावों के परिणाम के बाद गठबंधन सरकार बनाएंगे। चुनाव के परिणाम के बाद देश में त्रिशंकु संसद की स्थिति बन गई। चुनाव में जीत दर्ज करने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को परिणामों की अधिसूचना के तीन दिनों के भीतर एक पार्टी में शामिल होना था। पीएमएल-एन और पीपीपी द्वारा चुनाव के बाद गठबंधन का मतलब यह हो सकता है कि पीटीआई अगली संघीय सरकार बनाने में सक्षम नहीं होगी।

खान की पार्टी ने आरोप लगाया कि दोनों प्रतिद्वंद्वी दल जनादेश को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। खान की संकटग्रस्त पार्टी को शनिवार को उस समय बड़ा हौसला मिला जब रावलपिंडी में चुनाव प्रक्रिया के प्रभारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया कि चुनाव में धांधली हुई है। पीटीआई ने मतदान में धांधली के आरोप लगने पर रविवार को चुनाव परिणामों में हेरफेर की न्यायिक जांच की मांग की। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में नेशनल असेंबली की 93 सीटें जीती। पीएमएल-एन ने 75 सीटें जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी अपनी 17 सीटों के साथ उनका समर्थन करने पर सहमत है। पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 265 सीटों में से 133 सीटों पर जीत दर्ज करना जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव रद करने की याचिका लगाने वाले को फटकारा

इस्लामाबाद। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कथित धांधली के कारण चुनावों को अमान्य घोषित करने की अपील करने वाले याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी को सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित नहीं रहने पर कड़ी फटकार लगाई और तलब किया। डान अखबार की खबर के मुताबिक प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अगुवाई वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अली खान की याचिका पर सुनवाई की लेकिन याचिकाकर्ता अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली भी शामिल थे। अदालत ने कहा, "क्या याचिका केवल प्रचार के लिए दायर की गई थी? इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। हम उच्चतम न्यायालय का गलत तरीके से इस्तेमाल नहीं होने देंगे।" पीठ ने यह भी कहा कि याचिका 12 फरवरी को दायर की गई थी लेकिन मीडिया में इसकी रिपोर्ट पहले ही आ गई थी।

सेना में महिलाओं को उच्च पद देने से जुड़ी नीति 31 मार्च तक

नई दिल्ली, एजेंसी

● पीठ ने केंद्र से अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा

केंद्र ने उच्चतम न्यायालय को सोमवार को बताया कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों को उच्चतर पद दिये जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आर बालासुब्रमण्यन की दलील पर गौर किया और निर्देश दिया कि एक अप्रैल तक एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए।

पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। बालासुब्रमण्यन ने पीठ से कहा, ''महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति और नियमित बड़ी इकाई में कमान सौंपे जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी।'' कुछ महिला अधिकारियों का न्यायालय में प्रतिनिधित्व कर रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहन ने कहा कि पदोन्नत किये गए सभी 225 पुरुष अधिकारियों को नियमित बड़ी इकाइयों में कमान सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि 108 महिला अधिकारियों में से केवल 32 को नियमित इकाइयों में कमान सौंपी गई है। पिछले साल चार दिसंबर को शीर्ष अदालत को बताया गया था कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति के मुद्दे का हल करने के लिए एक नीति तैयार करने और कर्नल से ब्रिगेडियर रैंक पर उनकी पदोन्नति पर विचार करने का कार्य जारी है। उस वक्त शीर्ष अदालत ने सेना को एक नीति तैयार करने के लिए 31 मार्च 2024 तक का समय दिया था।

हूती विद्रोहियों के हमले में बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान

दुबई, एजेंसी

● अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया

लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाले बाब अल-मनदेब जलडमरूमध्य में हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में मध्य अमेरिकी देश बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते चालक दल के सदस्यों को जहाज खाली करना पड़ा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने बताया कि रविवार को हूती विद्रोहियों के हमले की चपेट में आए जहाज को काफी नुकसान हुआ है। केंद्र ने कहा, सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि चालक दल ने जहाज खाली कर दिया है। जहाज को किनारे लाकर खड़ा कर दिया गया है और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हूती ब्रिगेडियर जनरल याहया सारी ने एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि जहाज पर अब डूबने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, जहाज को भीषण नुकसान हुआ है और उसे पूरी तरह से रोक दिया गया है। अभियान के दौरान हमने चालक दल की जहाज से सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की।

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया है। हालांकि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी बलों ने तत्काल इस दावे की पुष्टि नहीं की है। हूती विद्रोही इससे पहले अमेरिकी ड्रोन को मार गिरा चुके हैं। सारी ने दावा किया कि एक अन्य हमले में हूती बलों ने लाल सागर से लगे यमन के हुदैदा बंदरगाह के निकट एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि हूती "वायु रक्षा बलों ने यहूदियों के इशारे पर हमारे देश के खिलाफ शत्रुतापूर्ण मिशन को अंजाम देने जा रहे अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 को मिसाइल के जरिए मार गिराया।

पकिस्तान में संगीत कार्यक्रम में पथराव

लाहौर। पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान कट्टरपंथी छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने इस्लामी नारे लगाते हुए प्रतिभागियों पर पथराव किया। घटना रविवार शाम पत्रकारिता विभाग के बाहर हुई, जहां 180 से अधिक छात्र-छात्राएं और शिक्षक रात्रिभोज के लिए एकत्र हुए थे। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार एक छात्र पंजाब विश्वविद्यालय के संचार अध्ययन विद्यालय में अपने हार्मोनियम के साथ प्रख्यात गायक नुसरत फतेह अली खान के गीत पर प्रस्तुति दे रहा था, तभी कट्टरपंथी इस्लामी जमीयत तुलेबा (आईजेटी) के करीब 10 सदस्यों का समूह वहां पहुंचा और प्रतिभागियों पर पथराव कर दिया उन्होंने कहा कि हमलावरों ने इस्लामी नारे लगाए।

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत में तलब

इस्लामाबाद, एजेंसी

● लापता बलोच छात्रों के मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट के निर्देश

● दूसरी बार पेश नहीं होने पर न्यायाधीश ने जताई नाराजगी

पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ को कई लापता बलोच छात्रों से संबंधित मामले में दूसरी बार पेश होने में विफल रहने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मोहसिन अख्तर कयानी ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अदालत में आने को अपमान नहीं समझना चाहिए। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, न्यायाधीश ने कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अगली सुनवाई के लिए कराची नहीं जाना चाहिए, बल्कि इस अदालत के सामने पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को इसलिए बुलाया गया क्योंकि वह जवाबदेह हैं। उच्च न्यायालय ने सुनवाई 28 फरवरी तक के लिए स्थगित करते हुए काकड़ को फिर से तलब किया। यह दूसरी बार है जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पिछले साल नवंबर में अदालत ने सरकार को लापता छात्रों को सात दिन के भीतर बरामद करने का निर्देश दिया था।

नाबालिग के अपहरण की जांच सीबीआई को

नई दिल्ली, एजेंसी : पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले से नाबालिग लड़की के कथित अपहरण की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई है, जिसमें सत्तारूढ़ दल के पदाधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर एजेंसी कार्रवाई कर रही है जहां 14 वर्षीय लड़की के माता-पिता ने एक याचिका में आरोप लगाया था कि उनकी बेटी नौ अगस्त, 2023 को शाम छह बजे पढ़ाई करने के लिए घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं आई। माता-पिता ने कहा कि स्थानीय पुलिस जांच करने में आनाकानी कर रही थी लेकिन काफी आग्रह के बाद उसने मामला दर्ज कर लिया पर इस मामले में ज्यादा प्रगति नहीं हुई है।

भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामदगी पर जमानत में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतों को ऐसे मामले में आरोपी को नियमित जमानत देने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, जिसमें भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया हो और खासकर तब जब आरोपी का कथित तौर पर आपराधिक इतिहास हो। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें 232.5 किलोग्राम गांजा की कथित जब्ती से संबंधित एक मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस बात पर विचार करने में विफल रहा कि आरोपी का आपराधिक इतिहास था और उसे पहले से ही स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। पीठ ने 12 फरवरी को पारित अपने आदेश में कहा कि इतनी भारी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी के मामले में, अग्रिम जमानत की तो बात छोड़िए, अदालतों को आरोपी को नियमित जमानत देने में धीमी गति से काम करना चाहिए, खासकर तब जब आरोपी का आपराधिक इतिहास हो। अदालत उच्च न्यायालय के जनवरी 2022 के आदेश के खिलाफ तमिलनाडु राज्य द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसने एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी थी।

इजराइल-हमास युद्ध में अब तक 29 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत

रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी

● गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया खुलासा, मरने वालों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में 29 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास के शासन वाले गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते 24 घंटे में 107 शव अस्पतालों में लाए गए हैं, जिसके बाद युद्ध शुरू होने से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 29,092 हो गई है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि कितने आम लोग और कितने लड़ाके मारे गए हैं। हालांकि उसने बताया कि मारे गए लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि 69 हजार से अधिक फलस्तीनी घायल हुए हैं। सात अक्टूबर को हमास के चरमपंथियों ने दक्षिण इजराइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1,200 के आसपास लोग मारे गए थे, जबकि करीब 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था।

अट्टुकल पोंगाला उत्सव

तिरुवनंतपुरम में सोमवार को अट्टुकल पोंगाला उत्सव से पहले बच्चे अटुकल भगवती मंदिर में कुथियोट्टम अनुष्ठान करते हुए। ● एजेंसी

नई खोज एक अदृश्य चंद्रमा क्षुद्रग्रह के छल्लों की रचना करता है, शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने

किसी क्षुद्रग्रह के भी होते है शनिग्रह के समान छल्ले

संवाददाता, नैनीताल



अमृत विचार : किसी क्षुद्रग्रह के शनिग्रह के समान छल्ले (वलय) भी हो सकते हैं। यह हैरान करने वाली खबर है। वैज्ञानिकों को इस क्षुद्रग्रह पता 2013 में चल गया था। मगर इसके छल्लों का रहस्य अब उजागर हो पाया है। नई खोज के अनुसार एक अदृश्य चंद्रमा इस क्षुद्रग्रह के छल्ले बनाने में मदद कर रहा है।

चारिक्लो एक छोटी सी दुनिया है, जो मात्र 320 किमी से भी कम चौड़ी है। यह अन्य क्षुद्रग्रह की तरह ही है और शनि व यूरेनस के बीच परिक्रमा करता है। चारिक्लो के दो पतले छल्ले हैं, जिनकी चौड़ाई केवल कुछ मील की है। वर्ष 2013 में इसे खोजा गया था। तब से वैज्ञानिक इस बात पर हैरान थे कि इस

क्षुद्रग्रह के छल्ले कैसे बने होंगे और वह किस तरह का व्यवहार करते हैं। इसका पता लगाने के लिए टक्सन, एरिज़ोना में प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट और सैन एंटोनियो, टेक्सास ट्रिनिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दाफाश किया है। उनका कहना है कि इसका एक छोटे से आकर का अदृश्य चंद्रमा है। शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि वे संभवतः पानी की बर्फ से बने हैं। लाखों वलय कणों का मॉडलिंग करके निर्धारित किया कि एक छोटा सा चंद्रमा उन्हें बनाए रखने में मदद कर सकता है।

शनि ग्रह की पतली एफ रिंग भी इसी तरह की है। चारिक्लो के चारों ओर दो पतले छल्लों की खोज अपनी तरह की पहली आश्चर्यजनक खोज है। नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए यह रहस्य उजागर हो सका। पिछले साल वेब को इसकी जांच को लगाया गया था और जो डेटा हासिल प्राप्त हुआ, उसीसे वैज्ञानिक इस निष्कर्ष तक पहुच पाए।

1600 के दशक में पहली बार दूरबीन से देखे गए थे शनिग्रह के छल्ले

नैनीताल : हमारे सौर मंडल में गैस के विशाल ग्रहों में रिंग सिस्टम हैं। जिनमें शनि की वलय प्रणाली को 1600 के दशक में दूरबीन से पहली बार देखा गया था। 1970 और 80 के दशक में नासा के वोयाजर अंतरिक्ष यान ने बृहस्पति और नेपच्यून के छल्ले देखे। 1977 में यूरेनस के छल्ले देखे गए थे। हमारे सौर मंडल में सभी चार गैस विशाल ग्रह को वलय के रूप में जाना जाता है।

'रॉ' से जुड़े आलेख हटाने वाली याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी

● दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा-राष्ट्रीय सुरक्षा में नहीं देंगे दखल

दिल्ली हाईकोर्ट ने ऑनलाइन समाचार पत्रिका में प्रकाशित उस आलेख को 'ब्लॉक' करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका रद कर दी, जिसमें गुप्तचर एजेंसी 'रॉ' के लिए काम करने वाले अधिकारियों की कथित तौर पर पहचान जाहिर की गई है। 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के ये अधिकारी अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन स्थित भारतीय राजनयिक मिशन में पदस्थ हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े क्षेत्रों में दखल नहीं देना चाहिए।

अदालत ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकने वाले किसी भी आलेख को 'ब्लॉक' करने की शक्ति व प्राधिकार भारत सरकार के पास मौजूद है। याचिका में, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) को यह दिशानिर्देश तैयार करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि कोई मीडिया संस्थान भारतीय गुप्तचर एजेंसी के लिए काम करने के वास्ते विदेश में तैनात किसी सरकारी अधिकारी या राजनयिक से जुड़ी जानकारियां प्रकाशित न करे। याचिका में, केंद्र को 30 नवंबर 2023 के 'यूआरएल' (वेब पता) को 'ब्लॉक' करने के लिए निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता एवं वकील राघव अवस्थी द्वारा किये गए दावे अनुमान पर आधारित हैं। अदालत ने कहा कि भारत सरकार के पास ऐसे किसी आलेख को ब्लॉक करने की पूरी शक्ति एवं प्राधिकार है जो राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाते हों...अदालत इस क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। पीठ ने कहा कि भारत सरकार और इसके विदेशी समकक्षों के बीच मुद्दों का निपटारा सावधानीपूर्वक करना होगा, क्योंकि ये दो देशों के बीच संबंधों पर आधारित हैं। आलेख प्रथम दृष्टया अधिकारियों के करियर को नुकसान नहीं पहुंचाता है, न ही उनके परिवार के जीवन को खतरे में डालता है। याचिका रद की जाती है।